माघ मास, शुक्ल पक्ष 9, वर्ष 11, अंक 352, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, सोमवार, 30 जनवरी, 2023

जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अंदर - गांधी आज भी लड़ रहे हैं

अन्दर : ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज तक फिट हो सकते हैं बुमराह

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री की गोली मारकर हत्या

सुरक्षा में तैनात पुलिस अफसर ने मारी थी गोली, गिरफ्तार, भुवनेश्वर के अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास ने रविवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्हें दोपहर 1 बजे झाड़सुगड़ा के ब्रजराजनगर में एक अरकने गोली मार दी थी। दास को सीने में दो गोली लगी थी, जिसके बाद उन्हें एअरलिफ्ट करके इलाज के लिए भुवनेश्वर के अपोलो अस्पताल लाया गया था।

घटना के दौरान मंत्री ब्रजराजनगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। कार की अगली सीट पर बैठे दास अपने समर्थकों से मिलने के लिए जैसे ही नीचे उतरे अरकने उनके सीने में दो गोली दाग दी। खून से लथपथ दास कार के पास ही गिर पड़े। घटनास्थल पर मौजूद उनके समर्थकों ने उन्हें पकड़ा और एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल भेजा। कुछ देर बाद उन्हें एअरलिफ्ट कर भुवनेश्वर के अपोलो अस्पताल लाया गया। घटना के करीब 7 घंटे बाद दास की मौत हो गई। इससे पहले मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी दास से मिलने अस्पताल पहुंचे थे।

उधर, पुलिस ने फायरिंग करने वाले अरक गोपालदास को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है, लेकिन अभी तक आरोपी ने हमले की वजह नहीं बताई है। इधर, राज्य सरकार ने मामले की जांच सीआईडी-क्राइम ब्रांच को दे दी है। 7 सदस्यीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम में साइबर, बैलिस्टिक और क्राइम ब्रांच के अधिकारी शामिल हैं। टीम का नेतृत्व ऊढ रमेश सी डोरा कर रहे हैं।

आई विटनेस एडवोकेट राम मोहन राव ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री नब दास कार्यक्रम में चीफ गेस्ट थे। जब वो पहुंचे तो उनके स्वागत के लिए भीड़ जमा हो गई। तभी उन पर किसी ने गोली चला दी। हमने देखा एक पुलिसकर्मी पास से गोली चलाकर भाग रहा था।

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो- मंत्री पर फायरिंग करने वाला अरकगोपाल दास मानसिक रूप से बीमार है, जिसका वो 7-8 साल से इलाज करा रहा है। यह बात गोपाल की पतनी जयंती ने कही है। जयंती का कहना है कि दवा लेने के बाद ही गोपाल सामान्य व्यवहार करता है। उन्होंने कहा- मुझे घटना की जानकारी न्यूज से ही मिली थी। वो पांच महीने पहले घर आया था। रविवार सुबह मेरी और बेटी की उससे वीडियो कॉल पर बात हुई थी। इसके बाद बात नहीं हुई। नब किशोर दास 2015 में विधानसभा सत्र के दौरान पोर्न देखते पकड़े गए थे। इसके बाद तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष निरंजन पुजारी ने उन्हें एक हफ्ते के लिए निलंबित कर दिया था। इस मामले में नब किशोर ने कहा था कि मैंने अपने जीवन में आज तक कोई भी एडल्ट वीडियो नहीं देखा है। यह इंटरनेट का इस्तेमाल करने के दौरान गलती से हो गया। जैसे ही मुझे पता चला, मैंने उसी समय इसे बंद कर दिया था।

मचा हड़कंप

झारसुगुड़ा जिले के एक कार्यक्रम में पहुंचे थे मंत्री

नब किशोर दास के कार से उतरते ही मारी गोली

एएसआई की पत्नी का दावा मानसिक बीमारी का इलाज करा रहा था पति

ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास को गोली लगने के बाद अस्पताल पहुंचे सीएम बीजू पटनायक, (मंत्री की फाइल फोटो)

सीएम नवीन पटनायक ने की हमले की निंदा

भुवनेश्वर। ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक ने स्वास्थ्य मंत्री पर हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा- हमले की खबर सुनकर स्तब्ध हूं, उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। क्राइम ब्रांच को जांच करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों को घटनास्थल पर जाने के लिए कहा गया है।

झारसुगुड़ा सीट से लगातार तीसरी बार विधायक

नब किशोर दास ने ओडिशा की झारसुगुड़ा सीट से 2004 में पहली बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए। इसके बाद 2009 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीते। 2014 में भी कांग्रेस से जीते। साल 2019 का चुनाव वे बीजू जनता दल से लड़कर लगातार तीसरी बार इसी सीट से विधायक चुने गए। नब किशोर दास को क्षेत्र में प्रभावशाली नेता माना जाता है।

ओडिशा के सबसे अमीर मंत्रियों में से हैं नब किशोर

नब किशोर ओडिशा सरकार के सबसे अमीर मंत्रियों में से एक हैं। उनके पास संबलपुर, भुवनेश्वर और झारसुगुड़ा के कई बैंकों में 45.12 लाख रुपए से अधिक रकम जमा है। ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री के पास 15 करोड़ की कीमत के करीब 70 से अधिक वाहन हैं, जिसमें 1.14 करोड़ की एक मर्सिडीज बेंज भी शामिल है।

1 करोड़ का सोना दान कर सुर्खियों में आए थे

दास को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का बेहद करीबी नेता माना जाता है। इसलिए कांग्रेस से जब वे बीजू जनता दल में आए तो पटनायक ने उन्हें स्वास्थ्य मंत्रालय का अहम जिम्मा सौंपा। दास हाल ही में भारी-भरकम दान कर सुर्खियों में आए थे। उन्होंने महाराष्ट्र के एक मंदिर में एक करोड़ रुपए से अधिक का सोने का कलश दान किया था। दास ने महाराष्ट्र के शनि शिंगणापुर मंदिर को 1.7 किलोग्राम सोने और 5 किलोग्राम चांदी से बने कलश दान किए थे जो देश के प्रसिद्ध शनि मंदिरों में से एक है।

बेकाबू ट्रक ने दस को रौंदा, चार की मौत

लखनऊ। लखीमपुर खीरी जिले में हुए भीषण ट्रक हादसा हो गया। बेकाबू ट्रक ने दस लोगां को रौंद दिया। इनमें से चार लोगों की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है आईजी स्तर के अधिकारी मामले की जांच करेंगे। साथ ही मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार राहत राशि देने का निर्देश दिया है।

लखीमपुर खीरी पीलीभीत-बस्ती मार्ग पर शहर से करीब दस किमी. दूर पनगी खुर्द गांव में शनिवार शाम 7:30 बजे ट्रक ने 10 लोगों को रौंद दिया। इनमें से पांच लोगों की जान चली गई जबकि पांच गंभीर घायल हो गए। ये लोग कुछ ही देर पहले कार की टक्कर से घायल हुए स्कूटी सवार को देखने के लिए जुटे थे। घटना का कारण बना ट्रक बहराइच से लखीमपुर आ रहा था। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई और रास्ते में लंबा जाम लग गया। इस बीच ट्रक चालक वहां से भाग निकला। सूचना पर एसपी गणेश प्रसाद साहा और सीओ सिटी संदीप सिंह भी पहुंचे। अधिकारियों ने चार लोगों की ही मौत की पुष्टि की है।

अखिलेश यादव की नई टीम घोषित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव होता दिख रहा है। समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित कर दी है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीन माह बाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। उपाध्यक्ष पद पर किरणमय नंदा और प्रमुख महासचिव पद पर प्रोफेसर रामगोपाल यादव बरकरार है। यह दोनों पहले भी इसी पद पर थे।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी में 14 महासचिव बनाए गए हैं। इसमें मोहम्मद आजम खान, शिवपाल सिंह यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य, लालजी वर्मा, राम अचल राजभर, अवधेश प्रसाद, इंद्रजीत वर्मा, मधु गुप्ता आदि शामिल हैं। 62 सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जातीय समीकरण का पूरा ध्यान रखा गया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में अभिषेक मिश्रा, पवन पांडे को भी जगह मिली है। इसी तरह पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा, लीलावती कुशवाहा, धर्मेंद्र यादव, जावेद आब्दी, दयाराम पाल आदि को भी शामिल किया गया है। अखिलेश यादव के निर्देश पर कार्यकारिणी सदस्यों के नाम घोषित किए गए हैं। इसमें से कई नाम चौंकाने वाले हैं, लेकिन सबसे अधिक चर्चा जिन नामों पर हो रही है, वे शिवपाल यादव और स्वामी प्रसाद मौर्य के नाम हैं। शिवपाल यादव ने पिछले दिनों अपनी पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का सपा में विलय कराया था। समाजवादी पार्टी में आने के बाद से उनको कोई पद न मिलने की बात लगातार उछाली जा रही थी। विवाद गरमाने के बाद अखिलेश यादव ने शिवपाल यादव के आवास पर जाकर उनसे मुलाकात की थी। अब उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी में स्थान मिल गया है। अखिलेश यादव को राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने के बाद कई प्रकार की चचाएं शुरू हो गई है। यूपी के राजनीतिक गलियारों की गतिविधि पर पैनी नजर रखने वाले राजनीतिक पंडितों की मानें तो शिवपाल यादव घाटे के सौदे में चले गए हैं। कभी समाजवादी पार्टी में नंबर दो की भूमिका में रहने वाले शिवपाल को अखिलेश की कार्यकारिणी में पांचवें नंबर पर रखा गया है। इसी को लेकर बहस शुरू हुई है।

सपा में बदलाव

शिवपाल यादव, स्वामी प्रसाद मौर्य और आजम खां बनाए गए राष्ट्रीय महासचिव

बैंक कर्मचारियों की हड़ताल स्थगित

मुंबई। बैंक कर्मचारियों की ओर से 30 व 31 जनवरी की हड़ताल वापस लेने का आह्वान किया गया है। पांच दिन के सप्ताह पर चर्चा और केंद्रीय स्तर पर अन्य मुद्दों पर चर्चा के बाद हड़ताल वापस ले ली गई है। शनिवार को मुंबई में हुई एक बैठक में हड़ताल को स्थगित कर दिया गया। बैंक कर्मचारी संघ के अखिल भारतीय महासचिव सी.एच.वेंकटचलम ने यह जानकारी दी है. 30 व 31 जनवरी को बैंकों का कामकाज पहले की तरह चलता रहेगा। बता दें कि अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में बैंक यूनियन की हड़ताल 30 और 31 जनवरी को होने वाली थी। इसको लेकर कुछ दिन पहले विरोध प्रदर्शन भी हुए थे। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डी.एन.त्रिवेदी ने कहा कि शुक्रवार को सकारात्मक चर्चा के बाद यह फैसला लिया गया है।

विजय चौक पर 'बीटिंग द रिट्रीट' समारोह

नई दिल्ली। दिल्ली के विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश के तमाम बड़े नेता शामिल हुए। बता दें कि बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी गणतंत्र दिवस समारोह का औपचारिक रूप से अंत माना जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को तीनों सेनाओं की सलामी से हुई। तीनों सेना के प्रमुखों ने राष्ट्रपति को सलामी दी।

भारतीय शास्त्रीय रागों पर आधारित भारतीय धुनें और ड्रोन शो बीटिंग रिट्रीट समारोह के मुख्य आकर्षण में से एक रहीं। मूसलाधार बारिश के बीच सेना, नौसेना, वायु सेना और राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के संगीत बैंडों द्वारा 29 मनोरम, पैर थिरकाने वाली भारतीय धुनें बजाई गईं। बीटिंग रिट्रीट समारोह में सैन्य बैंड ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर नौसेना बैंड ने एकला चलो रे का प्रदर्शन किया, जिसने लोगों का मन मोह लिया। बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी के दौरान नॉर्थ और साउथ ब्लॉक के अग्रभाग पर पहली बार 3डी एनामॉर्फिक प्रोजेक्शन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का समापन ह्यसारे जहां से अच्छा की सदाबहार धुन के साथ हुआ। देश के सबसे बड़े ड्रोन शो का गवाह यह कार्यक्रम बना। इसमें 3,500 स्वदेशी ड्रोन शामिल हुए। ड्रोन शो ने रायसीना हिल्स पर आकाश को रोशन किया। राष्ट्रीय आकृतियों के असंख्य रूपों का प्रदर्शन हुआ। समारोह के मुख्य संचालक फ्लाइट लेफ्टिनेंट लीमापोकपम रूपचंद्र सिंह रहें। जबकि सूबेदार मेजर दिग्गर सिंह ने आर्मी बैंड का नेतृत्व किया। वहीं नौसेना और वायु सेना के बैंड का नेतृत्व कमांडर एम एंथोनी राज और वारंट ऑफिसर अशोक कुमार ने किया। राज्य पुलिस और सीएपीएफ बैंड का नेतृत्व सहायक उप निरीक्षक प्रेम सिंह ने किया। बता दें कि यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली के प्रेसिडेंट साबा कोरोसी इस बार के बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी में शामिल हुए।

आयोजन

समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी भी मौजूद

बीटिंग रिट्रीट गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक

संसद सत्र में महंगाई, रोजगार पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

नई दिल्ली। संसद के 31 जनवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र में सरकार की नजर राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और वित्त वर्ष 2023-24 के आम बजट आदि पर सुचारू रूप से चर्चा कराने पर रहेगी लेकिन महंगाई, रोजगार, चीन के साथ सीमा विवाद, अर्थव्यवस्था, सेंसरशिप सहित अन्य मुद्दों पर विपक्ष के हमलावर रुख को देखते हुए बजट सत्र के हंगामेदार होने की पूरी संभावना व्यक्त की जा रही है।

ऐसे में सरकार ने बजट सत्र से पहले विभिन्न विषयों पर आम राय बनाने के लिये 30 जनवरी को राजनीतिक दलों के सदन के नेताओं की सर्वदलीय बैठक बुलायी है। सूत्रों ने बताया, ह्यह्ययह बैठक संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी द्वारा संसदीय ग्रंथालय भवन में 30 जनवरी को बुलाई गयी है। कांग्रेस चीन के मुद्दे पर चर्चा चाहती है तो वहीं तृणमूल कांग्रेस, वामदलों, आरएसपी सहित कई विपक्षी दलों ने संसद सत्र के दौरान महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों, केंद्र-राज्य संबंध आदि पर सरकार को घेरने का इरादा जताया है। तृणमूल कांग्रेस ने सत्र के दौरान केंद्र राज्य संबंध, बीबीसी के विवादास्पद वृतचित्र की पृष्ठभूमि में सेंसरशिप का मुद्दा उठाने पर जोर दिया है। इस बारे में पूछे जाने पर संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'भाषा' से कहा, ह्यह्य बजट सत्र के पहले हिस्से में राष्ट्रपति का अभिभाषण और उनके अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी । आम बजट पेश किया जायेगा। यह काफी महत्वपूर्ण सत्र है, हम सभी दलों का सहयोग चाहते हैं। विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों के संबंध में उन्होंने कहा कि विपक्ष के मुद्दों पर कार्य मंत्रणा समिति में चर्चा होती है और नियमों के अनुसार उन्हें लिया जाता है। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। इस दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। 31 जनवरी को ही सरकार आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी, 2023 को वित्त वर्ष 2023-24 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र का पहला चरण 13 फरवरी तक चलेगा और दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू होकर छह अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र के दौरान 27 बैठक होंगी। पहले ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति का संयुक्त अभिभाषण नए संसद भवन में होगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हालांकि सभी कयासों पर विराम लगाते हुए हाल ही में ट्वीट कर जानकारी दी है कि नए संसद भवन का कार्य अभी जारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे में राष्ट्रपति का अभिभाषण पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में ही होगा। संसद के बजट सत्र के पहले चरण में विधेयकों पर चर्चा और पारित किये जाने की संभावना कम है। हालांकि सत्र के दूसरे चरण में कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जा सकते हैं। लोकसभा और राज्यसभा के बुलेटिन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 17वीं लोकसभा के दसवें सत्र के अंत में नौ सरकारी विधेयक लंबित थे जबकि राज्य सभा में दो सौ अठावनवें सत्र (2022) के अंत में 26 विधेयक लंबित थे।

बजट सत्र

चीन सीमा विवाद और आर्थिक मुद्दों पर भी होगा हंगामा

राहुल गांधी ने लाल चौक पर फहराया तिरंगा

श्रीनगर। भारत जोड़ो यात्रा अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुकी है। रविवार दोपहर को राहुल गांधी ने लाल चौक पर तिरंगा फहराया। इस दौरान विजयी विश्व तिरंगा प्यारा से श्रीनगर गूंज उठा। आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। पदयात्रा सुबह पंथा चौक से शुरू जो श्रीनगर शहर के बुलेवार्ड रोड पर नेहरू पार्क के पास समाप्त होगी।

तीस जनवरी को एसके स्टेडियम में सार्वजनिक रैली की जाएगी। इसमें 23 विपक्षी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया गया है। इसके बाद यात्रा का समापन होगा। इससे पहले सुरक्षा में चूक के घटनाक्रम के बाद शनिवार को तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुरसू गांव अवंतिपोरा से यात्रा बहाल हुई। इसके बाद यात्रा बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल गैलेंडर पांपोर से होते हुए पंथा चौक पर पहुंची। पुलवामा से पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती, उनकी बेटी इल्तिजा मुफ्ती और पार्टी से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता राहुल के साथ यात्रा में शामिल हुए। इसके अलावा पुलवामा में ही प्रियंका गांधी भी शामिल हुईं। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा कश्मीर में ताजी हवा की सांस की तरह है, क्योंकि इतनी बड़ी संख्या में लोगों को 2019 के बाद पहली बार घरों से बाहर निकलने का मौका मिला है।

केंद्र सरकार ने पांच अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त किया था और उसके बाद इतनी बड़ी संख्या में लोगों को बाहर नहीं आने दिया गया। राहुल के साथ चलना एक शानदार अनुभव था। यह बात महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट के जरिये कही। भारत जोड़ो यात्रा के लिए पहले से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा बलों की ओर से यात्रा के शुरूआती बिंदु तक जाने वाली सभी सड़कों को सील कर दिया गया था।

केवल अधिकृत वाहनों और पत्रकारों को ही यात्रा स्थल तक जाने की अनुमति दी गई। राहुल गांधी के चारों ओर तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा रहा। दक्षिण कश्मीर के चुरसू इलाके में उत्साही समर्थकों ने यात्रा का स्वागत किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक तिरंगे व पार्टी के झंडे लेकर यात्रा में शामिल हुए।

भारत जोड़ो यात्रा

श्रीनगर में विजयी विश्व तिरंगा प्यारा...की रही गूंज

राहुल बोले- 370 पर स्टैंड क्लियर, लोकतंत्र बहाल हो

श्रीनगर। भारत जोड़ो यात्रा के यहां पहुंचने के बाद राहुल गांधी ने कॉन्फ्रेंस में कहा- आर्टिकल 370 पर हमारा स्टैंड क्लियर है। हमारी वर्किंग कमेटी में इसकी चर्चा हुई है, इसके दस्तावेज दिखा दूंगा। हम जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की बहाली चाहते हैं। भाजपा का कहना था कि 370 हटने के बाद यहां सब ठीक हो गया है, लेकिन यहां टारगेट किलिंग हो रही है। लोगों में डर का माहौल है। अगर सब कुछ ठीक है तो अमित शाह जम्मू से श्रीनगर तक पदयात्रा करके दिखाएं। जम्मू कश्मीर में मैंने जो देखा, उससे खुश नहीं हुआ। यहां के लोगों में दुख है। मेरा परिवार कश्मीर से ही निकला है। मेरे पूर्वज यहीं के है। मुझे महसूस हो रहा था कि मैं घर जा रहा हूं। यहां टारगेट किलिंग हो रही है। भाजपा वाले कहते हैं कि 370 हटने के बाद कश्मीर में सब ठीक हो गया। अगर यहां सब ठीक है तो अमित शाह को जम्मू से श्रीनगर तक पदयात्रा करनी चाहिए। विपक्ष में बिखराव नहीं है, सब एकजुट होकर लड़ेंगे। यह इखढ-फरर के खिलाफ विचारधारा की लड़ाई है। मीडिया को जो फोकस विपक्ष पर देना चाहिए, वो देती नहीं। जो हम बोलते हैं, वो मीडिया मिस कर जाती है। यात्रियों ने ईस्ट टू वेस्ट यात्रा के लिए कहा है, लेकिन अभी हमने तय नहीं किया है। तय होते ही बताएंगे। 135 दिन यात्रा थी। यह सिर्फ यात्रा नहीं थी। हम लोगों से जुड़कर उनसे हरसंभव संवाद करना चाहते थे। जम्मू-कश्मीर में जब लोकतंत्र बहाल होगा, तभी यहां की समस्या का समाधान होगा। लद्दाख के लोग भी यही चाहते हैं। मैं नोटबंदी, जीएसटी, चाइना और लोकतंत्र पर बात करना चाहता हूं, लेकिन संसद में वे माइक बंद कर देते हैं। आर्मी के व्यक्ति ने मुझसे कहा था कि लद्दाख में चीन ने 2000 वर्ग किमी एरिया पर कब्जा कर लिया है।

अगर यहां सब ठीक तो शाह जम्मू से श्रीनगर तक पदयात्रा करें

योग और ज्वार-बाजरा से सुधर रही लोगों की सेहत

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को योग और मिलेट्स (ज्वार-बाजार और अन्य मोटे अनाज) में एक समानता ढूंढते हुए कहा कि दोनों दुनिया भर में लोगों के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है और भारत की पहल पर दोनों को ही संयुक्त राष्ट्र में मान्यता मिली है। देशवासियों के नाम अपने मासिक रेडियो प्रसारण प्रधानमंत्री मन की बात की 97वीं कड़ी में श्री मोदी देन कहा, अगर मैं आपसे पूछूं कि योग दिवस और हमारे विभिन्न तरह के मोटे अनाजों - मिलेट्स में क्या मेल है तो आप सोचेंगे ये भी क्या तुलना हुई ? अगर मैं कहूँ कि दोनों में काफी कुछ मेल है तो आप हैरान हो जाएंगे।

दरअसल संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष (2023), दोनों का ही निर्णय भारत के प्रस्ताव के बाद लिया है। उन्होंने दोनों की समानता की व्याख्या का विस्तार करते हुए कहा कि दूसरी बात ये कि योग भी स्वास्थ्य से जुड़ा है और मोटे अनाज भी सेहत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तीसरी बात और महत्वपूर्ण है दोनों ही अभियानों में जन-भागीदारी की वजह से क्रांति आ रही है। मोदी ने कहा कि जिस तरह लोगों ने व्यापक स्तर पर सक्रिय भागीदारी करके योग और फिटनेस को अपने जीवन का हिस्सा बनाया है उसी तरह ज्वार-बाजार को भी लोग बड़े पैमाने पर अपना रहे हैं।

मन की बात

चार साल के बच्चे की निर्मम हत्या

क्रूरता

हत्या करने वाले ने थर्माकोल के डिब्बे में छिपाई लाश

परिजनों का आरोप, पुलिस ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। जैतपुरा थाना के चौकाघाट पुलिस चौकी अंतर्गत गुमशुदा बच्चे की लाश थर्माकोल के डिब्बे में मिली। उसकी निर्मम हत्या कर शव को डिब्बे में छिपाया गया था। इस बात की सूचना मिलने पर क्षेत्र में हड़कम मच गया।

बड़ी संख्या में लोगों ने चौकाघाट पुलिस का घेराव किया। मामले की जानकारी पर मौके पर एसीपी चेतगंज शिवा सिंह भी पहुंची और घटना की जांच पड़ताल की। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया और कड़ाई से पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल किया। वहीं परिजनों का आरोप था कि गुमशुदगी दर्ज करायी गयी लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।



मृतक बच्चे की फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार जैतपुरा थाना अंतर्गत दोषीपुरा निवासी बुनकर मोहम्मद जुनैद का छोटा बेटा अबू इस्माइल (4) शनिवार देर शाम से लापता था। वह अपने घर से चिप्स लेने निकला था, लेकिन नहीं लौटा। परिजनों ने जैतपुरा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज करायी थी। रविवार सुबह जैतपुरा के बुनकर मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दोषीपुरा निवासी शाहिद जमाल (20) अबू इस्माइल को साथ लेकर जाते हुए नजर आया। जिसपर पुलिस ने शाहिद को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की उसने बताया कि अबू इस्माइल को अगवा कर गला दबाकर हत्या कर दी है और शव को थर्माकोल के डिब्बे में डालकर काजीसादुल्लाहपुरा स्थित सिनेमा हॉल के पास की गली में कूड़े के ढेर के समीप फेंक दिया।

सराफा कारोबारी से दो किलो चांदी की लूट

चौबेपुर। चौबेपुर थाना क्षेत्र चौबेपुर बाजार में रविवार को दिन में ही बदमाशों ने सराफ से लूटपाट कर ली और जेवरात समेत अन्य सामान लेकर भाग निकले। मामले की जानकारी होने पर चौबेपुर पुलिस दबिश में जुट गयी है। वहीं मौके पर एसीपी अमित श्रीवास्तव ने घटना के बाबत कारोबारी से पूछताछ की।

नरायनपुर चौबेपुर निवासी दिनेश सेठ की चौबेपुर बाजार में इंडियन बैंक के सामने सराफ की दुकान है। दुकान बंदकर बाजार से बाहर अपने घर बाइक से जा रहा था कि पीछे से आ रहे बाइक सवार दो अज्ञात बदमाश कंधे पर रखे बैग लूटकर भाग गए। बैग में लगभग 2 किलो चांदी के जेवरात और दुकान की चाभी थी। सूचना पर चौबेपुर पुलिस मौके पर पहुंच कर अगल-बगल दुकान में लगे सीसीटीवी को खंगाला। सराफ की तहरीर पर पुलिस आगे की करवाई शुरू कर दी पुलिस का कहना है कि वारदात में बदमाशों ने सटीक रेकी की होगी। मौके पर स्वर्णकार समाज चौबेपुर के अध्यक्ष प्रदीप सेठ राजू नमन जायसवाल नन्हे के साथ अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

संक्षेप

जीआरपी के हत्थे चढ़ा मोबाइल चोर

वाराणसी। कैंट जीआरपी ने रविवार को एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के दो मोबाइल बरामद किये। कैंट जीआरपी प्रभारी हेमंत सिंह ने बताया कि जीआरपी वाराणसी पुलिस उपाधीक्षक सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में कैंट स्टेशन पर चल रहे संदिग्धों की धड़पकड़ के लिए बनायी गयी टीम के तहत रविवार को जीआरपी भदोही चौकी प्रभारी राजेश कुमार सिंह, साहब यादव, यशपाल चौधरी, आरपीएफ के एएसआई धर्मेन्द्र कुमार सिंह व सतीश यादव को मिली सूचना के आधार पर सर्कुलेटिंग एरिया में पानी टंकी के पास से डब्बू उर्फ नवनीत (20) पुत्र रामअवतार निवासी नेवादा रामपुर जौनपुर को गिरफ्तार किया गया, उसके पास से चोरी के दो मोबाइल बरामद किया गया।

कोर्ट के आदेश पर बरामद शराब नष्ट

लोहता। कोर्ट आदेश पर आबकारी अधिनियम के तहत लोहता थाने में दर्ज कुल सात विभिन्न मुकदमों के दौरान पकड़ी गयी देशी और बीयर को एसीपी विदुष सक्सेना, नायब तहशीलदार शालिनी सिंह की देखरेख में थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने जेसीबी से गड्ढा खोदवा कर नष्ट कराया।

घर से निकलीं तीन किशोरियां गायब

वाराणसी। लंका थाना क्षेत्र के मलहिया गांव की रहने वाले तीन किशोरी एक साथ विश्वसुंदरी पुल के नीचे बने पण्डाल में जाने के लिए घर से निकली। जिसके बाद तीनों लौटकर वापस घर नहीं पहुंची। किशोरियों के घर वापस नहीं लौटने पर परीजनों में हड़कंप मच गया है। खोजबीन करने बावजूद तीनों का कोई पता नहीं चलने पर लंका थाने में गुमशुदगी की तहरीर देकर रपट दर्ज कराई है। तीनों एक साथ गांव के स्कूल में कक्षा नौवीं में पढ़ाई करती हैं। इंस्पेक्टर लंका बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि तीनो का पता लगाने के लिए पुलिस टीम जांच में जुटी है।

देशी तमंचा से डराने वाला गिरफ्तार

बड़ागांव। बड़ागांव पुलिस ने शनिवार की देर रात मुखबिर की सूचना पर प्रसादपुर गांव के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से रिवाल्वर बरामद कर जेल भेज दिया। उप निरीक्षक दुर्गेश यादव, विक्रम सिंह गश्त कर रहे थे, तभी सूचना मिली कि प्रसादपुर गांव के समीप रास्ते में आने जाने वाले लोग को एक मनबढ़ असलहा लेकर धमकी दे रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आरोपित प्रसादपुर गांव का ही आशुतोष चौबे था। उसके पास से असहला बरामद कर जेल भेज दिया गया।

दबंगों ने दो सगे भाइयों को पीटा

बड़ागांव। बड़ागांव थानाक्षेत्र के पांचों शिवाला स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ने वाले दो सगे भाइयों को दबंग युवकों ने स्कूल के बाहर मारपीट कर घायल कर दिया। छात्रों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्रित होने लगे तो हमलावर भाग निकले। तीन नामजद समेत दस अज्ञात के खिलाफ रपट दर्ज हुई। जमालपुर गांव निवासी दो सगे भाई जितेश और रिंकेश छुट्टी होने के घर लौट रहे थे कि इसी बीच रास्ते में एक दर्जन से ज्यादा लोग लाठी डंडा लेकर जितेश को घेरकर पीटने लगे बचाव में आये बड़े को भी मारपीट कर घायल कर दिया। छात्रों के अनुसार उन्हें एक दिन पूर्व भी मारने पीटने की धमकी दी गई थी।

पोखरे की सीढ़ी पर मिला अज्ञात का शव

रामनगर। रामनगर थाना क्षेत्र के दुर्गा मंदिर के सामने रामबाग पोखरा की सीढ़ी पर रविवार को सुबह 40 साल के युवक का शव मिला। राहगीरों की सूचना पर रामनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पहचान के लिए मोर्चरी में रखवाया। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक बाएं हाथ से विकलांग था। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि युवक पोखरा के किनारे गया होगा और तबीयत बिगड़ने पर सीढ़ियों पर गिर गया और आधा शरीर पानी में होने से उसकी मौत हो गयी।

लाश की सूचना पर पुलिस हलकान

जंसा। उत्तर रेलवे कपसेठी स्टेशन पर रविवार की दोपहर बाद कपसेठी थाने को एक मेमो देकर बताया कि शिवदासपुर गांव के सामने मीटर 800 पोल के पास अपलाइन के बीच एक लाश पड़ी है उसे हटाया जाए ताकि ट्रेन का आवागमन प्रभावित न हो। सूचना देने वाले ने खुद सारनाथ एक्सप्रेस के ड्राइवर का हवाला दिया। इस बाबत मेमो परसीपुर रेलवे स्टेशन पर दिया है। सूचना मिलते ही कपसेठी पुलिस हरकत में आई और बताए गए स्थान पर पहुंचकर काफी छानबीन की लेकिन उसे कोई डेडबॉडी नहीं मिली। पुलिस ने अनुमान लगाया कि उक्त स्थान पर कोई व्यक्ति ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या किया होगा और परिजन लाश को उठा ले गए। लेकिन जांच कर स्थिति स्पष्ट की जा रही है।

पंचायत भवन में चोरी

जंसा। जंसा थाना क्षेत्र के बेरुका गांव स्थित पंचायत भवन पर बने कंप्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर शनिवार की रात कंप्यूटर, प्रिंटर समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोर उठा ले गये। पंचायत सहायिका श्रेया सिंह पंचायत भवन बेरुका पर नियुक्त हैं। रविवार की सुबह किसी जरूरी कार्य को लेकर पंचायत भवन पहुंची तो देखा कि कंप्यूटर कक्ष का ताला टूटा है और उपकरण गायब हैं। इस बात की सूचना ग्राम प्रधान को दी गयी प्रधान ने जंसा पुलिस को चोरी की जानकारी दी।

हेलमेट की दुकान में सेंधमारी

हरहुआ। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत गड़वा गांव में स्थित एक दुकान में सेंधमारी कर हेलमेट समेत अन्य सामान चोरी हुआ। चोरी सामान की कीमत करीब 15 हजार रुपये बतायी गयी। हरहुआ चौराहा निवासी दीपक गुप्ता ने बताया कि गड़वा में उसकी हेलमेट और गुटखा पान मसाला बेचने की दुकान है। शनिवार की रात चोर यहां पहुंचे और सेंधमारी की। मामले की जानकारी अगले दिन रविवार को हुई जब दुकान खोलने पहुंचा। कार्टून हटाकर देखा तो दुकान के पिछले दीवार में सेंधमारी कर दो दर्जन से ज्यादा हेलमेट समेत अन्य सामान चोरी हुआ है। दीपक गुप्ता के बताया कि बीते साल भी उनके दुकान में चोरी हुई थी। अबतक उस मामले का खुलासा नहीं हो सका।

फिल्म 'पठान' के खिलाफ किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

नाराजगी

हिंदू संगठनों के विरोध को देखते हुए पहुंची पुलिस

फिल्म का बायकॉट करने का अनुरोध किया

वाराणसी। हिंदू संगठनों ने फिल्म 'पठान' के खिलाफ रविवार को सिगरा स्थित एक मॉल के सामने नारे लगाये और प्रदर्शन किया। संगठन के सदस्यों ने लोगों से इस फिल्म का बायकॉट करने का अनुरोध किया। कहा कि हम इस धार्मिक नगरी में यह फिल्म नहीं चलने देंगे। हिंदू संगठनों के विरोध को देखते हुए मौके पर पुलिस फोर्स भी पहुंची और सुरक्षा की दृष्टि से मुस्तैद रही।

सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से काफी संख्या में लोग सिनेमाघरों, मल्टीप्लेक्स और मॉल में घूमने-फिरने के साथ ही पिक्चर देखने पहुंचे। हिंदू संगठनों के लोग भी सिगरा स्थित एक मॉल के समक्ष पहुंचे और पोस्टर लेकर 'पठान' फिल्म के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सनातन और देश का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, पाकिस्तान परस्ती नहीं चलेगी आदि नारे भी लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कई लोगों को मल्टीप्लेक्स से लौटने को भी कहा। मामला गड़बड़ाता देख सिगरा थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने में लगी रही।

हिंदू संगठनों के लोगों का कहना था कि 'पठान' फिल्म हमारे धर्म और संस्कृति का अपमान कर रही है। आजकल फिल्मों में हिंदू भावना भड़काने के लिए कई गलत बातें डाल दी जाती हैं। हम इतने बंटे हुए नहीं है कि अपनी सनातन संस्कृति के प्रति इतना अपमान सहेंगे।

एसीपी ने जांची रविदास मेले की सुरक्षा

वाराणसी। संत रविदास जयंती की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से एक जुट गया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसीपी भेलूपुर प्रवीण कुमार रविवार दोपहर बाद सीर गोवर्धनपुर पहुंचे मंदिर ट्रस्ट से जुड़े निरंजन चीमा के साथ पंडाल लंगर हाल सत्संग हॉल सहित मेला क्षेत्र में जाने वाले रास्तों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर साथ में मौजूद इंस्पेक्टर लंका टीआई को निर्देश दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पंडाल से लेकर बाहर जाने वाले रास्ते सत्संग हाल की तरफ जाने वाले रास्ते सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस के जवान हर पॉइंट पर तैनात रहेंगे। भीड़भाड़ को देखते हुए तीन स्थानों पर वाहन पार्किंग स्टैंड बनाया जाएगा। हाइवे की तरफ से आने वाले वाहनों को बैरी कटिंग कर रोक दिया जाएगा और निर्धारित वाहन पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा। अस्थाई पुलिस चौकी मंगलवार से शुरू हो जाएगी।

तीन थानों की पुलिस के हत्थे चढ़े सात शातिर चोर

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। कमिश्नरेट पुलिस के सिगरा और चितईपुर और राजातालाब थाना ने अलग-अलग वाहन चोर गिरोह के सात शातिर चोरों को दबोचा। सिगरा पुलिस ने डीआरएम आफिस के पास से गिरफ्तार किया तो चितईपुर पुलिस मालवीय नगर से वहीं राजातालाब पुलिस ने जमुआ तिराहे से पकड़ा।

डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम ने बताया कि सिगरा पुलिस की ओर से पकड़े गये आरोपित लंका के नगवां निवासी मोनू उर्फ सूरज गौड़, नगवा के ही गंगोत्री विधा कॉलोनी निवासी शिवम कुमार पांडेय, गौतम पांडेय हैं। इनके पास से चोरी की बाइक बरामद की गई है। उधर चितईपुर पुलिस ने सुसुवाही के मालवीय नगर कॉलोनी से तीन शातिरों को गिरफ्तरा किया गया। इनमें चंदौली के चकिया के मां कालीनगर निवासी विशाल सिंह,

पुलिस की गिरफ्त में चोर

चंदौली के शहाबगंज के पालपुर निवासी आदित्य, चकिया के अमरा निवासी सलमान खुर्शीद है।

इनके पास से पांच बाइक बरामद की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में सिगरा इंस्पेक्टर राजू सिंह, चितईपुर थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्रा, चौकी प्रभारी चितईपुर प्रदीप यादव आदि थे। राजातालाब पुलिस ने भी एक बाइक चोर को दबोचा।

उसकी पहचान मृत्युंजय मुंडा निवासी करलोंदा रांची झारखंड के तौर पर हुई। आगे की कार्रवाई में पुलिस ने उसे जेल भेजा।

मोबिल गिरने की बात कही और 80 हजार उड़ा दिए

जनसंदेश न्यूज

रामनगर। रामनगर थाना क्षेत्र के दूर्ग रोड पर स्थित अयोध्या मैदान के पास रविवार शाम व्यापारी के साथ 80 हजार रुपए की उचक्कागिरी हुई। पीड़ित ने मामले की जानकारी रामनगर पुलिस को दी। पुलिस छानबीन में जुट गयी है।

जानकारी के अनुसार रामनगर गोलाघाट निवासी दवा कारोबारी त्रिलोचन सिंह की लंका स्थित बीएचयू के बाहर अरोड़ा मेडिकल स्टोर्स नाम से दुकान और रामनगर मीरजापुर रोड पर कपड़े का शोरुम। रविवार शाम कार से त्रिलोचन लंका स्थित दवा की दुकान से रामनगर पहुंचे और अयोध्या मैदान के पास कार खड़ी कर सामान खरीदने चले गये। इस बीच उनकी कार के पास पहुंचा एक युवक उनके चालक से कहा, बोनट के नीचे से मोबिल गिर रहा है। चालक उतरकर देखने लगा। इस बीच उचक्का मौका देख कार में रखा बैग जिसमें 80 हजार नकद थे और एक लैपटॉप ले उड़ा। त्रिलोचन सिंह जब लौटे तो देखा पैसे और लैपटॉप सहित मोबाइल गायब है। इस बीच पूछताछ में पता चला कि एक युवक बैग लेकर भागता दिखा। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से तलाश में जुट गयी है।

पैसे ऐंठने के लिए तय की शादी, बाराती पहुंचे तो पीटे गए

जंसा। कपसेठी थाना क्षेत्र अंतर्गत शादी का एक ऐसा मामला सामने आया जिसमें लड़का पक्ष से उगाही के लिए झुठी शादी तय की गयी। जब बारात लड़की के घर पहुंची तो समधी को समधन ने जमकर पीटा। जबकि गरीबी का हवाल देकर लड़की पक्ष पहले ही लड़का पक्ष से खर्च के नाम पर दस हजार ले लिया था। जानकारी के अनुसार कपसेठी थाना क्षेत्र के शिवदासपुर गांव निवासी जहूर नट के बेटे जहांगीर की शादी भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र के सुभाष नट तय हुई। लड़की पक्ष ने गरीबी का हवाला देकर लड़के पक्ष से बारातियों की सेवा एवं अन्य खर्च के नाम पर 10 हजार नकद भी लिया। बारात शुक्रवार को जब लड़की के घर पहुंची। इसके बाद समधन ने समधी को बात करने के लिए बुलाया और यहां पहले से मौजूद लोग लाठी डंडा लेकर टूट पड़े। इसके बाद बारात वहां से लौट आयी। पीड़ित ने बताया कि बात में उसे पता चला कि इसके पहले भी कई लोगों से ये इस तरह की उगाही कर चुके हैं।

प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट असंवैधानिक- विष्णु जैन

वाराणसी। वाराणसी के बहुचर्चित ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी प्रकरण में हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट (पूजा स्थल कानून) की वैधता पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस कानून के जरिए मुगल काल में तोड़ दिए गए उपासना स्थलों को प्राप्त करने के कानूनी रास्तों को बंद कर दिया गया। वहीं वक्फ एक्ट बनाकर कथित अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को किसी भी जमीन को वक्फ सम्पत्ति घोषित करने का अधिकार दे दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के वकील विष्णु शंकर जैन रविवार को वाराणसी के अस्सी स्थित एक होटल भाजपा विधि प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। इसमें उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि मुगलों ने जो संपत्ति तलवार से हासिल की थी, उसे अब कोर्ट अपनी कलम से सही करे। पहले हुई गलती को अब सही करने का समय आ गया है। भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र के तत्वाधान में प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट यानी उपासना स्थल अधिनियम 1991 पर एक गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नित्यानंद राय ने कहा कि उपासना स्थल अधिनियम 1991 विभेदकारी और असंवैधानिक है। उसे रद्द किया जाय।

शनीश ज्ञावली की बांसुरी वादन से गंगा तट गूंजा



वाराणसी। नए अस्सी घाट पर सुबह- ए- बनारस में आयोजन में सर्वप्रथम प्रातः काल मा गंगा जी की आरती के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के सस्वर पाठ से गुंजित वातावरण में गंगा को पुष्पांजलि अर्पण किया गया। सूर्य को जल अर्घ्य अर्पित कर प्रभाती की स्वरधारा प्रवाहित हुई।

जिसमें वाराणसी के युवा कलाकार डॉ शनीश ज्ञावली ने प्राचीन भारतीय वाद्य बांसुरी वादन प्रस्तुत किया । उनके साथ मंच कला संकाय बी एच यू के संगीत शिक्षक पंकज राय ने तबले पर संगत की। शनीश ने वादन का आरम्भ राग ललित में आलाप जोड़ झाला से किया। प्रथम रचना मध्य रूपक ताल में निबद्ध थी। इसके उपरांत दूसरी रचना तीन ताल द्रुतलय में निबद्ध रही अंतिम प्रस्तुति भजन माला की भावपूर्ण रही। उनके वादन में लय एवं स्वर दोनों पर एक समान अधिकार अभिव्यक्त हुआ। कलाकार को प्रमाणपत्र एवं स्मृति पत्रिका सुबह ए बनारस के संस्थापक सचिब डॉ रत्नेश वर्मा ने प्रदान किया । संचालन देवेंद्र मिश्र ने किया। इस अवसर पर सुबह- ए- बनारस के संस्थापक सचिव डॉ रत्नेश वर्मा ने कलाकार के प्रति साधुवाद व्यक्त करते हुए उनके कल्याण की कामना की ।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल सन 2017 रोल नंबर 2350706 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र, इंटरमीडिएट सन 2019 रोल नंबर 2449395 का प्रमाण पत्र सहअंकपत्र, बीए भाग 2 सन 2021 रोल नंबर 2110068 370004 का अंकपत्र कहीं गुम हो गया है। अनीता पुत्री भोला ग्राम धनौड़ा खुर्द पोस्ट कौड़ीराम जिला गोरखपुर।

आवश्यकता

आवश्यकता है-स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्रभुनारायण सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय कासिमाबाद गाजीपुर में बी.एड. विभागाध्यक्ष व 6 प्रवक्ताओं की। योग्यता यू.जी.सी. अधिनियम 31 दिसम्बर 2010/विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अंदर अपना आवेदन 2 प्रतियों में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्वयं उपस्थित होकर प्रेषित करें।
प्रबंधक 8960411131

सीरगोवर्धन में जर्मन हैंगर सिस्टम पर होगा लंगर हाल

भोजन तैयार करने के लिए विशाल बर्तन रखे गए

पंजाब से आया भक्तों का दल

जनसंदेश न्यूज

तैयारी

रविदास मंदिर राजघाट में भी तैयारियां तेज

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार समारोह में होगी शामिल

वाराणसी। संत रविदास जयंती पर चलने वाले विशाल लंगर परिसर का इस साल बांस बल्ली का निर्माण जर्मन हैंगर सिस्टम पर किया जा रहा है। लंगर पंडाल बनाने का काम तेजी से शुरू हो गया है। पंजाब से आए सेवादारों ने कमान संभाल ली है। महिला व पुरुष सेवादार अपनी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में लग गए हैं।

संत रविदास जयंती में शामिल होने के लिए मूलतः पंजाब के जालंधर रहने वाले हरेंद्र सिंह पिछले 18 सालों से अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में रहकर खुद की मल्टी कंपनी चलाते हैं। हरेंद्र अपनी पत्नी बच्चों के साथ पिछले 15 सालों से लगातार गुरु की दर पर शामिल होने के लिए आते हैं। न्यूयॉर्क शहर जैसे शहर में रहने के बाद भी गुरु के दर पर पहुंचने के बाद बीते 23 जनवरी से सेवा भाव में हरिंदर जुड़ गए हैं लकड़ी चिराई से लेकर साफ सफाई करने में पूरी तरह जुड़ गए हैं।

उधर, राजघाट स्थित गुरु रविदास मंदिर में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इसको लेकर मंदिर परिसर में रंग-रोगन का कार्य भी तेजी से चल रहा है। इस संदर्भ में दी रविदास स्मारक सोसायटी के सचिव सतीश कुमार फगुनी राम ने बताया कि तीन से छह फरवरी तक चार दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं के ठहरने व लंगर की भी व्यवस्था की जा रही है। यहां पर रविदास जयंती पर देशभर से हजारों अनुयायी आते हैं। समारोह में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार, उनके पति मंजुल कुमार अध्यक्ष दी रविदास स्मारक सोसायटी व पुत्र डा. अंशुल अविजित शामिल होंगे। इस अवसर पर सायंकाल संत रविदास से संबंधित गोष्ठियां व भजन कीर्तन भी होगा। अनुयायियों के लिए लंगर भी चलेगा।

शंकराचार्यघाट पर हुआ ध्वजारोहण

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। श्रीविद्यामठ के नीचे शंकराचार्य घाट पर ध्वजारोहण किया गया। प्रारंभ में आचार्य भूपेंद्र मिश्र और आचार्य ओमप्रकाश पाण्डेय ने ध्वज पूजन कराया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरीश चन्द्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में जगदगुरुकुलम विद्यालय के एवं जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती न्याय वेदांत महाविद्यालय के बटुक, अध्यापक व काशीवासी सम्मलित रहे। समारोह में प्रमुख रूप से -गिरीश चन्द्र तिवारी, हरिश्चंद्र शर्मा, रमेश पाण्डेय,सदानंद तिवारी, अजित मिश्रा,आर्यन सुमन, संजय पांडेय मीरा पाण्डेय, विजया तिवारी, निर्मला त्रिपाठी, सीमा सान्याल,रूबी दुबे,रामचन्द्र सिंह, सत्यजीत बापुलि,अमला यादव सहित भारी संख्या में वैदिक बटुक उपस्थित थे।

रुद्रशंकर व स्नेहा ने कथक से मोहा

वाराणसी। दीनदयाल हस्तकला संकुल, बड़ालालपुर, में कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार एवं सुबह-ए-बनारस के तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संध्या' का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक संध्या में बनारस घराने के दो प्रसिद्ध युवा कलाकार रूद्र शंकर मिश्र एवं सुश्री स्नेहा बजाज ने कथक नृत्य की प्रस्तुति कर सभी को भावविभोर कर दिया। नृत्य का आरम्भ दोनों ही युवा कलाकारों ने भगवान श्रीगणेश की आराधना से किया। तत्पश्चात बनारस घराने के प्रचलित बंदिशों पर प्रस्तुतीकरण की। अंत में राधा- कृष्ण के प्रेम पर आधारित एक दादरा पर नृच्य पेश किया। जिसके बोल थे- कन्हैया कैसा जादू डाला। इससे पूर्व कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मिठाई लाल, हंसराज यादव तथा कलाकारों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम की संकल्पना और संयोजन डॉ रत्नेश वर्मा का रहा। संचालन श्रीमती अंकिता खत्री ने किया।

कथक नृत्य की प्रस्तुति करते कलाकार

वाराणसी

विश्वनाथ धाम में भी प्रसाद बनाने की तैयारी

योजना

मुख्य सचिव की बैठक में हुई चर्चा, कई प्रोजेक्ट्स भी देखे

जनसंदेश न्यूज

काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन करते प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र रविवार की दोपहर श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने दर्शन पूजन करने के पश्चात मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों संग एक बैठक की, जिसमें उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की।

बैठक में मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने बताया कि अधिकतर भवनों का टेंडर हो चुका है। जल्द ही धाम के सभी भवनों का उपयोग शुरू हो जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि तिरुपति बालाजी मंदिर की तर्ज पर विश्वनाथ धाम का भी एक अपना प्रसाद तैयार कराया जाए। उस प्रसाद का स्वाद उस प्रसाद की गुणवत्ता और उस प्रसाद को बनाने में उपयोग होने वाली सामग्री भी प्रसाद परंपराओं से जुड़ी हो।

इस पर मंडलायुक्त ने जल्द ही इस कार्य को पूर्ण करने के लिए कहा। बैठक में जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, एडीजी वाराणसी जोन राम कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद थे।

मणिकर्णिका व हरिश्चन्द्र घाट के प्रोजेक्ट की जानकारी ली

मुख्य सचिव ने 52 शक्तिपीठों में एक शक्तिपीठ विशालाक्षी मंदिर में भी दर्शन पूजन किया। इस दौरान उन्होंने मणिकर्णिका घाट सुधार प्रोजेक्ट की जानकारी ली। कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने मणिकर्णिका व हरिश्चन्द्र घाट पर बनने वाले प्रोजेक्ट की जानकारी दी। मंदिर परिसर के कॉन्फ्रेंस हाल में वाराणसी डिजिटल गैलरी से सम्बन्धित संस्था द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से मुख्य सचिव के समक्ष फ्यूचरिस्टिक आर्टिफिशियल कांसेप्ट के संबंध में जानकारी दी गयी। कमिश्नर ने मंदिर की प्रोग्रेस रिपोर्ट की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने सभी बिल्डिंग के नामकरण वैदिक रूप में करने की बात कही गयी। कमिश्नर द्वारा भविष्य में मंदिर परिसर के ले-आउट के संबंध में जानकारी दी गई।

व्यापक स्तर पर करें टेंट सिटी की मार्केटिंग

मुआयना

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने गंगापार जाकर किया स्थलीय निरीक्षण

शहर में होने वाले सेमिनार आदि के लिए कॉन्फ्रेंस हॉल को प्रमोट करने के दिए निर्देश

जनसंदेश न्यूज

सूबे के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने गंगापार रेती पर टेंट सिटी का निरीक्षण किया

वाराणसी। दो दिनी दौरे पर रविवार को वाराणसी पहुंचे सूबे के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कई क्षेत्र का दौरा किया। इसी क्रम में वह गंगापार रेती पर बसाये गये टेंट सिटी का भी जायजा लिया। वह कमिश्नर कौशल राज शर्मा और डीएम एस. राजलिंगम आदि के साथ बोट से वहां पहुंचे। उन्होंने गंगा घाटों के पर चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

टेंट सिटी का निरक्षण करने के दौरान मुख्य सचिव ने वहां बनाए गये डीलक्स रूम, कॉन्फ्रेंस हॉल आदि के बारे में जानकारी ली। साथ ही टेंट सिटी के डायनिंग हॉल और वहां परोसे जाने वाले व्यंजनों के बारे में पूछा। श्री मिश्र ने टेंट सिटी संचालित करने वाली संस्था को प्रोत्साहित करने वाले ऑफर तय करने का निर्देश दिया। जिससे टेंट सिटी प्रोजेक्ट का मुकम्मल प्रचार-प्रसार हो और इस स्थान को हाईलाइट किया जा सके। उन्होंने टेंट सिटी के कॉन्फ्रेंस हॉल का उपयोग शहर में होने वाले विभिन्न कॉन्फ्रेंस, सेमिनार, बैठक आदि के लिए भी विभिन्न संस्था-संगठनों को आमंत्रित करने पर जोर दिया। ताकि टेंट सिटी की मार्केटिंग बड़े स्तर पर हो सके।

इस पर मुख्य सचिव को बताया गया कि इस दिशा में पहल करते हुए कुछ वेडिंग ऑफर पेश किए हैं। मुआ.ने के दौरान श्री मिश्र को टेंट सिटी के बारे में पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से परियोजना की जानकारी दी गयी। मुख्य सचिव ने वहां संचालित लाइब्रेरी, साड़ी दुकान और इनडोर गेम्स आदि की भी जानकारी ली। वहां से लौटते हुए उन्होंने गंगा आरती में उपस्थिति दर्ज करायी। श्री मिश्र सोमवार को दिन में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करने के बाद अपराह्न मीरजापुर रवाना होंगे। 31 जनवरी की शाम वह रॉबर्ट्सगंज से वाराणसी आकर बाबतपुर हवाईअड्डे से लखनऊ लौट जाएंगे।

राम मंदिर बन रहा, पर रामराज्य नहीं दिखा

जनसंदेश न्यूज

बोले तोगड़िया

कहा, जनसंख्या नियंत्रण नहीं हुआ तो 50 साल के बाद इस मंदिर पर होगा खतरा

बाबा दरबार में शीश नवाने के बाद बोले मंदिर से ढूंढीराज गणेश को न हटाया जाए

रामचरित मानस पर विवादित बयान देने वाले सपा नेता स्वामी प्रसाद पर भी साधा निशाना

वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि राम मंदिर तो बन रहा है परंतु रामराज्य नहीं दिख रहा। राम मंदिर से हमने रामराज्य की बात की थी। इसका अर्थ है कि रामराज्य के तहत हर एक व्यक्ति को घर मिले। बच्चों को अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य, युवाओं को रोजगार और किसानों को फसल के सही दाम मिले। क्या यह सब मिल रहा है।

राष्ट्रीय बजरंग दल की तरफ से गुरुधाम स्थित श्री राम जानकी मंदिर में आयोजित रक्षा निधि अर्पण कार्यक्रम में हिस्सा लेने रविवार को यहां पहुंचे अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया ने राम मंदिर और जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर बड़ा बयान दिया। कहा, 'राम मंदिर तो बन रहा है, मगर रामराज्य नहीं दिखा। मंदिर तो बन रहा है, बन ही जाएगा। मगर, 50 साल के बाद इस मंदिर पर खतरा हो जाएगा। यदि कानून बनाकर देश की जनसंख्या पर नियंत्रण नहीं किया गया और देश में बढ़ रहे असंतुलन को नहीं रोका गया, तो अयोध्या में बन रहा भव्य राम मंदिर खतरे में होगा। साथ ही यह भी कहा कि इससे राम मंदिर ही नहीं बल्कि देश के करोड़ों हिंदुओं और उनके घर-परिवार कश्मीर घाटी की तरह सुरक्षित नहीं रहेगा।'

मंदिर के बाहर मीडिया से बातचीत में रामचरित मानस पर विवादित बयान देने वाले सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या पर भी उन्होंने निशाना साधा। कहा कि रामचरित मानस को लेकर करोड़ों हिंदुओं की मान्यता है। उस पर कमेंट करके मैं किसी ऐसे व्यक्ति को अनावश्यक महत्व नहीं देना चाहता। उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी मंदिर था, वह सिद्ध हो गया। वहां बाबा विश्वनाथ विराजमान हैं। शिवलिंग की पूजा न हो यह पाप है। इसलिए ज्ञानवापी में बैठे हुए बाबा विश्वनाथ की हर रोज पूजा अर्चना शुरू हो।

उन्होंने कहा कि श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर से भगवान ढूंढीराज गणेश को हटाने की बात चल रही है। यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि मूर्ति भी देवता है और स्थान भी देवता हैं। जिस स्थान पर ढूंढीराज गणेश जी है, वह स्थान मेरे लिए तीर्थ है। इसलिए तीर्थ यात्रियों के लिए व्यवस्था हो। एक भी प्राचीन तीर्थ अपने नियत स्थान से न हटे। पहले जो भी मूर्तियां हटाईं गईं है, उनकी वहीं पर प्राण-प्रतिष्ठा हो। हमें आशा है पीएम मोदी और सीएम योगी हिंदुओं की भावना और श्रद्धा का सम्मान करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि बजरंग दल सम्मानयुक्त हिंदू का लक्ष्य लेकर करोड़ों हिंदुओं की सेवा कर रहा है।

सृजन काशी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल प्रा. लि.
रेलवे स्टेशन रोड, हरदतपुर, जगतपुर, रोहनियाँ, वाराणसी
डॉ. अमित कुमार सिंह — जनरल फिजिशियन
डॉ. प्रतिमा सिंह — स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
समस्त प्रकार के कैंसर का इलाज ICU, BIPAP, NICU, CPAP PICU
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • बाल रोग विभाग • स्त्री रोग विभाग
• बांझपन विभाग • आर्थोसर्जरी विभाग • यूरोलॉजी विभाग • हृदय रोग विभाग
24 hr EVERYDAY आपातकालीन और एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
मो0 नं0-9936440494 96221258877

दो घंटे का शुल्क पांच रुपये चार्ज करते हैं पंद्रह रुपये

मनमानी

कैंट स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर स्थित दो पहिया वाहन स्टैंड संचालक की मनमानी से परेशान हैं यात्री

क्या रेट बोर्ड

0-2 घंटे के लिए साईकिल-5 रुपये	बाइक-5 रुपये
0-6 घंटे के लिए साईकिल-5 रुपये	बाइक-10 रुपये
0-12 घंटे के लिए साईकिल 10 रुपये	बाइक-15 रुपये
0-24 घंटे के लिए साईकिल 15 रुपये	बाइक-25 रुपये

मासिक चार्ज साईकिल 200 व बाइक 1000 रुपये
हेलमेट चार्ज 10 रुपये

वाराणसी। कैंट स्टेशन(वाराणसी जंक्शन) पर अधिकारियों की ओर बेहतर यात्री सुविधाओं के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है,लेकिन ठेके पर दिये गये यात्री सुविधाओं के कुछ कार्य में उन्हीं ठेकेदारों की ओर से अधिकारियों की साख पर बट्टा लगाया जा रहा है।

मामला स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार का है, जहां स्थित दो पहिया वाहन स्टैंड के संचालक की मनमानी से यात्रियों की रोज फजीहत हो रही है। दो पहिया वाहन को स्टैंड में खड़े करने के लिए रेलवे की ओर से जिस शुल्क का बोर्ड लगाया गया है उससे कहीं ज्यादा शुल्क स्टैंड संचालक यात्रियों से ले रहे हैं।

यात्रियों की जुबानी : सिकरौल निवासी सुधाकर बताते हैं कि वंदे भारत पर अपने परिजन को छोड़ने आये थे बामुश्किल एक घंटे का समय लगा होगा उसके लिए शुल्क के नाम पर 15 रुपये वसूल रहें हैं, जबकि रसीद पर दो घंटे तक के लिए पांच रुपये ही लेने का प्रावधान है। वहीं नदेसर निवासी संजय विश्वकर्मा बताते हैं कि बेगमपुरा में परिवार को बैठाने के लिए सिर्फ आधा घंटा ही स्टैंड में स्कूटी खड़ी किये थे पांच रुपये के बदले 15 रुपये मांग लिया गया, हेलमेट के लिए भी 15 रुपये मांगा गया। विरोध करने पर मारपीट पर उतारु हो जा रहें हैं।

> रेलवे की ओर से जो भी निर्धारित शुल्क रखा गया है उससे ज्यादा शुल्क लेने की जांच करवायी जायेगी, निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी।
>
> गौरव दीक्षित, स्टेशन निदेशक

एनीमिया से बचाव को सही खानपान जरूरी

रोहनिया। आराजी लाइन विकास खंड मुख्यालय के निकट स्थित मनरेगा मजदूर यूनियन सभागार में रविवार को एकदिनी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उसमें किशोरी युवा मंच से जुड़ी किशोरियों के लिए एनीमिया से बचाव के उपाय बताए गये। ट्रेनर प्रियंका पटेल ने प्रतिभागियों को बताया कि किशोरियां सही पोषक आहार और उचित खानपान करें तो एनीमिया जैसी समस्या से बचाव संभव है। सुरेश राठौर से संयोजन व पूजा के संचालन में इस अवसर पर रीना, निशा, रेनू, ममता, शीला, प्रेमशीला, कविता, रेशमा, प्रीति, मधु, सुशीला, शालू, खुशबू, नेहा, कुसुमलता, सीता, शीला आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

चिकित्सालय संघ की अध्यक्ष बनीं माया

वाराणसी। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाएं राजकीय महिला चिकित्सालय वाराणसी का चुनाव रविवार को सम्पन्न हुआ। चुनाव में चंद्रभूषण संरक्षक, माया देवी अध्यक्ष, सरोज गिरी कार्यवाहक अध्यक्ष, प्रदीप कुमार उपाध्यक्ष, रेखा कन्नौजिया जिलामंत्री, रेखा देवी संयुक्त मंत्री, राजू सिंह कोषाध्यक्ष, काशी सिंह संगठन मंत्री व मीता देवी प्रचार मंत्री के रुप में निर्वाचित हुई, चुनाव अधिकारी रविन्द्र कुमार मेहता की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ। कार्यकारिणी में भार्गव मौर्य, लक्ष्मी देवी, जमीला, कुसुम, कौशिल्या देवी महेन्द्र कुमार चुने गये।

निगम के एमडी ने मातहतों संग की बैठक

जनसंदेश न्यूज

जायजा

कैंट बस अड्डे के दबाव को कम करने के लिए और स्थान पर बनेंगे स्टैंड

वाराणसी। कैंट बस स्टेशन पर बसों का दबाव कम करने के लिए छोटे बस अड्डे बनाने की कवायद शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने रविवार दोपहर पांच जगहों पर जमीनें देखीं। इसके बाद सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। निगम के एमडी ने वाराणसी-लखनऊ रूट के लिए हरहुआ व बाबतपुर, प्रयागराज रूट के लिए मिजार्मुराद, आजमगढ़ रूट के लिए रिंग रोड के पास और सिंधोरा में जमीनें देखीं। उन्होंने मातहतों को जरूरत के हिसाब से जमीनों का चयन कर प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।

इसके बाद प्रबंध निदेशक सर्किट हाउस पहुंचे और अधिकारियों के साथ समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल पर बनने वाले चौधरी चरण सिंह अंतरराज्यीय बस अड्डे की प्रगति, ऑफ रोड बसों को ऑन रोड करने, बसों में सुरक्षा उपकरण की व्यवस्था और यात्री सुविधाओं से जुड़े बिंदुओं पर समीक्षा की।

दिनभर रोडवेज बस स्टेशन पर होती रहीं तैयारियां

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के एमडी (प्रबंध निदेशक) के वाराणसी दौरे को लेकर स्थानीय अधिकारी पूरी तरह से सतर्क दिखे, रविवार को पूरे दिन कर्मचारी बस स्टेशन पर व्यवस्थाओं को बनाने में जुटे रहें, गंदी बसों के लिए बस स्टेशन पर रविवार को कोई स्थान नहीं रहा। बसों को नियमानुसार गंतव्य की ओर भेजा जा रहा था। इसके लिए वरिष्ठ कर्मचारी भी दिन भर बस स्टेशन पर चहलकदमी करते दिखे। यात्री बस स्टेशन पर दो से तीन दुकानें पूरी तरह से बंद दिखी, उनका शटर दिन भर नहीं खुला सूत्र बताते रहें कि वह दुकाने अवैध हैं लेकिन एक वरिष्ठ कर्मचारी की ओर से बताया गया कि उक्त दुकान का टेंडर खत्म हो गया है।

संक्षेप

काशी के ईशान को 'सुरश्री' सम्मान

वाराणसी। प्रतिवर्ष अखिल भारतीय सुर संगम संस्थान द्वारा राजस्थान के जयपुर में 27 से 29 तक राष्ट्रीय युवा संगीत समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें अंतिम दिन रविवार को बनारस के रामरंग परंपरा के तीसरी पीढ़ी के शिष्य ईशान घोष ने अपना परचम लहराया। इस प्रतियोगिता में देश भर से चयनित सैकड़ों प्रतिभागियों में अंतिम प्रतियोगिता में विजेता के रूप ईशान घोष ने अपना नाम दर्ज कराया। इन्हें सुर श्री सम्मान सहित एक लाख का नगद पुरस्कार दिया गया। वहीं प्रियंका साहीवाल को सुगम संगीत में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। ईशान एवं प्रियंका दोनों ही रामरंग परंपरा के सुबुद्ध आचार्य पंडित राम शंकर के शिष्य हैं, जो वर्तमान में बीएचयू में आचार्य के रूप में कार्यरत हैं। इनके परंपरा के सैकड़ों शिष्यों ने विविध संगीत प्रतियोगिताओं में अपना लोहा मनवाया है। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में विद्यमान पार्श्व गायिका पीनाज मशानी एवं विश्व प्रसिद्ध वायलिन वादक दीपक पंडित ने मुक्त कंठ से बार-बार प्रशंसा की। पीनाज मसानी ने कहा कि काशी की धरती संगीत के साधकों के लिए सिद्ध तपस्थली है।

स्वास्थ्य शिविर में लोग लाभान्वित

वाराणसी। सेंटर फॉर सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च फाउंडेशन की ओर से रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निदेशक डॉ जनार्दन सिंह ने इस शिविर का उद्घाटन किया, उन्होंने सभी को ऐसे कार्य के लिए आगे आने को कहा, शिविर में उपस्थित सभी ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही निःशुल्क दवा भी दिया गया। इसके साथ ही 60 ग्रामीगों में कंबल वितरित किया गया। इस दौरान रविंद्र कुमार, सत्यनारायण चौहान, सुरेश सरोज, रोशन लाल, अजय गुप्ता, दिलदार चौहान, पंकज, जीतलाल आदि थे।

ब्रह्मलीन महंत रामेश्वरानंद को दी पुष्पांजलि

वाराणसी। श्री सिद्धपीठ यमुनेश्वर आश्रम में ब्रह्मलीन महंत रामेश्वरानंद भारतीय का पुण्यतिथि पर काशी मंडल के श्रीमहंत एवं नागा सन्यासी ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें महंत वैभव गिरी महाराज, महंत जितेंद्र गिरी महाराज, महंत माधव गिरी महाराज आदि मौजूद थे। कार्यक्रम सोहन, राजेश जायसवाल, देव कुमार भारती की देखरेख में संपन्न हुआ।

प्राइवेट साइटों से हटेंगे अवैध विज्ञापन

बाधा हटी

उच्च न्यायालय से वाद वापस लेने के बाद निगम ने तेज की कार्रवाई

वाराणसी। नगर में प्राइवेट साइटों पर लगाये गये अवैध होर्डिंग्स विज्ञापनों के विरूद्ध विगत दिनों निगम द्वारा की गयी कार्रवाई को लेकर पूर्वांचल एडवरटाइजिंग एसोसिएशन द्वारा नगर निगम वाराणसी के विरूद्ध उच्च न्यायालय, प्रयागराज में वाद दाखिल किया गया था, जिसे उच्च न्यायालय द्वारा पहली सुनवाई में ही बलहीन बताया गया। मुकदमे को खारिज होते देख पूर्वांचल एसोसिएशन ने मुकदमा स्वं वापस ले लिया।

नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने इसका अनुपालन न करने एवं अवैध प्राइवेट साइटों की जांच करने का आदेश अपर नगर आयुक्त राजीव कुमार राय को दिया था। अपर नगर आयुक्त ने जांच में पाया कि शहर के अंदर कई स्थानों पर लगभग सात संस्थाओं के द्वारा प्राइवेट साइटों पर अवैध एवं भवनों पर कमजोर स्ट्रक्चर पर विज्ञापनों का प्रर्दशन किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्त को तत्काल इस प्रकार की सभी अवैध होर्डिंग्स एवं विज्ञापनों को हटाने का निर्देश दिया गया। उक्त आदेश के क्रम में अवैध होर्डिगों को हटाये जाने की कार्यवाही प्रारंभ की गयी।

मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा भी इस कार्य को कराये जाने की सहमति प्रदान की गयी थी। अब निगम द्वारा अवैध होर्डिग्स, पोस्टर, बैनर, लोहे के स्ट्रक्चर को चिन्हित कर उसे हटाने की कार्यवाही तेज कर दी गयी है। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि इस संबंध में किसी भी कर्मचरी के संल्पित पाये जाने पर उनके निलंबन की कार्यवाही की जायेगी।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

वाराणसी। पीएम मोदी के मन की बात रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना और मनन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीएम मोदी अक्सर मन की बात कार्यक्रम से लोगों को कई प्रेरणादायक कहानियों से अवगत कराते रहते हैं। पीएम ने 'मदर आफ डेमोक्रेसी है भारत' नामक किताब पढ़ने की सलाह दी है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीएम मोदी ने बाजरा के महत्व पर भी बात की और कहा कि 2023 बाजरा के लिए अंतरराष्ट्रीय वर्ष होगा। उन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने भारत के प्रस्ताव के बाद अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष दोनों का फैसला किया है। मन की बात सुनने वालों में महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी किशोर कुमार सेठ, डॉ. गीता शास्त्री, इं. अशोक यादव, संदीप चौरसिया, नलिन नयन मिश्र, अभिषेक वर्मा, शत्रुघ्न पटेल आदि शामिल थे।

व्यक्ति की दिशा बदल सकता है रामचरित मानस

बोले सूचना आयुक्त

ज्ञानवापी में हुआ श्रीराम जन्मोत्सव, मनायी गई खुशियां

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। श्री काशी सत्संग मंडल के तत्वावधान में ज्ञानवापी परिसर विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर में भव्य तरीके से श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सुभाषचंद्र सिंह सूचना आयुक्त राज्य सूचना आयोग उत्तर प्रदेश थे। अपने उद्बोधन में कहा कि रामचरित मानस ऐसा ग्रंथ है जो व्यक्ति की दिशा व दशा बदल सकता है। यह एक गुड़ के समान है। इसमें जो जितना डूबेगा उतना ही मीठा बनेगा।

समारोह में विशिष्ट अतिथि अभय कृष्ण तिवारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाराणसी सुभाषचंद्र तिवारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश वाराणसी संजय हरीश शुक्ल जिला जज सोनभद्र अखिलेश कुमार सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरा मनोज कुमार तिवारी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरा वीरेंद्र चौबे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरा राजेंद्र सिंह स्पेशल मजिस्ट्रेट बक्सर अरुण शर्मा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषि सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दशरथ मिश्र अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सासाराम प्रतिभा सिंह प्रो काशी विद्यापीठ रहे। समारोह की अध्यक्षता महामंडलेश्वर आशुतोषनंद गिरी महाराज ने की। रामजन्म के अवसर पर आर एस गौतम पुलिस उपायुक्त काशी जोन सभी अतिथियों को कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पाठक एवं संस्था के संरक्षक आचार्य सूर्य लाल मिश्र ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। राम जन्म के अवसर पर जयश्री राम के नारों से ज्ञानवापी परिसर गूंज उठा।

बैंडमिटन में शिक्षकों ने कर्मचारियों को हराया

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के क्रीड़ा परिषद के इनडोर जिम्नेजियम हॉल में रविवार को जी-20 के अंतर्गत शिक्षक एवं कर्मचारियों के मध्य बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग किया।

उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव हरीश चंद्र एवं विश्वविद्यालय के जी-20 के नोडल अधिकारी डॉ. पारिजात सौरभ द्वारा रिबन काटकर किया गया।

लीग मैच एवं सेमीफाइनल मैच के पश्चात, फाइनल मैच डबल्स शिक्षकों की तरफ से प्रो. संतोष कुमार एवं डॉ. मुकेश कुमार पंथ और कर्मचारियों के तरफ से अरविंद कुमार एवं सूर्य प्रकाश के मध्य हुआ। फाइनल मैच में दोनों ही टीम के बीच कड़ी टक्कर हुई, जिसको शिक्षक टीम ने 22-20 से जीता। क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. बृजेश कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटे। अंपायरिंग डॉ. सैयद दुलारे हुसैन और रोहन ने की।

इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. अनुराग कुमार, प्रो. रमन पंत, डॉ. दुर्गेश कुमार उपाध्याय, डॉ. आयुष कुमार, डॉ. जयशंकर प्रसाद सिंह, डॉ. राधेश्याम राय, डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह, चंदन, लालता प्रसाद, अंजनी कुमार, विनोद कुमार आदि ने प्रतिभाग किया।

हिमालय की पुरानी संस्कृति से दूर हैं उत्तर भारतीय : डॉ. सोनम

वाराणसी। लद्दाख से बीएचयू विजिट करने आईं आर्कियोलॉजिस्ट डॉ. सोनम स्पांजिल्स ने लेह-लद्दाख के टूरिज्म को लेकर गहरी चिंता जताई। सोनम ने कहा, 'लेह-लद्दाख में टूरिस्ट मैग्नेटिक हिल पर सबसे ज्यादा समय बिताते हैं। वहां पर गाड़ियां न्यूट्रल पर अपने आप चलती हैं। इसका लुत्फ उठाकर ज्यादातर पर्यटक वापस लौट जाते हैं। वे लोग लेह की बुद्धस्थली और काराकोरम पहाड़ियों पर मिले 10 हजार साल प्राचीन संस्कृति से अनभिज्ञ रह जाते हैं।'

डॉ. सोनम ने कहा कि मैग्नेटिक हिल पर गाड़ियां खुद-ब-खुद चलती हैं, इसके पीछे चुंबकीय शक्तियां काम करती हैं। मैग्नेटिक हिल पर मिनरल्स काफी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। ऐसी संभावना है कि वहां मैग्नेटिक रिसोर्सेज ज्यादा हैं। मगर, वहां कोई जादुई शक्ति का प्रमाण नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि लेह में केवल मैग्नेटिक हिल, पहाड़ियां, झरने, स्नो फॉल और घाटियां ही नहीं है, बल्कि सुविकसित आर्कियोलॉजल साइट्स भी हैं। साल 2016 में हिमालय की काराकोरम पहाड़ी पर खुदाई की गई थी। करीब 15000 फीट की ऊंचाई पर 10500 साल पुरानी चीजें और चित्रकलाएं मिली हैं। स्टडी से पता चलता है कि उस काल में भी पहाड़ी पर लोगों ने माइग्रेट किया था। काराकोरम पर गुफा चित्रकला के भी साक्ष्य मिले हैं। इतनी ऊंचाई पर इतनी प्राचीन चीजों का मिलना हैरानी की बात है। यह बताता है कि पहाड़ों पर मानव सभ्यता 10 हजार साल पहले भी मौजूद थी।

उन्होंने कहा कि हिमालय पर एडवेंचर टूर के दौरान शराब और स्नैक्स का इस्तेमाल करना पहाड़ियों के लिए मुसीबतें खड़ी कर रहा है। उस पहाड़ी के रहस्यों को जानते-जानते, पर्यटक वहां ड्रिंक करके सारे प्लास्टिक और बॉटल फेंक देते हैं। इससे पूरा मैग्नेटिक हिल प्रदूषित हो रहा है।

किसी को भी मुस्लिम दे सकता है खूनः बातिन

रक्तदान

आजाद पार्क में 150 यूनिट से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

जनसंदेश न्यूज

आजाद पार्क में रक्तदान शिविर में शामिल लोग

वाराणसी। सामाजिक संस्था जमीअतुल अंसार, मानव रक्त फाउंडेशन, डॉक्टर जेड ए अंसारी मेमोरियल फाउंडेशन, मरियम फाउंडेशन, सर सैयद सोसाइटी एवं सुल्तान क्लब की ओर से जश्न जम्हूरिया हफ़्ता के उपलक्ष में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को पीलीकोठी स्थित आजाद पार्क में हुआ, जिसमें 150 यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया।

मुफ्ती-ए-बनारस मौलाना अब्दुल बातिन नोमानी की अध्यक्षता में आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संदीप चौधरी रहे। कहा कि किसी की भी जान बचाना हो तो मुस्लिम अपना खून दे सकता है। कहा कि यह पहला अवसर है जब मुस्लिम बहुल क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में रक्त दाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान के साथ समाज को जागरूक करने का बेहतरीन प्रयास किया है।

शिविर में ऐसे लोग भी थे जो 100 से अधिक बार रक्तदान करने वाले कई रक्तदान योद्धाओं को अतिथियों ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वंभर नाथ मिश्र, गुरुद्वारा नीचीबाग के मुख्य ग्रंथी धर्मवीर सिंह, मैत्री भवन के निदेशक फादर फिलिप डेनिस ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इशरत उस्मानी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

संपूर्णानंद में खेल प्रतियोगिता

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। संपूर्णनंद संस्कृत विश्वविद्यालय में स्थित क्रीड़ा प्रांगण में रविवार को जी 20 सम्मेलन के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए कबड्डी, बैडमिंटन, खो-खो एवं शतरंज प्रतियोगिता आयोजित हुई। संयोजक डॉ. सत्येंद्र कुमार यादव ने बताया कि जी-20 सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के लिये खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, खेल से लोगों में भाई चारा और मैत्री भाव स्थापित होता है, स्वास्थ भी ठीक रहता है। जनभावना से यह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बताया कि निर्णायक विश्वविद्यालय के खेल प्रशिक्षक आदित्य कुमार और संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा से आए खेल प्रशिक्षक बाबूलाल यादव, रोहित सिंह व अनिरुद्ध सिंह रहे। बैडमिंटन महिला बैडमिंटन में प्रथम केतकी यादव, द्वितीय आंचल गुप्ता, तृतीय बर्खा साहनी रही और पुरुष वर्ग में प्रथम डूंगर शर्मा, द्वितीय मनीष द्विवेदी, तृतीय विनय कुमार मिश्रा रहे।

सामूहिक विवाह में दर्जनों जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

जनसंदेश न्यूज

काशी विद्यापीठ। स्थानीय विकास खंड मुख्यालय परिसर में रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत ब्लॉके के विभिन्न गांवों के 37 जोड़ों की शादी अनुष्ठानपूर्वक करायी गयी। नवनिवाहित जोड़ों में विकास खंड के बखरिया, भट्ठी एवं टड़िया आदि गांवों के थे।

नवदंपतियों को कपड़ा, पंखा, मोबाइल फोन, बर्तन, पायल, बिछिया आदि उपहार स्वरूप भेंट किये गये। वहीं, बताया गया कि स्कीम के तहत प्रत्येक वधु के बैंक खाते में 35-35 हजार रुपये भेजे जाएंगे। समारोह में पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रवेश पटेल, आनंद पांडेय, एडीओ समाज कल्याण अनुराग शुक्ल, एडीओ पंचायत राशिद अहमद, बिहारी सिंह कुशवाहा आदि रहे। दूसरी ओर, कचहरी क्षेत्र स्थित जेपी मेहता इंटर कॉलेज परिसर में भी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत दर्जनों जोड़ों की शादी करायी गयी। यहां कई मुस्लिम जोड़ों का भी विवाह निर्धारित रीति-रिवाज के मुताबिक कराया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत रविवार को दर्जनों जोड़े समारोहपूर्वक शादी के बंधन में बंधे

रविवार को गंगा में नौका विहार करते लोग

'आप' वर्करों का प्रदर्शन कल

वाराणसी। आम आदमी पार्टी की जनपद इकाई बिजली दरों में बढ़ोतरी के विरुद्ध 31 जनवरी को प्रदर्शन करेगी। संगठन के जिलाध्यक्ष रमाशंकर सिंह पटेल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर 'आप' कार्यकर्ता जिला मुख्यालय पहुंचकर चेतावनी देने संग धरना-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि नागरिक महंगाई से परेशान हैं और सरकार बिजली दरों में बढ़ोतरी कर जनता की समस्या को और बढ़ा रही है। जबकि बीते चुनाव के दौरान बिजली के रेट में कमी करने का वादा किया गया था।

अराजकतत्वों ने तोड़ी बाबा साहब की प्रतिमा

दबंगई

मौके पर सीओ के साथ पहुंची कई थानों की पुलिस

नई प्रतिमा लगाने के आश्वासन पर शांत हुए ग्रामीण

रेवती। थाना क्षेत्र अंतर्गत चौबे छपरा ग्राम सभा स्थित बौद्ध बिहार प्रांगण में स्थापित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को रात में अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सुबह किसी ग्रामीण की नजर बाबा साहेब की क्षतिग्रस्त प्रतिमा पर पड़ी तो उसने अन्य लोगों को इसकी सूचना दिया। फिर क्या था? बाबा साहब की प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की सूचना जंगल में लगी आग की तरह फैल गई। इसी बीच किसी ग्रामीण द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी बैरिया मोहम्मद उस्मान सहित कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई।

सीओ बैरिया द्वारा वहां जुटे आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नहीं हुए। अंत में सीओ बैरिया द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की नई प्रतिमा स्थापित कराने के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए। रेवती थाना क्षेत्र के छपरा ग्राम सभा स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को बीती रात असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। असामाजिक तत्वों ने बाबा साहब के प्रतिमा की बायीं बांह तथा दाहिने हाथ की छड़ी को उखाड़ कर अलग कर दिया था।

चौबे छपरा स्थित बौद्ध बिहार प्रांगण में जुटी भीड़

शनिवार की सुबह किसी ग्रामीण की नजर प्रतिमा पर पड़ी तो वह अवाक रह गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना अन्य लोगों को दिया। देखते ही देखते मौके पर काफी भीड़ इकट्ठी हो गई। सूचना मिलते ही सीओ बैरिया, प्रभारी निरीक्षक रेवती हरेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक बैरिया धर्मवीर सिंह, थानाध्यक्ष हल्दी सुनील सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गये।

बताया जाता है कि चार वर्ष पहले भी इसी बौद्ध विहार प्रांगण में स्थापित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। मौजूद लोगों का कहना है कि इस कृत्य को करने वाले लोगों को पुलिस द्वारा तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजना चाहिए। पुलिस प्रशासन द्वारा बाबा साहेब की नई प्रतिमा लगाए जाने की कवायद जारी है।

कैडेटों ने मार्च पास्ट कर दी सलामी

रसड़ा। बाबा रामदल सूरज देव महाविद्यालय पकवाइनार में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि सुहेल भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात एनसीसी कैडेट्स द्वारा सलामी दी गयी व मार्च पास्ट किया गया।

महाविद्यालय के व्यवस्थापक शिवेंद्र बहादुर सिंह ने लोकतंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ कर देश की सेवा के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रशांत कुमार सागर, आनन्द विक्रम सिंह, डॉ. अखिलेश कुमार, आनन्द यादव, डॉ. अब्दुलरब, भागवत त्रिपाठी, लक्ष्मी सिंह, अशोक सिंह, अंशु राजभर आदि उपस्थित रहे।

नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

रसड़ा। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनायी गई। स्कूल के निदेशक इंदिरा सिंह, प्रिंसिपल चंद्रानी बनर्जी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने वृक्षों की कटाई के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए संगीतमय नाटक 'काटो नहीं, दुखता है' प्रस्तुत किया। नाटक का संचालन ज्ञानेन्द्र मौर्य ने किया। तत्पश्चात छात्रों, अभिभावकों और स्कूल के कर्मचारियों ने मानव श्रृंखला बनायी, जिसके माध्यम से बढ़ते प्रदूषण के कारण होने वाली मानवीय त्रासदी के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। रितेश गुप्ता को स्वर्ण, आदित्य भारद्वाज और रुद्र प्रताप सिंह को संयुक्त रूप से रजत पदक विजेता घोषित किया गया। निहारिका सिंह ने कांस्य पदक जीता।

ऐश्प्रा की तीसरी वर्षगांठ पर जमकर खरीदारी

वर्षगांठ

विधायक ने दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद काटा केक

बलिया। नगर के कासिम बाजार स्थित शिव कुटीर में ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स शो-रूम की तीसरी वर्षगांठ पर रविवार को जमकर खरीदारी हुई। तीन दिवसीय भव्य ज्वेलरी प्रदर्शनी का आगाज बांसडीह विधायक केतकी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद केक काटकर किया। इस दौरान विधायक केतकी सिंह ने कहा कि बलिया में ऐश्प्रा शो-रूम होना अपने आपमें बड़ी बात है। उन्होंने ऐश्प्रा शो-रूम बलिया के आनर राहुल सर्राफ को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के श्रृंगार से संबंधित जो ज्वेलर्स ऐश्प्रा में हमने देखा है, वह काबिलेतारीफ है। कहा कि मैं महिला विधायक हूं। मेरी भी इच्छा है कि मैं भी यहां से अपने पसंद का एक भी आभूषण खरीदूं। जितने भी गहने मेरे सामने दिखाये, वे काफी सुंदर और आकर्षक है। इस अवसर पर राहुल सर्राफ ने विधायक केतकी सिंह को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

शो-रूम में जिले के लगभग सभी मीडिया कर्मी मौजूद रहे। उनके सामने विधायक केतकी सिंह ने ऐश्प्रा शो-रूम की जमकर बड़ाई की। गौरतलब हो कि बलिया में ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स लगातार तीसरी बार ऊंचाईयों पर विराजमान हैं। वर्षगांठ पर ग्राहकों को विशेष छूट भी दिये जा रहे है। इसका लाभ उठाने के लिये लोग पहुंच रहे है। सबसे ज्यादा महिलाओं की भीड़ देखी गयी।

ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करती विधायक केतकी सिंह

प्रदर्शनी में आभूषण देखती विधायक केतकी सिंह एवं अन्य

31 तक चलेगा आयोजन

बलिया। ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स शो-रूम के राहुल सर्राफ ने बताया कि हीरे के मूल्य पर 15 प्रतिशत की छूट, सोने के आभूषणों की मेकिंग चार्जेच पर 15 प्रतिशत की छूट एवं सोने के आभूषणों की खरीदारी पर चांदी के आभूषण मुफ्त दिये जा रहे है। यह आयोजन 29 से लेकर 31 जनवरी तक चलेगा।

वरिष्ठ नागरिक सेवा समति ने शान से फहराया तिरंगा

बलिया। गड़वार रोड स्थित कैम्प कार्यालय वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति 26 जनवरी 74वां गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समिति के मुख्य सचेतक सूबेदार दूबे द्वारा झण्डा रोहण किया गया। एक विचार गोष्ठी की गई जिसमें समिति के मंत्री सूरज समदर्शी द्वारा देश के शहीदों पर प्रकाश डालते हुए देश की एकता, अखण्डता एवं समरसता का संकल्प दोहराया। मौके पर सूरज समदर्शी, सत्यप्रकाश पाण्डेय, कमलेश, रामनाथ पासवान, नगेन्द्र श्रीवास्तव, अनन्त प्रसद, राजेन्द्र चैधरी, सुशील यादव, मोतीलाल राम, नन्दल लाल राम, राजकुमार यादव, सिद्धनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

चोरी की घटनाओं का नहीं हुआ खुलासा, आक्रोश

बलिया। सुखपुरा चट्टी पर स्थित एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र से लाखों रुपए की चोरी का खुलासा घटना के 22 दिनों बाद भी सुखपुरा पुलिस नहीं कर सकी। यही नहीं, इसके कुछ दिनों पूर्व हुई सोलर लाइट की नौ बैटरी, शहीद स्मारक परिसर की हजारों रुपए के पुस्तकों की चोरी का भी पुलिस अभी तक पता नहीं लगा पाई। एसपी के निर्देश पर घटना के 15 दिनों बाद ग्राहक सेवा केंद्र के चोरी का मुकदमा तो दर्ज हुआ, लेकिन मुकदमा दर्ज होने के सात दिनों बाद भी पुलिस चोरी का पर्दाफाश करने के प्रति गंभीर नहीं है। अब आम जनमानस भी पुलिस की उदासीनता पर सवालिया निशान लगा रहा है। बीते 8 जनवरी को ग्राहक सेवा केंद्र का ताला तोड़कर चोर एक लाख 72 हजार नगद, हार्ड डिस्क और लैपटाप सहित अन्य कीमती सामान लेकर चले गए थे। इसके पूर्व 24 दिसंबर को सुखपुरा चट्टी पर लगाए गए नौ सोलर लाइट की बैटरी व 28 दिसंबर को शहीद स्मारक परिसर से हजारों की पुस्तकें चोरी चली गई थी।

अपने आवास से तत्कालीन ग्राम प्रधान गिरफ्तार

कसा शिकंजा

अन्य अभियुक्तों की तलाश कर रही ईओडब्ल्यू की टीम

गिरफ्तार तत्कालीन ग्राम प्रधान

बैरिया। ईओडब्ल्यू लखनऊ पुलिस महानिदेशक आरके विश्वकर्मा द्वारा चलाये गये अभियान और पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू वाराणसी के निर्देशन में निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा रविवार को बैरिया थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर के तत्कालीन ग्राम प्रधान चन्द्रकान्त तिवारी को उनके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया है।

निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध बैरिया थाना में मुकदमा अपराध संख्या 66ए/2006 धारा 409, 420, 467, 468, 471, 477ए, 218, 201, 120 बी भादवि का अपराध पंजीत है। गिरफ्तार तत्कालीन ग्राम प्रधान द्वारा सह अभियुक्तों से मिलकर वर्ष 2002 से 2005 के दौरान बैरिया ब्लाक के ग्राम पंचायत गोपालपुर में ग्राम पंचायत अंश से विभिन्न परियोजनाओं में मिट्टी भराई, नाली निर्माण, खडंजा, पटरी मरम्मत, सम्पर्क मार्ग, सीसी और पुलिया निर्माण आदि कार्यों में अनियमितता और आपराधिक कृत्य किया जाना पाया गया। इनके द्वारा पेमेंट आर्डर, मस्टर रोल में कूटरचना कर मजदूरों के फर्जी हस्ताक्षर के साथ-साथ मस्टर रोल में फर्जी मजदूरों के नाम-पता अंकित करते हुए फर्जी निशानी अंगूठा बनाया जाना पाया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को भ्रष्टाचार कोर्ट वाराणसी में पेश किया जायेगा। प्रकरण में शामिल अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है। ईओडब्लू के निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा ने जानकारी दिया है कि वर्ष 2002 और 2005 के मध्य केन्द्र सरकार और उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण परिवारों में अति निर्धन, गरीब बाल श्रमिकों के माता-पिता को रोजगार देकर खाद्यान्न और नकद धनराशि का भुगतान किया जाना था। कार्यक्रम को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी जनपद के विभिन्न विभागों के शीर्ष अधिकारियों और ग्राम्य विकास से जुड़े अधिकारियों को दी गई, लेकिन इनके द्वारा नियमों और मानकों की अनदेखी करके योजना को असफल कर दिया गया।

ग्राम पंचायत अंश से जुड़े इस प्रकरण में ईओडब्ल्यू वाराणसी ने अपनी जांच में जनपद के अधिकारियों, ब्लाक स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ सेक्रेटरी, कोटेदार और ग्राम प्रधान को भी दोषी पाया है।

चिकित्सकों ने 965 मरीजों की जांच कर दी दवा

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का फीता काटकर शुभारंभ करते सीएमओ डॉ. जयंत कुमार

बलिया। 1857 के महानायक अमर शहीद मंगल पाण्डेय की जयंती पर कदम चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत कुमार ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का फीता काट कर शुभारंभ किया। शिविर में 965 मरीजों का पंजीकरण किया गया। साथ ही दवाओं का वितरण के साथ खून की जांच की गई।

शिविर में डा. स्वास्तिका पाण्डेय, डा.डी राय, डा.जितेंद्र कुमार सिंह, डा. शशिकला सिंह, डा.गोपाल स्वरुप, डा. अजीत सिंह, डा.कृष्णा सिंह, डा.रितेश सोनी, डा.अनिल सोनी, डा.डी प्रसाद, डा. दीपक कुमार, डा. प्रभात शर्मा, डा. अभिषेक गुप्ता, डा. गौरव राय, डा. आदित्य सिंह, डा. मनोज सिंह, डा. अवधेश यादव, डा. सिद्धार्थ मणी दूबे, डा. मनोज कुमार सिंह, डा. अमित कुमार, डा. जीके चौरसिया, डा. आनन्द यादव, डा. हरेंद्र सिंह, डा. प्यारे मोहन, डा. धर्मपाल आदि मौजूद रहे। शहीद मंगल पाण्डेय स्मारक समिति कदम चौराहा के अध्यक्ष शशिकांत चतुर्वेदी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत सभी डाक्टर को माला पहनाने के बाद अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। इस अवसर पर सपा के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, सियाराम यादव, अनिल, सभासद ददन यादव, अभिज्ञान, छोटे लाल यादव, अवधेश यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन संतोष तिवारी ने किया।

संक्षेप

चयन ट्रायल्स 31 एवं एक को

बलिया। खेल निदेशालय उप्र के तत्वावधान में यूपी कुश्ती एसोसिएशन के समन्वय से प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन तीन से पांच फरवरी तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय झांसी में किया जा रहा है। इसमें भाग लेने के लिए आजमगढ मण्डल की टीम हेतु जनपदीय चयन/ट्रायल्स 31 जनवरी को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया में एवं मण्डलीय चयन/ट्रायल्स 01 फरवरी को सुखदेव पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम आजमगढ़ में प्रातः 10 बजे से किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी तीन से पांच फरवरी तक क्षेत्रीय खेल कार्यालय झांसी में आयोजित प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यालय दिवस में जिला क्रीड़ा अधिकारी से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।

नौ छात्रों को इंटर्नशिप मिलने पर दी बधाई

बलिया। समाज कार्य विभाग के छात्रों को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद् के अंतर्गत कुल नौ छात्रों को इंटर्नशिप प्रदान किया गया है। कुलपति प्रो. कल्पलता पाण्डेय ने विभाग के प्रथम और तृतीय सत्र के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप में चयनित होने पर बधाई दी। कुलपति ने कहा कि शिक्षा विकास का एक ऐसा माध्यम है, जिससे हम किसी भी ऊंचाईयों को हासिल कर सकते हैं। आप सभी ने माता-पिता, गुरुजनों और समाज कार्य विभाग के अध्यापकों के प्रयास से विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। इस इंटर्नशिप के अंतर्गत छात्रों को ग्रामीण शिक्षा के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक कार्य के माध्यम से ग्रामीण समुदाय का विकास एवं शिक्षा के विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर अभिषेक चौबे, अनिकेत गुप्ता, स्वीटी दुबे, नेहा पाण्डेय, कुमारी बबली, प्रशांत उपाध्याय, कृष्णा प्रताप यादव, आदित्य पाण्डेय, मनीष निगम आदि उपस्थित रहे।

घर में घुसे युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

बैरिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के पहाड़ गिरी मठिया गांव निवासी राहुल यादव के घर में शनिवार की रात बदनियति से घुसे अर्जुन यादव को घर के लोगों एवं पड़ोसियों ने नजायज पिस्टल व बिना नम्बर की पल्सर मोटरसाइकिल के साथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि राहुल यादव ने तहरीर दिया है कि शनिवार की रात दोकटी थाना क्षेत्र के गोपालपुर निवासी अर्जुन यादव मेरे घर में घुस गए और मेरे भाई गुड्डू यादव को लात-घुसे से मारने-पीटने लगे। मेरे भाई के चीखने-चिल्लाने पर मैं और मेरे पड़ोसी उसे पकड़ने पहुंचे तो वह पिस्टल लहराते हुए भागने लगा, लेकिन ग्रामीणों के सहयोग से उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। रात में ही मुकदमा दर्ज कर रविवार को आरोपी को पुलिस ने चालान न्यायालय कर दिया।

आंदोलन की बनायी रणनीति

बलिया। आल गोंडवाना स्टूडेंट एसोसिएशन एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की संयुक्त बैठक रविवार को माडल तहसील पर हुई। इसमें आंदोलन की रणनीति तय की गई। लल्लन प्रसाद गोंड ने कहा कि गोंड-खरवार आदिवासी जनजाति समुदाय के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आर-पार की छेड़ी जायेगी। अरविन्द गोंडवाना एवं मनोज शाह ने संयुक्त रूप से कहा कि गोंड-खरवार को सुगमतापूर्वक जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग को लेकर 13 मार्च को माडल तहसील बलिया पर घेरा डालो-डेरा डालो, जेल भरो आंदोलन प्रारंभ किया जायेगा। इस अवसर पर दादा अलगू गोंड, सुमेर गोंड, उमाशंकर गोंड, सुचित गोंड, जीउत गोंड, संजय गोंड, ओमप्रकाश गोंड, राजू खरवार, महेन्द्र गोंड, रामचंद्र गोंड, लक्ष्मण, बेचू, सुदेश साह, सुरेश शाह आदि मौजूद रहे।

स्वामी प्रसाद के बयान पर क्यो चुप हैं अखिलेशः केतकी

बलिया। नगर के एक ज्वेलरी के शो-रूम पर कार्यक्रम का शुभारंभ करने पहुंची विधायक केतकी सिंह से पत्रकारों का सवाल-जबाब होने लगा। विधायक केतकी सिंह ने कहा कि सपा का हर एक कार्यकर्ता एवं विधायक की सोच ही यही होती है कि हमारे हिन्दू धर्म विरोधी बयान दें। यह शीशे की तरह साफ होता जा रहा है कि कौन हिन्दू धर्म का विरोधी है। कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान की पूरे देश में निंदा हो रही है। पूरे हिन्दू समाज का खून खौल रहा है। आप बताईये कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उस बयान की निंदा की। कोई बयान दिया। क्यो चुप है अखिलेश। रामचरित मानस एक किताब नहीं, बल्कि ग्रंथ है। हर हिन्दू इसमें आस्था रखते है। इस धर्म के विषय में अखिलेश यादव की पार्टी के विधायक इस तरह का बयान दिया। इससे क्या साबित होता है। हमे तो लगता है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का जो विचार है, उसी पर स्वामी प्रसाद मौर्य चल रहे है।

मंडियों में मटर के दाम में आयी गिरावट

बैरिया। इस बार छेमी का रकबा बढ़ा था। ऐसे में फिलहाल मंडियों में मटर के दाम में भारी गिरावट आई है। लोकल मंडियों में अब हरा मटर 13 से 15 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। दो सप्ताह पहले मटर की कीमत 28 से 30 रुपये प्रति किलो था। बीते समय दुबारा बाढ़ आने से मटर का सीजन दो सप्ताह देरी से शुरू हुआ है। कई इलाकों में अभी मटर का तुड़ान शुरू नहीं हो सका है। स्थानीय मंडियों में गिरे दामों से किसानों को झटका लगा है। रविवार को रानीगंज एवं सुरेमनपुर की सब्जी मंडी में मटर 15 रुपये प्रति किलो बिकी। किसान मुन्ना सिंह, रमेश पाण्डेय, अरुण सिंह, उमेश पाण्डेय ने कहा कि मटर के रेट में गिरावट आई है। इससे किसानों की कमर टुट गयी है। उन्होंने कहा कि दो हफ्ते पहले तक रेट सन्तोषजनक था। सब्जी मंडियों में मटर 30 रुपये प्रति किलो तक बिका। इसके बाद लगातार मटर के रेट में गिरावट आई है। क्षेत्र के धतुरी टोला, टोला सेवक राय, दलन छपरा, रामपुर, बाजिदपुर, रामपुर कोड़रहा आदि गांवों के किसानों ने बैंक से ऋण लेकर मटर की खेती किया है।

विचार गोष्ठी आज

बलिया। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल बलिया के तत्वावधान में 30 जनवरी को पूर्वाह्न 10 बजे से टाउन हाल में हिन्दू ही आगे विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। इसके मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया होंगे।

एक हेक्टेयर जमीन का कराया गया बैनामा

पहल

एसडीएम ने की विकास कार्य में सहभागिता की अपील

बैरिया। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना निर्माण हेतु काश्तकारों से जमीन क्रय करने का कार्य तेजी पर है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए रविवार को भी बैनामे की प्रक्रिया चालू रही। उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने बताया कि बिना छुट्टी के सप्ताह के सातों दिन बैनामा किया जा रहा है।

रविवार को पूर्व सांसद भरत सिंह, उनके अनुज त्रिभुवन सिंह तथा उनके परिवार के त्रिलोकी सिंह, संजय सिंह आदि द्वारा ग्राम इब्राहिमाबाद ऊपरवार तथा चांददियर की जमीन बैनामा किया गया। इसके अतिरिक्त अभी तक कुल 134 हेक्टेयर भूमि क्रय की जानी है। इसमें 25 हेक्टेयर काश्तकारों से तथा 36 हेक्टेयर सरकारी भूमि इस तरह कुल 61 हेक्टेयर भूमि क्रय की जा चुकी है। रविवार को एक हेक्टेयर जमीन का बैनामा हुआ।

तहसील प्रशासन द्वारा काश्तकारों को बलिया के विकास पथ पर जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सुलभ आवागमन के लिए बुलेरो, ई-रिक्शा, टेंपो इत्यादि की व्यवस्था की गई है। कुल 500 काश्तकारों से भूमि क्रय की जा चुकी है, जिसमें से 450 काश्तकारों के जमीन के एवज में मिलने वाले धन का भुगतान भी किया जा चुका है। एसडीएम ने सभी काश्तकारों से आग्रह किया है कि यथाशीघ्र भूमि के रेस्टोरेशन के लिए जमीन का बैनामा करा कर विकास कार्य में सहभागिता करें।

दीनबंधु प्रसाद अध्यक्ष व महामंत्री बने रामजी गुप्त

बलिया। गड़वार ब्लाक के सामने छबीला साहू के प्रांगण में रविवार को समग्र कान्दू वैश्य कल्याण समिति की बैठक हुई। इस दौरान जिला समिति के अन्तर्गत क्षेत्रीय इकाई गड़वार का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से दीनबंधु प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष, रामजी गुप्ता को महामंत्री, संजय गुप्ता को उपाध्यक्ष, संजय गुप्ता द्वितीय को कोषाध्यक्ष, गौतम गुप्ता को संगठन मंत्री, पवन गुप्ता को सूचना मंत्री तथा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कृष्णावतार गुप्ता, हीराचंद गुप्ता, चंद्रिका प्रसाद आदि को चुना गया। जिलाध्यक्ष पंचानंद गुप्ता ने कहा कि कान्दू जाति की जनसंख्या बलिया सहित सम्पूर्ण उप्र में लगभग पांच प्रतिशत है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में स्वजातीय बंधुओं से कमर कसकर तैयार रहने के लिए आह्वान किया। इस दौरान कानूनगो स्व. रमाकांत गुप्ता, दीनानाथ, भागवत के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। मौके पर फतेहचंद, ईश्वरचंद, जवाहर लाल, रामाशंकर, शमशेर, उमेशचंद्र, एडवोकेट देवेंद्र नाथ गुप्ता, प्रदीप गुप्ता आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता रामाशंकर और संचालन पवन गुप्ता ने किया। सभी का आभार पंकज कुमार गुप्ता ने व्यक्त किया।

चंदौली की टीम का डायमंड ट्रॉफी पर कब्जा

नगरा। नगरा डायमंड क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में चल रहे राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच चंदौली एवं जबलपुर के बीच खेला गया। इसमें मासूम क्रिकेट क्लब चन्दौली की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जबलपुर की टीम को भारी रनों के अन्तर से हराकर नगरा डायमण्ड ट्राफी पर कब्जा जमा लिया।

प्रथम पाली का उद्घाटन राजबहादुर सिंह अंशु ने किया। तत्पश्चात चंदौली की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 25 ओभर में सात विकेट पर 231 रन बनाया। दूसरी पाली का उद्घाटन इस्तियाक भाई व पूर्व प्रधान प्रतिनिधि रिजवान भाई ने संयुक्त रूप से किया। जबाब में खेलने उतरी जबलपुर की टीम महज 196 रन ही बना सकी। खेल के बीच में माडर्न एकेडमी के छात्राओं ने तिरंगा ड्रेस व कैप में मार्च फास्ट कर खिलाडियों का हौसला बढ़ाती रही। विजेता टीम चन्दौली को बसपा नेता मु. इस्तियाक अहमद ने ट्राफी प्रदान किया। वहीं, उप विजेता टीम जबलपुर को भाजपा नेता काशीनाथ जायसवाल ने ट्राफी प्रदान की। भाजपा नेता योगेन्द्र यादव, हियुवा के राजीव सिंह चन्देल, थानध्यक्ष वृजेश सिंह, समरजीत सिंह व डा. शशिप्रकाश कुशवाहा ने चंदौली के आर्यन रघुवंशी को मैन आफ द मैच तथा आदित्य मिश्र को मैन आफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया।

इस अवसर पर शहबान ग्रूप के एमडी मुहम्मद इमरान, आलोक शुक्ला, अरविन्द सिंह, देवनारायण देवा भाई, राजू सिंह चन्देल, ओके जायसवाल, राजेश गुप्ता दीपू, कृष्णमोहन, राजू सोनी, अवैश हाशमी, इम्तियाज, रामायण, अखिलेश, शिव मोहन यादव, सन्तोष सिंह, राजेश, रामप्रकाश, दिव्य प्रताप, धर्मराज सिंह विक्की, राकेश, रवीश, अम्बिकेश कन्नौजिया आदि मौजूद रहे। आयोजक मण्डल के अब्दुल्ला शाह, जयप्रकाश जायसवाल, चन्दन सिंह, अरुण पाण्डेय चुलबुल, अब्दुल्ला शाह, बशीर शाह, आसिफ हाशमी, दिलिप सिंह, मु. समीप, कृष्णा यादव, राजेश यादव आदि ने मुख्य अतिथि सहित आगन्तुकों को स्वागत किया। उद्घोषक डा. संजय सिंह व अमरेश त्रिपाठी, लाइव ब्राडकास्टिंग अयान व सानू, स्कोरर अरबाज व धनपाल, एम्पायर सोनल चन्द्रा शाहजहांपुर व मिथिलेश बलिया रहे। संचालन अरविन्द नारायण सिंह ने किया।

संक्षेप

श्रद्धा पूर्वक मनाया गया संत बाबा गंगा दास निर्वाण दिवस

मऊ। महान संत बाबा गंगा दास जी की शताब्दी समाधि वर्ष के उपलक्ष में माता चंडी सागर धाम अस्तुपुरा में उनके अनुयायियों ने निर्वाण दिवस श्रद्धा और उत्साह पूर्वक मनाया। शताब्दी निर्वाण दिवस के अवसर पर धर्म जागरण समन्वय विभाग साधु संत के गोरक्ष प्रांत के प्रमुख और श्री शीतला माता मंदिर के पुजारी दीपक महाराज ने बाबा गंगा दास जी महाराज को उच्च कोटि का संत बताते हुए कहा कि उन्होंने भारत की संत परंपरा को मजबूती प्रदान किया। आज के 100 वर्ष पूर्व उनके जैसा अलौकिक व्यक्तित्व का कोई भी संत मऊ की धरती पर नहीं था। उनके अनुयायियों को उनकी शिक्षाओं को लेकर ही चलना होगा तभी इस जगत का कल्याण हो सकता है। इस अवसर पर सुंदरकांड का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री शीतला माता मंदिर के पुजारी पप्पू जी महाराज ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अखिलेश राय, समीर राय, संदीप राय, डॉक्टर संदीप राय, संजय राय, सुधीर राय हैप्पी राय, अभय नारायण राय, डॉक्टर राहुल राय, महेंद्र राय, हरे कृष्ण उपाध्याय, प्रवीण राय, रामजी उपाध्याय, मनोज राय, पूर्व सभासद विनोद गुप्ता, छेदी सोनकर, रामनवमी प्रजापति इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

शहर में जल्द से जल्द हो मल्टी स्टोरी पार्किंग की व्यवस्था

मऊ। रविवार को उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों की एक बैठक निजामुद्दीनपुरा स्थित कैम्प कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भाई अजय साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण बरनवाल ने कहा कि बढ़ती आबादी एवं गाड़ियों के आवागमन से शहर में निरन्तर जाम की स्थिति बनी रहती है। आजादी के 75 वर्षों के बाद भी शहर के अन्दर पार्किंग की कोई सुविधा उपलब्ध नही है। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा को इमेल एवं पत्र द्वारा लगातार अवगत कराया जा रहा है। उपस्थित सभी व्यापारियों नें एक स्वर से सरकार से मांग की कि शीघ्र ही शहर के अन्दर आजमगढ़ मोड़ से संस्कृत पाठशाला तक मल्टी स्टोरी पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। ताकि शहर वासियों को जाम से मुक्ति मिल सके। बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अजय साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष जफर अहमद जनता, बृजभूषण गुप्ता, इशरत इकबाल लारी, आशीष वर्मा, अखिलेश मद्धेशिया, मु. अशरफ, अजय बरनवाल, लालबिहारी गुप्ता, तारीख अंसारी, बब्लू ठठेरा, संजय गुप्ता एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे।

मां शारदा ओपेन जिम का हुआ भूमिपूजन, रखी गई आधारशिला

मऊ। सर्वेश्वरी मुक्तिधाम ढेकुलियाघाट स्थित बाबा देहलुदास अखाड़ा के पास मां शारदा ओपेन जिम का भूमिपूजन कर आधारशिला रखी गई। नवरात्रि की अष्टमी पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रसिद्ध चिकित्सक डा. संजय सिंह ने शिला का पूजन-अर्चन किया। डा सिंह ने कहा कि सर्वेश्वरी मुक्तिधाम को दर्शनीय स्थल बनने के साथ ही यहां परंपराओं का संरक्षण किया जाएगा। अखाड़ा निर्माण के बाद जिम होने से युवाओं का झुकाव होगा। कुश्ती के साथ जिम की सुविधायें भी उपलब्ध रहेंगी। धाम प्रबंधक पुरुषार्थ सिंह ने बताया कि शारदा नारायण वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा धाम विकास पर निरंतर कार्य किया जाता रहा है। तमसा तट के इस क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा की रक्षा के लिए लोगों को आगे आने की आवश्यकता है। इस अवसर पर तमसा रक्षक दल के विजय सिंह, राम अवध मौर्य, शशिकांत, धनंजय, रुपचंद, वीर आदि उपस्थित रहे।

सादा जीवन-उच्च विचार के समर्थक थे रज्जू भैया

रज्जू भैया के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग

बलिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चौथे सर संघचालक प्रो. राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया की जयंती पर नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माल्देपुर में संघ के शीत शिविर के क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया के स्वयंसेवक कार्यकर्ताओं तथा विद्यालय परिवार द्वारा उनके चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन किया गया। तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

बोले विनय

देशभर में प्रवास कर स्वयंसेवकों को दी कार्य विस्तार की प्रेरणा

गोरक्ष प्रान्त के सह प्रांत कार्यवाह विनय जी ने कहा कि प्रो. राजेंद्र सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चौथे सर संघचालक थे, जिन्हें सर्वसाधारण जन से लेकर संघ परिवार तक सभी जगह रज्जू भैया के नाम से भी जाना जाता है। वह 1994 से 2000 के बीच संघ के प्रमुख थे। रज्जू भैया ने इलाहाबाद विवि में प्रोफेसर और भौतिकी विभाग के प्रमुख के रूप में काम किया, लेकिन 1960 के दशक के मध्य में आरएसएस को अपना जीवन समर्पित करने के लिए नौकरी छोड़ दी। वह 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय थे। इसी दौरान वे आरएसएस के संपर्क में आए। उसके बाद संघ ने उनके जीवन को प्रभावित किया। उन्होंने 1966 में अपने विश्वविद्यालय के पद से इस्तीफा दे दिया और प्रचारक के रूप में आरएसएस को पूर्णकालिक सेवाएं देने की पेशकश की। कहा कि रज्जू भैया तत्कालीन सरसंघचालक श्रीगुरुजी से अत्यधिक प्रभावित थे। 1943 में रज्जू भैया ने काशी से प्रथम वर्ष संघ शिक्षा वर्ग का प्रशिक्षण लिया। वे सदा तृतीय श्रेणी में ही यात्रा करते थे तथा यात्रा का व्यय स्वयं ही वहन करते थे। 1977 में रज्जू भैया सह सर कार्यवाह, 1978 में सर कार्यवाह व सन 1994 में सर संघ चालक बनें। बीमारी के कारण उन्होंने वर्ष 2000 में सुदर्शन को यह दायित्व दिया। इसके बाद भी वह सभी कार्यक्रमों में जाते रहे। इस अवसर पर भृगु, संजय शुक्ल, तुलसीराम, प्रधानाचार्य अरविंद सिंह, उप प्रधानाचार्य निर्भय निरंजन, ओमप्रकाश, सचिन आदि मौजूद रहे।

रज्जू भैया के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

बैरिया। सोनबरसा स्थित संसदीय कार्यालय पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चौथे सरसंघचालक प्रो. राजेंद्र सिंह रज्जू भैया की जयंती मनाई गयी। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने प्रो. रज्जू भैया की स्मृतियों एवं कृतियों को याद करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। कहा कि रज्जू भैया ने अपना पूरा जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समर्पित कर राष्ट्र को बहुत बड़ा योगदान दिया हैं। राष्ट्र के प्रति उनका त्याग, तपस्या हमेशा समाज को एक नया उर्जा प्रदान करेगा। इस अवसर पर विजय बहादुर सिंह, विजय बहादुर सिंह, ब्लाक प्रमुख कन्हैया सिंह, मदन सिंह, अश्वनी ओझा, रत्नेश सिंह, तारकेश्वर, नंदन, रामप्रकाश, श्याम सुंदर, हरि कंचन आदि मौजूद रहे।

चोरी के प्रयास के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार

मऊ। रविवार को ग्राम खालिसपुर के समीप टेम्पों में बैठी एक महिला के पर्स में से रुपए व जेवरात चुराने का प्रयास करती हुयी दो महिलाए क्रमशः बबली पत्नी नन्दु, नीशू पत्नी विशाल निवासीगण बीहीया रेलवे स्टेशन जनपद आरा बिहार को आस पास के लोगो द्वारा पकड़ कर थाना थाना स्थानीय को सूपुर्द किया गया।

इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तो के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 23/23 धारा 379,511 भादवि. का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

पांच वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। रविवार को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोपागंज पुलिस द्वारा राकेश पुत्र दुखन्ती निवासी जमीन डाड़ी थाना कोपागंज, थाना कोतवाली पुलिस द्वारा छोटेलाल, मूलचन्द्र, बंधन पुत्रगण वनारसी सोनकर निवासीगण मठियाटोला, सलीम पुत्र निजामुद्दीन निवासी अलीनगर बडी कम्हरिया थाना कोतवाली जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

चोरी की बाइक व तमंचा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। रविवार को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान सौसरवा मोड़ से आदित्य गौतम पुत्र जनार्दन गौतम निवासी टेकई थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की एक बाइक एचएफ डिल्क्स नम्बर प्लेट बदला हुआ तथा एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं. 38/23 धारा 411,413,420 भादवि. व बरामद अवैध तमंचा व कारतूस के संबंध में धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

अब मऊ में होगी योगासन लीग चैंपियनशिप

जनसंदेश न्यूज

मऊ। रविवार को योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन की बैठक जेपी हीरो स्थित एसोसिएशन के कार्यालय पर सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा ने की।

मीटिंग में विभिन्न ब्लाकों से योग और खेल से जुड़े शिक्षक उपस्थित रहे। जिसमें सचिव राजन वैदिक ने योगासन के नियम, उसके वैधानिकता, बच्चों के भविष्य पर विस्तार से चर्चा की। विभीन्न ब्लाकों में ऑब्जर्वर नियुक्त किये गए।

घोसी, रतनपुरा, बड़राँव में अरविंद आर्य, कोपागंज में रामनिवास, मऊ नगर, परदहां, रानीपुर में वरुण पाण्डेय, मोहमबदाबाद में मंजू, फतेहपुर मंडाव, दोहरीघाट में कृष्णकांत को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया।

ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के रूप में रतनपुरा से अंजनी सिंह, कोपागंज से कमलेश, परदहां से प्रवीण, रानीपुर से अनिल, चिरैयाकोट से हरेंद्र को नियुक्त किया गया। डीवाईएसए मऊ और युवा भारत द्वारा मऊ जिले की एक टीम तैयार की जाएगी, जिसमें जिले के बेस्ट खिलाड़ी शामिल होंगे। साथ ही आईपीएल की तर्ज पर मऊ योगासन लीग को शुरू किया जाएगा।

सफल होने के लिए निरंतर करें परिश्रम

बलिया। सनबीम स्कूल अगरसंडा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने गणेश वंदना के बाद एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मध्य में विद्यालय के शिक्षकों द्वारा कक्षा 12वीं के छात्रों को स्मृति चिह्न तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। इनमें अधिकांश छात्र-छात्राएं ऐसे थे, जो विद्यालय की स्थापना वर्ष 2013 से ही अनवरत अध्ययन करते आ रहे थे। विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए विद्यालय में बिताए हर पल का वर्णन, अपने चरित्र निर्माण, भाषा कौशल, शीर्ष पर रहने की उपलब्धियों का संपूर्ण श्रेय विद्यालय परिवार को दिया। कार्यक्रम का मुख्य भाग मिस्टर एवं मिस फेयरवेल के चयन हेतु रैंप पर चलकर सतरंगी परिधानों में कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राएं जब मंच पर कतारबद्ध खड़े हुए तो लगा मानो सैकड़ों सितारे फलक से उतरकर जमीं पर आ गए हो। मंचस्थः विद्यार्थियों से अनेकों प्रश्न पूछ कर विद्यालय के निदेशक व प्रधानाचार्या ने अंत में विजेताओं को सम्मानित भी किया। बता दें कि सम्मानित विजेताओं में मिस्टर फेयरवेल का सम्मान छात्र ओम जी तथा मिस फेयरवेल का सम्मान छात्रा अस्मिता तिवारी को प्राप्त हुआ। विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह ने कहा कि मिलन का समय जितना हर्षोल्लास से भरा होता है, विदाई का समय उतना ही करुणा उत्पन्न करने वाला होता है। आप सभी बच्चों का कार्य व अध्ययन सराहनीय रहा है। प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने कहा कि आप सभी अपने अभिभावकों व हमारे आशानुरूप बोर्ड में ही नहीं, अपितु जीवन की प्रत्येक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। आपमें से प्रत्येक बच्चा मिस्टर सनबीम व प्रत्येक बच्ची मिस सनबीम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को जीवन में सफल होने के लिए निरंतर परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया। सभी का आभार एसके चतुर्वेदी ने प्रकट किया। संचालन वैष्णवी, उत्पल, ऋषिकांत, सान्या, सर्वतिका आदि ने किया।

सीएम जन आरोग्य मेले का हुआ आयोजन

सुहवल। रेवतीपुर ब्लाक अन्तर्गत रविवार को विभिन्न पीएचसी पर मुख्यमंत्री स्वास्थ्य जन आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें कुल चार प्राथमिक स्वास्थ्य पर महज 132 मरीज ही पहुंच सके। इनमें सबसे ज्यादा मेदिनीपुर 56 मरीज इस आरोग्य मेला में पहुंचे। लोगों ने बताया कि दिन ब दिन इस मेले से लोगों का रूझान कम होता जा रहा है,जो शासन की मंशा पर सवाल खड़े कर रहा है। लोगों का यह कहना कि पच्चास मरीजों तक का आंकडा छूने में महकमें के पसीने छूट रहे है। जिसका प्रमुख कारण इस स्वास्थ्य मेले में उच्च स्तर की चिकित्सकीय सुविधा व विशेषज्ञ डाक्टरों का टोटा है। जिसके चलते यह स्वास्थ्य मेला बेमतलब साबित हो रहा है। इस संबंध में रेवतीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक व प्रभारी अधिकारी डा. अनिल कुमार ने बताया कि मेले के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाता है,जिसमें आए हुए मरीजों का स्वास्थ्य चेक अप व दवाओं का निः शुल्क वितरण किया जाता है।

सीएम आरोग्य मेला कागजों तक सीमित

मरदह। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शुमार मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला सिर्फ कागजों पर सिमटा,मेला में सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। ब्लाक के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कोई भी सर्जन,महिला चिकित्सक,बाल रोग विशेषज्ञ,नेत्र चिकित्सक नहीं होने से मरीजों को अन्यत्र ही इलाज कराना पड़ रहा है। सभी केंद्रों पर उचित जांच की सुविधाएं भी मयस्सर नहीं है। एक्सरे, अल्ट्रासाउंड सहित खून संबंधित दर्जनों जांच के लिए दूर दराज ही जाना पड़ता है। रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विकास खंड क्षेत्र के चार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कुल 92 मरीजों ने परीक्षण परामर्श के साथ निःशुल्क पंजीकरण सहित दवा प्राप्त किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पर डा. अशोक कुमार सिंह 37 मरीजों को देखा साथ ही साथ प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र मटेहूँ में डॉ.राजीव गोंड ने 16,प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पाडेयपुर राधे में डॉ.आसिफ लारी ने 24 तथा प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र अविसहन में डॉ.इमरान उस्मानी ने 15 मरीजों का इलाज किया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक नहीं

मरीज परेशान

सीएमओ ने चिकित्सक की तैनाती को लेकर झाड़ा पल्ला

जनसंदेश न्यूज

नगसर। स्थानीय क्षेत्र के न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगसर स्टेशन पर पिछले दो वर्षों से किसी डाक्टर की तैनाती नही होने से क्षेत्रीय ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। दर्जनों गांवों के मध्य मात्र एक स्वास्थ्य केंद्र है जंहा गरीब मजदूरों व गांव के असहाय लोगों को दवा व उचित इलाज मिलता है। लेकिन डॉक्टर के अभाव मे लोग उचित इलाज नही करवा पा रहे हैं।

क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवी लोग सिर्फ मौखिक बात करके जनता को भ्रमित करने और निजी कार्यो की पूर्ति में ही लगे हैं ग्रामीणों का यह आरोप है कि सिर्फ वार्डबॉय और स्वीपर के भरोसे ही यह अस्पताल टिका हुआ है लेकिन डॉक्टर के अभाव में उचित इलाज नही मिल पा रहा है।अगर जल्दी ही डॉक्टर की तैनाती नही किया गया तो क्षेत्रीय ग्रामीण धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार व स्वास्थ्य विभाग की होगी। **विशुनपुरा निवासी वीरेंद्र नाथ तिवारी** ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की मनमानी और सरकार की स्वास्थ्य के प्रति घोर लापरवाही से ग्रामीण जनता कराह रही है और जनप्रतिनिधियों सहित सरकार की कोई भी व्यवस्था ग्रामीण स्तर पर नही दिख रही है। अवन्ति निवासी राजेन्द्र का कहना है कि दो साल से अधिक समय से प्रसव केंद्र भी बन्द होने व डॉक्टर की तैनाती नही होने से क्षेत्रीय महिलाओं को सुदूर यात्रा करके शहरों में जाना पड़ रहा है जिसमे कभी कभी कई तरह की समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है और अनहोनी का डर बना रहता है।

न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगसर।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर हरिगोबिन्द सिंह ने बताया कि यह समस्या ऊपर से ही है सबको पता है, लेकिन दवा व डॉक्टर का अभाव है जिससे यह समस्या बना हुआ है इसमे हमारे बस में कुछ भी नही है।

नगसर निवासी गुड्डु राम का कहना है कि डॉक्टरों की तैनाती नही होने से आमजन को उचित इलाज नही मिल पा रहा है। क्षेत्रीय ग्रामीणों का आरोप है कि एक ओर सरकार सड़क और स्वास्थ्य के प्रति बहुत बढ़िया व्यवस्था करने का डंका पीट रही है वंही इस पूरे क्षेत्र में सड़क और स्वास्थ्य के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जा रहा है अस्पताल में दो वर्षो से कोई डॉक्टर है न प्रसव केंद्र खुल रहा है यह खराब स्वास्थ्य व्यवस्था सरकार के मुंह पर तमाचा है। रेवतीपुर के प्रभारी डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि पूरे क्षेत्र में डॉक्टरों की कमी है जिससे तैनाती नही हो पा रही है।

संक्षेप

24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमि पूजन संपन्न

कासिमाबाद। 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमि पूजन रविवार को क्षेत्र के प्रभु नारायण सिंह महाविद्यालय के परिसर में संपन्न हुआ।भूमि पूजन का कर्मकांड जिला शक्ति पीठ मुख्य ट्रस्टी सुरेंद्र सिंह के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रबंधक बृजभान सिंह बघेल शिलाजीत सिंह जयराम सिंह ,ओम प्रकाश श्रीवास्तव, राजेश्वर प्रसाद ,रामजी सिंह, मुन्नी श्रीवास्तव, मनोकामना तिवारी सहित सभी पुरुष व महिला मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहीं।

राजेश कुशवाहा सपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में नामित

गाजीपुर। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा कर दिया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जनपद के पूर्व राज्यसभा सांसद अरविंद कुमार सिंह और पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश कुशवाहा भी बतौर सदस्य शामिल हैं। जनपद के दौरे पर आए जावेद आब्दी का राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव नामित होने पर पार्टी कार्यालय समता भवन पर जिलाध्यक्ष रामधारी यादव के नेतृत्व में माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष रामधारी यादव ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए अरविंद कुमार सिंह और राजेश कुशवाहा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य नामित किए जाने पर राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

जल निगम की टंकी नहीं उगल रही पानी, ग्रामीण परेशान

कासिमाबाद। सुकहा स्थित जल निगम पानी टंकी से आठ दिनों से पेयजल सप्लाई ठप पड़ी है। शुद्ध पेयजल के लिए बाजारवासी और ग्रामवासी परेशान हैं। पानी न आने से सुकहा, सोनवर्षा, कोड़रा, विशुनपुर, कुतुबपुर, बड़ागंव, सहबाजपुर के गांव के सैकड़ों घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। क्षेत्र निवासी,राजू कुशवाहा, रामजी चौरसिया, अजय बर्मा,पियुस वर्मा, बृजेश सिंह,अखिलेश यादव,अजय बरनवाल, रोहित गुप्ता,कपुर्चनद जायसवाल, सोनू का आरोप है कि इस पानी टंकी आठ दिनों से पेयजल सप्लाई नहीं हो रही है।

दिलदारनगर जीआरपी चौकी प्रभारी बनें संतोष कुमार

दिलदारनगर। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जीआरपी के चौकी प्रभारी शिवसागर का कानपुर के चौकी प्रभारी के पद स्थानांतरण हो गया है। उनके जगह डीडीयू से आए संतोष कुमार ओझा ने चौकी का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर बिदाई के मौके पर फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक बाल गंगाधर व अन्य विशिष्ट लोग उपस्थित रहे।

जनविरोधी कदम उठा रही भाजपा सरकार

कासिमाबाद। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्लॉक कमेटी कासिमाबाद की बैठक स्थानीय कार्यालय पर संपन्न हुई। राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमेरिका सिंह यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार लगातार जनविरोधी कदम उठा रही है। संविधान की संघीय व्यवस्था,कल्याणकारी अवधराड़ा, संवैधानिक संस्थाओं पर हमला कर रही है। दूसरी तरफ देश कि अर्थव्यवस्था बदतर दशा में है। किसान,मजदूर,छात्र, नवजावान,गरीबों का जीवन संकट में है।

नियमों को ताक पर रख हो रहा अवैध खनन

गाजीपुर। सरकार द्वारा निर्धारित खनन नियमों को ताख पर रखकर सदर और सेवराई तहसील क्षेत्र के गांवों में खनन किया जा रहा है। खनन करने वालों पर आरोप लगाते हुए जानकारों का कहना है कि नियमों के अनुसार खनन तीन मीटर से ज्यादा नहीं किया जा सकता, जो फावड़े के द्वारा किया जाना चाहिए। जबकि पांच-पांच पोक लाइन लगाकर खनन किया जा रहा है। साथ ही रात में खनन किया जाना वर्जित है। साथ ही नदी के सूखे क्षेत्र में खनन होना चाहिए। लेकिन नदी के जल की धारा को काटकर रेत निकाला जा रहा है। जो कि सरकार के नियम अनुसार अवैध है। वही खनन कार्य में लगे डंपर कवर होनी चाहिए। जबकि ऐसा नहीं है। खनन करने वाले लोग नियमों की परवाह किए बगैर खनन कार्य में लगे हुए हैं।

शहर बेहाल, जिम्मेदारों का गांवों पर फोकस

गाजीपुर। डेंगू का कहर बढ़ता जा रहा है। पहली बार डेंगू शहर से अधिक गांवों में फैल रहा है। शहर को छोड़ दिया जाए तो सबसे अधिक डेंगू के रोगियों की संख्या और संक्रमित क्षेत्र ग्रामीण इलाकों में हैं। हालांकि शहर भी प्रभावित हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग का सबसे अधिक फोकस शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में हैं। डेंगू को अर्बन एरिया का रोग माना जाता है। फिलहाल इस साल ऐसा नहीं है। डेंगू शहरों के साथ गांवों में भी तेजी से पनप चुका है। इसका असल कारण पंचायतीराज विभाग की लापरवाही है। शासन और प्रशासन के कड़े निर्देश के बाद भी पंचायतों ने गांवों में फागिंग व एंटी लार्वा के छिड़काव को कौन कहे साफ-सफाई तक नहीं कराई गई है। इससे गांवों में डेंगू का प्रकोप शहरों से अधिक हो गया है। नगरों में निकाय प्रशासनों की ओर से औपचारिक फागिंग कराई जा रही है।

ब्रेन स्ट्रोक है खतरनाक, लक्षणों पर रखें नजर

गाजीपुर। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजीव कुमार राय ने ब्रेन स्ट्रोक के संबंध में बताते हुए कहा कि यह बीमार बहुत ही खतरनाक है। इसमें दिमागी दौरे पड़ते हैं। जिसकी वजह से मरीज बेहोश हो जाता है या अजीब अजीब हरकते करने लगता है। कहा कि यह बीमारी मानसिक कमजोरी की वजह से होती है। यह किसी भी व्यक्ति को हो सकती है। लेकिन अधिकांश यह बच्चों और बड़ी उम्र के लोगों में पाई जाती है। डॉ. राय ने बताया कि दौरे पड़ने के अलावा इसके ओर बहुत से लक्षण है जिसमें अचानक ज्यादा गुस्सा आना, चक्कर आना, याददाश्त की कमी होना, चेहरे व गर्दन की मांसपेशियों में बार बार झटके लगना, अचानक डर जाना, बात करने में असमर्थ होना या फिर कुछ समय के लिए बेहोश हो जाना आदि शामिल हैं।

पाइप डालने के नाम पर सड़कों को कर दिया बदहाल

गाजीपुर। शहर में सिवरेज निर्माण के नाम पर नगर की सड़कों को बदहाल कर दिया गया है। पाइप डालने के नाम पर सड़कों को उखाड़ कर छोड़ दिया गया है। जिसके कारण लोगों को अपने घरों तक पहुंचने में दिक्कत पैदा हो रही है। ठेकेदार की इस हठधर्मिता के कारण लोगों में आक्रोश पनप रहा है। स्टेशन रोड, लंका चुगीं, बंसीबाजार, राधेनगर, भुतहियाटाड, सिचाई चौराहा आदि क्षेत्रों में सिवरेज और नाली निर्माण का कार्य जारी है। पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को उखाड़ दिया गया है। पूरे क्षेत्र की सीसी अथवा इंटर लाकिंग सड़कों को जेसीबी अथवा अन्य साधनों से तोड़ कर उसमें पाइप लाइन डाले जाने है। नागरिकों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा सड़कों को तोड़कर तथा खुदाई कराने के बाद कई दिन के लिए छोड़ दिया जाता है। जिससे उस गली से गुजरने वाले लोगों का रास्ता बंद हो जाता है। वहीं, करीब एक माह पूर्व पाइप लाइन बिछाने वाले स्थान को ही सड़क आज भी बदहाल स्थिति में पड़ी हुई है। जिसके कारण करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई पूरे क्षेत्र की सड़क बदहाल हालत में पड़ी हुई है तथा लोगों का रास्तों से निकलना दुश्वार हो गया है। नाराज लोगों ने समय पर सड़क ठीक नहीं होने तथा कार्य में तेजी नहीं बरतने पर ठेकेदार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

राम मंदिर पर विवादित बयान देने वाले नायब तहसीलदार पर गिरी गाज

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। अयोध्या में निमार्णाधीन राम मंदिर पर विवादित बयान देने वाले गाजीपुर के नायब तहसीलदार पर गाज गिर गई। शासन ने शनिवार देर शाम निलंबित कर दिया। नायब तहसीलदार का राम मंदिर पर दिया गया विवादित बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बयानबाजी का मामला सामने आते ही डीएम ने नायब तहसीलदार को सेवराई तहसील से हटाकर जिला मुख्यालय से संबंद्ध करने के साथ शासन को रिपोर्ट भी भेजी थी।

शासन के विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा एवं जिले के नोडल अधिकारी निरीक्षण के दौरान कामाख्या धाम मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए गए थे। उनके साथ सेवराई तहसील में नायब तहसीलदार के पद पर तैनात हिम्मत बहादुर भी गए थे।

बड़ी कार्रवाई

नायब तहसीलदार का विवादों से रहा है नाता

वहां से लौटने के बाद उन्होंने तहसील परिसर में लोगों के बीच विवादित बयान देते हुए मंदिर में पूजा करने वाले लोगों को बेवकूफ बताया था। साथ ही अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को दुकानदारी कहा था। विवादित बयान सोशल मीडिया पर आने के बाद बवाल मच गया था। बड़ी संख्या में लोग ऐसे अधिकारी को निलंबित कर कार्रवाई करने की मांग करने लगे थे।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम आर्यका अखौरी ने कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा था। साथ ही नायब तहसीलदार को जिला मुख्यालय से संबंद्ध कर दिया था। शासन ने शनिवार देर शाम नायब तहसीलदार हिम्मत बहादुर को निलंबित कर दिया।

चंदौली जनपद से कानूनगो से नायब तहसीलदार के पद पर पदोन्नत होकर सेवराई तहसील में आए हिम्मत बहादुर शुरू से ही विवादों से घिरे रहे हैं। सेवराई तहसीलदार अमित शेखर के आवास का ताला तोड़ने के मामले में एसडीएम के द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई की गई थी। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि विवादित बयान देने पर शासन ने नायब तहसीलदार हिम्मत बहादुर को निलंबित कर दिया है।

दबंगों ने घर में घुसकर की मारपीट, दंपति घायल

गहमर। दबंगों द्वारा बेगारी करने से मना करने पर घर में घुसकर दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। ससुर की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया। रामप्यारे चौधरी पुत्र चरितर चौधरी निवासी गांव गहमर (गंगाघाट) ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरे भाई रामअवतार लगभग 5 वर्ष से अपने पुत्र व बहू से अलग होकर मेरे साथ रहते है। जिससे मेरे भाई का पुत्र विजय शंकर मुझसे रंजिश रखता है। मेरे लड़के छोटे-छोटे है, जिसके कारण मै अपनी पुत्री पूनम एवं दामाद को अपने साथ रखता हूं। मेरे भतिजा विजयशंकर चौधरी मेरे दामाद को बेगारी के तौर पर घाँस लाने के लिए कहा तो मेरे दामाद ने ऐसा करने से मना कर दिया। जिसपर विजय शंकर उसकी पत्नी व लड़की घर में घुस कर मेरे दामाद तथा लड़की को लाठी-ड़ंडा लात-घूसा से मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही हम लोगों को धमकी दे रहा है कि मेरा कहा नही मानोगें तो जान से मार दूगां। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर विवेचना किया जा रहा है।

पूजा स्थल की जमीन खाली कराने के लिए अनशन जारी

सरैला गांव में अनशन पर बैठे ग्रामीण।

दिलदारनगर। पूजा स्थल की जमीन को खाली कराने की मांग पर आमरण अनशन तीसरे दिन रविवार को भी जारी। दिलदारनगर, सरैला गांव में पूजा स्थल की जमीन पर से अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर उमा राम और बिरजू राम का आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा।

इस बावत पहले 8 दिन तक ग्रामीणों ने 20 जनवरी से 27 जनवरी तक धरना दिया। पिछले दो साल से इस संबंध में एसडीएम से लेकर डीएम तक कारवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया। लेकिन हर अधिकारी को अवैध कब्जा हटाने की झूठी और फर्जी रिपोर्ट लेखपाल देता रहा है और पूजा स्थल आज भी अवैध कब्जे में है। इस सवाल पर गांव में तनाव की स्थिति है। सरैला के ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि तत्काल मामले का निपटारा नहीं हुआ और अनशनकारियों की हालत बिगड़ी तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। धरना-प्रदर्शन को उमाराम, बिरजू राम, घूरा, जवाहीर पूर्व प्रधान उमेश राम,तौषिफ खांन प्रधान सरैला समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने ली शपथ

शहर स्थित एक पैलेस में ग्रामीण सफाई कर्मचारी शपथ ग्रहण के दौरान जनप्रतिनिधि वं अधिकारी।

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ नवनिर्वाचित ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष मंत्री एवं कोषाध्यक्ष का शपथ ग्रहण के साथ-साथ प्रदेश इकाई में शामिल किए गए प्रदेश पदाधिकारियों का सम्मान समारोह सकुशल रविवार को एक पैलेस में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद विशाल सिंह चंचल रहे। श्री चंचल ने कहा कि कहा कि सफाई कर्मचारियों की जो भी समस्या हमारे संज्ञान में लाई जाएंगे उसको मेरे स्तर से समाधान करने हेतु प्रभावी कार्यवाही किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जिलाध्यक्ष दुर्गेश श्रीवास्तव ने कहा कि सफाई कर्मचारी संगठन को जल्दी मेरी आवश्यकता पड़ेगी मैं पूरी अपनी टीम के साथ सफाई कर्मचारियों के संघर्षों में सहयोग प्रदान करूंगा। शपथ ग्रहण समारोह में अंशुल मौर्य, रोशनलाल, जयप्रकाश बिंद उर्फ गुड्डू ,विनोद चौधरी, ईश्वर यादव, रमेश कुमार गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, जितेंद्र सिंह, राजेश यादव, संतोषी राय, जानकी ,पूनम गोस्वामी अजय कुशवाहा, जवाहिर बिंद आदि रहें।

मूर्ति कला में संदीप ने हासिल किया प्रथम स्थान

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस में जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने सहभागिता किया। जिसमें लेखन, साहित्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद विवाद प्रत्योगिता, निबंध, मूर्तिकला इत्यादि का आयोजन किया गया। उसमें इंटर कॉलेज करंडा के छात्र संदीप कुमार ने मूर्ति कला जैसे कठिन कला में भारत माता की मूर्ति बनाई। जिसे देखकर चयन समिति सम्मोहित होकर उसे सहर्ष प्रथम स्थान प्रदान किया और बार-बार शिक्षक के प्रशिक्षण की तारीफ की। शिक्षक के प्रशिक्षण से प्रसन्न होकर जिला विकास अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक एवं समस्त अधिकारियों ने शिक्षक को भी प्रशस्ति पत्र देते हुए इंटर कॉलेज करंडा के कला अध्यापक अविनाश सिंह गौतम द्वारा छात्रों में कला के प्रति प्रोत्साहन एवं प्रशिक्षण की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर श्री गौतम ने कहा कि यदि हमें बालकों की प्रतिभा का उच्चतम स्तर देखना है तो हमें उनके परीक्षण की कठिनता का स्तर भी बढ़ा देना चाहिए। तभी हम उनके अन्दर निहित समूची संभावनाओं को तराश सकेंगे। ऐसे आयोजनो से बच्चो को अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका भी मिलता है।

शहीद विश्वम्भर सिंह मार्ग बदहाल, राहगीर बेहाल

जनसंदेश न्यूज

सुहवल। युवराजपुर गाँव निवासी एवं सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट रहे शहीद विश्वम्भर सिंह के गाँव को जाने वाला करीब तीन किमी लंबा कालूपुर युवराजपुर मार्ग लोनिवि के उदासीन रवैये के चलते विगत एक दशक से उपेक्षा का शिकार बना हुआ है ।जिसको लेकर क्षेत्रीय ग्रामीणों में रोष है। लोगों ने बताया कि इसको लेकर कई बार महकमें से शिकायत किया गया।लेकिन मरम्मत के नाम पर केवल आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला।

ग्रामीणों ने बताया कि मार्ग में जगह जगह गड्ढे व क्षतिग्रस्त पुलियां मार्ग से गुजरने वाले पैदल व वाहन सवारों के लिए कभी भी जानलेवा साबित हो सकता है। लोगों ने बताया कि यह महत्वपूर्ण मार्ग करीब एक दर्जन गावों को जोडता है।

जिससे प्रतिदिन सैकडों छोटे बडे वाहनों के अलावा क्षेत्रीय लोगों का दिन रात आवागमन बना रहता है। लोगों ने बताया कि इस जर्जर मार्ग से आए दिन अधिकारियों और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का आवाग बना रहता है,बावजूद किसी की नजर जर्जर हो चुके इस शहीद मार्ग की ओर न जाना समझ से परे हैं।

युवराजपुर जाने वाला उपेक्षा का शिकार शहीद विश्वंम्भर सिंह मार्ग।

सीआरपीएफ में सहायक कमांडेंट के पद पर तैनात विश्वंम्भर सिंह 22 फरवरी 1991 को उग्रवादियों से हुई मुठभेड़ में शहीद हो गये थे,उनके इस शौर्य व पराक्रम को देखते हुए सरकार ने उन्हें मरणोपरांत राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया था।

इस संबंध में लोनिवि खंड प्रथम के एक्सीयन पताजंली श्रीवास्तव ने बताया कि शासन को करीब पांच करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है,मंजूर होते ही मार्ग का निर्माण शुरू करा दिया जायेगा।

साप्ताहिक बंदी के दिन भी खुल रहीं दुकानें

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। डीएम के सख्त निदेर्शों के बावजूद भी नगर में साप्ताहिक बंदी मजाक बनकर रह गई है। बंदी के दिन भी व्यापारी अपनी दुकान खोले रहते हैं। इस और श्रम विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। शहर के बाजारों में रविवार के दिन साप्ताहिक बंदी का अवकाश घोषित किया हुआ है। डीएम ने साप्ताहिक बंदी का शक्ति के साथ पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हुए हैं। इसके बावजूद भी यहां कुछ व्यापारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। रविवार को साप्ताहिक बंदी के दिन भी कुछ व्यापारियों ने अपनी दुकान खोली जहां बेरोकटोक ग्राहकों को सामान दिया जा रहा है। इस और श्रम विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

बाजार में दुकानों पर कार्य करने वाले श्रमिकों का अवकाश नहीं मिल पा रहा है। दुकानदारों के द्वारा सुबह से ही दुकानें अन्य दिनों की तरह की खोली गई। बाजार में खाने पीने की दुकानें, रेडीमेड कपड़ों की दुकान, जनरल स्टोर, जुता चप्पल, मोबाइल सहित अन्य प्रतिष्ठान अन्य दिनों की तरह ही खुले रहे। श्रम प्रवर्तन अधिकारियों का कहना है कि साप्ताहिक बंदी का पालन करना व्यापारियों के लिए जरूरी है। चेकिंग के दौरान जो भी दुकानदार प्रतिष्ठान खुले मिलेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।


लालदरवाजा बाजार में साप्ताहिक बंदी के दौरान खुली दुकान।

सहायक सुरक्षा आयुक्त ने आरपीएफ थाना का किया निरीक्षण

दिलदारनगर। दानापुर मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त एसए हसन ने स्थानीय आरपीएफ थाना का निरीक्षण किया।इसके बाद आयुक्त ने थाना के पत्रावली को गहनता पूर्वक देखा और मातहतों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक निर्देश दीए।इस मौके पर सहायक सुरक्षा आयुक्त ने बताया की पटना डीडीयू रेल खंड पर चेनपुलिंग की घटना की रोक थाम के लिए अप डाउन के महत्वपूर्ण ट्रेनों में आरपीएफ स्कोर्ट पार्टी की डियूटी लगाई जाती है।जिसकी निगरानी विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा बराबर की जाती है।इसके अलावा चेनपुलिंग की रोकथाम के लिए रेल लाइन के समीप गांवो मे जाकर चैन पुलिंग पर होने वाले नुकसान के विषय मे लोगो को जागरूक भी किया जाता है।सहायक सुरक्षाआयुक्त ने आगे बताया कि सुरक्षा को देखते हुए स्टेशन के साथ अप डाउन के प्लेटफार्म के अंतिम छोर पर सीसीटीवी कैमरा की संख्या बढ़ाने के लिए उच्चाधिकारियों के पास रिपोर्ट भेजी जाएगी।इस मौके पर आरपीएफ थाना निरीक्षक बालगंगाधर, सहित अन्य अधिकारी मौजद रहे।

आरके मिशन स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस

बलिया। आरके मिशन स्कूल बलिया में धूमधाम से गणतंत्र दिवस व सरस्वती पूजा मनाया गया। गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक पर्व पर डीएन उपाध्याय सेवानिवृत्त प्राचार्य टाउन पालिटेक्निक कालेज ने विद्यालय पर झंडारोहण किया। श्री उपाध्याय ने कहा कि भारत एक सशक्त गणतंत्र है। इसमें शिक्षार्थी को अहम योगदान प्रदान कर इसे विकसित राष्ट्र के रूप में निर्मित करना है। कहा कि बच्चे राष्ट्र के भविष्य हैं। उन्हें और भी जागरूक रहना होगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। नर्सरी से यूकेजी के छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतीकरण अत्यंत ही मनोहारी रहा। मौके पर कक्षा अष्टम की छात्रा रक्षा मिश्रा ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भाषण दिया। छात्रा साक्षी सिंह ने मेरे देश की धरती सोना उगले गीत को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। विद्यालय में देवी सरस्वती की पूजा धूमधाम से हुई। प्रधानाचार्य लाला रत्नेश्वर ने कहा कि गणतंत्र और भी मजबूत करने के लिए राष्ट्रवाद व राष्ट्र के प्रति इमानदारी का भाव होना चाहिए। छात्र आदित्य वर्मा ने विद्यालय के संस्थापक व मुख्य अतिथि का चित्र विद्यालय को उपहार स्वरूप दिया। प्रबंधक हर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि भारत जैसे गणतंत्र देश में संसाधनों की कोई कमी नहीं है। संचालन आराध्या चतुर्वेदी और आशीष पांडेय ने किया।

जिले को मिला 21044 पीएम आवास का लक्ष्य

जनसंदेश न्यूज

बलिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत केंद्र सरकार ने दूसरे चरण में जिले को 21,044 प्रधानमंत्री आवास का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके निर्माण के लिए करीब 257.32 करोड़ रुपये खर्च होंगे। लक्ष्य मिलने के बाद विभाग की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

वर्ष 2022-23 में पीएम आवास के लक्ष्य को लंबा इंतजार रहा। इस वर्ष देर से ग्राम पंचायतों को भारत सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास का लक्ष्य उपलब्ध कराया गया। पीएम आवास के लक्ष्य का निर्धारण सरकार की ओर से सीधे ग्राम पंचायतों को किया जाता है और लक्ष्य सीधे संबंधित ब्लाक के बीडीओ की लागिन पर पहुंचता है। करीब एक माह पूर्व पहले चरण में कुल 5307 आवास जारी हुए थे। दोबारा 15,737 आवास आवंटित हुए है। डीआरडीए के परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी ने कहा है कि कोई पात्र लाभार्थी किसी विचौलिये के झांसे में न आए।

आवास के नाम पर कोई पैसे की मांग करता है तो उसकी सूचना कंट्रोल रूम को दें। जिला मुख्यालय पर भी लिखित रूप से शिकायत कर सकते हैं। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोई भी सचिव अपात्र व्यक्ति का चयन न करे। ऐसी शिकायत मिलने पर संबंधित सचिव पर भी कार्रवाई होगी। जियो टैगिंग का निर्देश सभी ब्लाकों को दिया गया है।

जनसंपादकीय

गांधी आज भी लड़ रहे हैं

नरेन्द्र पुण्डरीक

वह कहता है कि वह राजनीतिक नहीं सांस्कृतिक संगठन है। यह कौन सी संस्कृति है, जो लगातार गांधी की हत्या की कोशिशों में शामिल रही और गांधी जी हत्या करके ही दम लिया । गांधी जी की हत्या किसी संस्कृति ने नहीं की क्योंकि कोई भी संस्कृति हत्यारी नहीं होती है । संस्कृति की रंगीन चुनरी पहन कर साम्प्रदायिक उन्माद आता है। हत्या और आगजनी की घटनाओं को अन्जाम देकर संस्कृति की चुनरी में अपना चेहरा ढंक कर खड़ा हो जाता है । जब धर्म, संस्कृति का मुखौटा लगा कर समाज में आता है तो लोगों कें भीतर झूठ का स्वांग रच कर साम्प्रदायिक मनोदशा की निर्मिति करता है।

धर्म और संस्कृति से निर्मित मिथ्याचेतना ने पहले साम्प्रदायिकता का वातावरण तैयार किया। फिर उस भाव बोध से प्रभावित लोगों की आड़ लेकर देश की आजादी में रोडे.अटकाये और गांधी को इस बीच कई बार मारने का प्रयास किया लेकिन जब दैव योग से गांधी बचते चले गये तो आजादी के बाद साम्प्रदायिक मनोभावों से प्रभावित लोगों की बौखलाहट और बढ़ गई । उन्हें लग रहा था कि गांधी जीवित रहे तो साम्प्रदायिकता से निर्मित मिथ्या चेतना का यह भाव बोध ज्यादा दिन नहीं टिकेगा और उस चेहरे उजागर हो जायेंगें । देश की आजादी साम्प्रदायिकता निर्मित मिथ्या चेतना की हार थी। आजादी के बाद गांधी जी की हत्या इस मिथ्या चेतना की तथाकथित जीत कहा जाय तो गलत नहीं होगा । आजादी के बाद देश के सामने साम्प्रंदायिकता आज भी सबसे बडी चुनौती के रुप में है ।



यदि मुझे हिन्दू धर्म मेरे नैतिक बोध और अध्यात्म की पडताल और विकास के विरुद्ध जान पड़ा तो मैं इसे छोड़ दूंगा । लेकिन जहां तक मैंने पाया है कि हिन्दू धर्म विश्व के सभी धर्मो से सहिष्णु धर्म है ।

यह देश शुरू से ही विभिन्न मत मतान्तरों का देश रहा है । सभी विचारों, संस्कृतियों के लोग, धर्म और उपासना पद्धति के लोग रहते रहे हैं। यही इस देश की आदि पहचान रही है। धर्म बुराई नहीं है लेकिन जब धर्म राष्ट्र बनता है तो ही बुराई पैदा होती है । हमें विश्व के धार्मिक राष्ट्रों की दशा को देखना चाहिए । जब गांधी जीवित थे तो उनके आचार और विचार दोनों हमारे सामने थे । लेकिन आज गांधी हमारे सामनें नहीं हैं तो उनके विचार हमारे सामने पहले से कही अधिक ताकत के रुप में आतें हैं । वे हमें बार बार हमें आत्म निरीक्षण के लिए बाध्य करते है। महात्मा गांधी हिन्दू थे, विश्व की मानवता के लिए लड़ने, जूझने वाला उससे बडा हिन्दू नहीं हुआ । गांधीजी ने हिन्दू धर्म के बारे में कहा है, 'कोई भी व्यक्ति ईश्वर को न मानते हुये भी अपनें को हिन्दू कह सकता है।' क्योंकि उनका मानना थाकि सत्य की खोज का दूसरा नाम ही हिन्दू धर्म है और सत्य की खोज तर्क से ही संभव है । हिन्दू धर्म में तर्क वर्जित नहीं है । वे यह भी कहते थे यदि मुझे हिन्दू धर्म मेरे नैतिक बोध और अध्यात्म की पडताल और विकास के विरुद्ध जान पड़अ तो मैं इसे छोड़ दूंगा । लेकिन जहां तक मैंने पाया है कि हिन्दू धर्म विश्व के सभी धर्मो से सहिष्णु धर्म है । इसमें नियमों की जड़ता नहीं है। यह बात ही हिन्दू धर्म को दुनिया के सभी धर्मों से खास बनाती है । गांधी जी के जीवन और विचार के बारे में जितना ही जानने की कोशिश करते हैं ,वह हमें अबूझ से लगते हैं लेकिन एक ईश्वर की एक अबूझ सत्ता की तरह नहीं । इसीलिए हम एक दिन गांधी की इयत्ता को पा लेते हैं। वह भी हमारी तरह आदमी हैं , वह जो जीवन में करते है, वह हम भी कर सकते हैं। इसीलिए हम उनके बारे में सोचते हुये अपने विचारों की निष्पत्ति को पा लेते हैं। गांधी आदमियत का ऐसा वृत्त है ,जिसमें पूरी दुनिया है । दुनिया में अनेकों ईश्वर हैं लेकिन दुनिया के पास गांधी एक ही है जो सबका है । हर उस धर्म का है जिसमें आदमियत मुख्य है । गांधी ने पूरी दुनियां को प्रभावित किया है ।

यदि हम गांधी के जीवन को देखें उनके जीवन की व्यवहारिकता को देखें तो पाते हैं कि गांधी ने वही किया है, जो हर आदमी कर सकता है । उसके लिए जीवन के कार्य व्यापार में ईमानदारी चाहिए जो गांधी में थी । जीवन की ईमानदारी किसी भी वैभव और ताकत से प्रभावित नहीं होती है। इसी लिए गांधी के पास दुनिया की समस्याओं की कुंजी नजर आती है।अंग्रेज चाहते तो गांधी को दक्षिणी आफ्रीका या कहीं भी मार सकते थे । लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया क्योंकि उन्हें गांधी जी के कार्य व्यवहार में सच का चेहरा दिखाई देता था । जो सच अंग्रेज गांधी के चेहरे में देख रहे थे ,वह सच यह देश नहीं देख सका । क्योंकि देश की आंखों में धर्म प्रसूत साम्प्रदायिकता नें पट्टी बांध रखी थी । जिस अंध साम्प्रदायिकता नें गांधी की हत्या की , वह अपने घृणित कृत्य से शर्मशार नहीं हुई बल्कि आज और अधिक खूनी और घृणास्पद हो उठी है ।

गांधी जी ने धर्म को निजी मामला माना था और उनका कहना था कि राजनीति में धर्म के लिए कोई जगह नहीं है । गांधी ने यह भी कहा था कि मेरे राम राज्य कहने का मतलब हिन्दू राज्य से नहीं है बल्कि उस राज्य से है ,जिसमें राम ,रहीम दोनों एक हैं। मैं किसी और ईश्वर को नही मानता हूँ । मेरे लिए सत्य और नेक राह पर चलना ही ईश्वर है । गांधी साम्प्रदायिकता के घोर विरोधी थे ,जीवन भर बिना डिगे हिन्दू, मुस्लिम साम्प्रदायिकता से लड़ते रहे । साम्प्रदायिक हिन्दू उन्हें मुस्लिम समर्थक और साम्प्रदायिक मुस्लिम उन्हें हिन्दू समर्थक मानती रही । हिन्दू उन्हें गद्दार हिन्दू कहते रहे और मुसलमान उन्हें इस्लाम का शत्रु कहते रहे । हिन्दू और मुस्लिम साम्प्रदायिकों ने सोची समझी चाल के तहत देश में नफरत फैलाई जिससे यह देश बंट गया लेकिन हिन्दू साम्प्रदायिकों को इससे संतोष नहीं हुआ। उन्होंने 30 जनवरी 1948 को गांधी जी की हत्या कर आत्मतोष प्राप्त किया । लेकिन वह गांधी जी थे जिन्होंने मर कर भी करोडों लोगों को साम्प्रदायिकता की आग में होम होनें से बचा लिया । गांधी का भारत जो असली भारत है, वह आज उन्हीं साम्प्रदायिक तत्वों से जूझ रहा है। गांधी आज भी अपने अर्धनग्न शरीर के साथ हाथों में सत्य और अहिंसा की लाठी लिये अपनें सपनों के भारत के लिए लड़ रहे हैं। गांधी का शरीर तो हाड़ मांस का था लेकिन उनके विचार बज्र के हैं अजेय हैं अपराजेय हैं। जो आज भी उस भारत के लिए लड़ रहे हैं, जो आदमीयत का भारत है, प्रेम, अहिंसा और भाई चारा का भारत है । जब मैं यह सब कह रहा हूँ तो मुझे बंबरीक का यह कथन याद आ रहा है, जो उसने महाभारत के युद्ध के अन्त में कहा था, मुझे महाभारत के युद्ध में एक ही आदमी लड़ता दिखाई दे रहा था । यदि महाभारत में कृष्ण था तो यहां गांधी है सिर्फ गांधी है गांधी ।

(लेखक कवि एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 9450169568)

सभ्यताओं का अस्तित्व गांधी विचार की समझ में है

स्मरण

डॉ. चित्रा माली

परमाणु हथियार के प्रथम इस्तेमाल के ढाई साल बाद गांधी जी की हत्या हुई थी । गांधी जी ने परमाणु हथियारों की बजाए मनुष्य को,मनुष्यता को बचाए रखने के लिए अहिंसा को अपनाने की बात की थी । उन्होंने कहा था कि ₹जब मैंने पहली बार सुना था कि अणु बम ने हिरोशिमा का सफाया कर दिया है, तो मैं एकदम स्थिर बना रहा था । इसके विपरीत मैंने खुद से कहा था, अगर आज दुनिया अहिंसा को नहीं अपनाती है तो यह स्थिति मनुष्यता के लिए आत्मघाती साबित होगी। अहिंसा वह एकमात्र चीज है जिसको अणु बम भी नष्ट नहीं कर सकता ।

गांधी ने अपनी आत्मकथा ह्यसत्य के प्रयोग मेंह्व लिखा है कि 'मुझे दुनिया को कोई नई चीज नहीं सिखानी है,सत्य और अहिंसा अनादि काल से चले आ रहे हैह्व। विभिन्न धर्म ग्रंथों में निहित नैतिक शिक्षा व नैतिक मूल्यों को जिनमें सत्य और अहिंसा जैसे मूल्यों को प्राथमिकता से रखा गया है और उन्हें विभिन्न धर्मावलम्बियों तक पहुंचाने का प्रयास भी किया जाता रहा है । हम सभी के द्वारा व्यक्तिगत स्तर पर इन आदर्शों का पालन किया भी जाता रहा हो लेकिन गांधी ने सत्य और अहिंसा के इन प्रयोगों को समूह में करने और इन्हें व्यवहारिक स्तर पर लाने की एक अंसभव कोशिश को संभव बनाया है । गांधी प्रयोगधर्मी रहे है और उनके प्रयोगों को जानने समझने की समझ को विकसित करने के लिए तथा इन्हें जमीनी स्तर पर नए सिरे से देखने के लिए भी हमें नए प्रयोगों की आवश्यकता है । जिसमें हमें कई बाउंड्रीज को क्रास करना होगा जो गांधी के विचारों को यूटोपिया बतलाते है तथा परंपरागत ढाँचे से गांधी और उनके विचारों को पढ़ने लिखने तक सीमित करते हैं । वर्तमान समय में गांधी विचारों की आवश्यकता से कोई भी इंकार नहीं कर सकता है जो शांतिप्रिय है और अमन चाहता है । 2 अक्टूबर और 30 जनवरी को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक वर्ग द्वारा क्या प्रेषित किया जाता है हम सभी उससे वाकिफ है । ये एक हिडन एजेंडे के तहत उन लोगों के द्वारा किया जाता रहा है जिनका संबंध न गांधी से और ना ही गांधी विचारों से कभी रहा है । इसलिए यह और भी आवश्यक हो जाता है कि हम यूथ जनरेशन को और यूथ कल्चर को जानने समझने का प्रयास करें तथा गांधी विचारों की सही दृष्टि को विकसित करने का प्रयास करें,जिससे समाज में व्याप्त हिंसा,द्वेष,तनाव,संघर्ष को खत्म किया जा सके । गांधी ने युवाओं के मनोभावों को जानने समझने और सही दिशा में उनकी ऊर्जा के इस्तेमाल के लिए भी प्रयोग किए हैं । गांधी ने अपने लेखन के बारे में भी कई बार कहा है कि मेरी अंतिम में कही गई बात को सत्य माना जाए । क्योंकि गांधी लगातार मनन चिंतन कर नए विचारों का प्रतिपादन कर रहे थे या कहें वे अपने प्रयोगों से लगातार सीख रहे थे इसलिए यह आवश्यक हो जाता है कि पूर्व की धारणाओं के आधार पर गांधी को, गांधी के विचार को नहीं समझा जा सकता है । गांधी के विचार जो आज एक तबके तक सीमित रह गए है,उन्हें रूढ़िगत आदर्शों,भाषा की जटिलता,पहनावे की धारणाओं से मुक्त कर सरल सहज बनाने के लिए हमें यूथ की शब्दावली का भी प्रयोग करना होगा जिससे युवाओं में गांधी और गांधी विचारों की सही समझ विकसित हो । यह इसलिए भी आवश्यक है कि आज कल स्वाधीनता संग्राम के महानायकों के कार्यों की उनके विचारों की पुनर्व्याख्या की जा रही है । 30 जनवरी 1948 की प्रार्थना सभा में एक विचार को मारने की साजिश रची गई जो एक व्यक्ति की हत्या के रूप में सफल भी हो जाती है लेकिन गांधी एक विचार है जो आज तक हमारे इर्द गिर्द मौजूद है और उनके द्वारा दिया गया अहिंसक प्रतिरोध का मार्ग,सत्याग्रह का मार्ग जो अंतिम जन के लिए अपनी जायज मांगों के संघर्ष के लिए आज भी कारगर है । 1 जनवरी 1948 से लेकर 30 जनवरी 1948 तक जब तक गांधी जीवित थे वे कौमी एकता और हिंदू मुस्लिमों को भाईचारे का पाठ पढ़ा रहे थे,उनके जीवन का एक मात्र उद्देश्य विभाजन जनित हिंसा को समाप्त करना था और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ाना था । गांधी की हत्या के बाद भारत के सभी लोगों ने अपने द्वारा दिन भर में किए गए कार्यों का मूल्यांकन किया था और जो गलती उस दिन उनसे हुई थी उसे वे गांधी की हत्या का कारण मान रहे थे जिससे कई लोग आत्मग्लानि से भर उठे थे,ये लोगों की गांधी के प्रति श्रद्धा और आस्था की पराकाष्ठा थी । गांधी जी की हत्या ने कई लोगों के मनोबल को गिरा दिया था,अंतिम व्यक्ति के लिए वे एक उम्मीद की तरह थे जिसे गांधी पर यकीन था कि उनके हक की लड़ाई लड़ने वाला कोई व्यक्ति है । यही हाल इस खबर का पाकिस्तान में भी था । गांधी के बाद ये यकीन नेहरू पर भी लोगों का था जिसे उन्होंने बरकरार भी रखा । राम मनोहर लोहिया ने अपने एक साक्षात्कार के दौरान कहा था कि ह्लइस देश को एक रखने वाली दो ताकतें हैं एक गांधी और दूसरी फिल्म।' गांधी हत्या पर भी फिल्म बनाई गई है जो हत्या की पूर्व तैयारियों और षडयंत्र को उजागर करती है । जनवरी 2018 में प्रदर्शित फिल्म 'गांधी मर्डर' जिसका निर्देशन पंकज सहगल और करीम ट्रेडिया के द्वारा किया गया है जो शोधपरक तथ्यों और जेम्स डब्ल्यू.डगलस की किताब 'गांधी एंड द अनस्पीकेबले : हिज फाइनल एक्सपेरिमेंट विथ ट्रुथ' के तथ्यों पर आधारित है । इस फिल्म में भारत में गांधी की हत्या सफल और असफल दोनों प्रयासों को प्रदर्शित किया गया है । इसके अतिरिक्त पश्चिम में बनी ह्यनाइन अवर्स टू रामाह्व जिसकी कहानी गांधी की हत्या के नौ घंटे पूर्व की है । फिल्में संप्रेषण का सशक्त माध्यम है जो गांधी हत्या,हत्या के षड्यंत्रों उसके इर्दगिर्द की परिस्थितियों का सजीव चित्रण प्रस्तुत करती हैं । स्वतंत्र भारत के सार्वजनिक जीवन और फिल्मों में गांधी की उपस्थिति किसी न किसी रूप में लगातार रही है । गांधी एक विचार है जिसे खत्म करने की भी लगातार कोशिश की जाती रही है जिसमें फिल्मों को भी एक खास एजेंडे के तहत माध्यम बनाया जाता रहा है,इस क्रम में ह्यव्हाई आई किल्ड गांधीह्व को रखा जा सकता है जिस पर रोक लगाने के लिए गत वर्ष हजारों ट्वीट किए गए थे । गांधी के विचारों को समग्रता में समझे बिना नए तथ्यों को अपने अनुसार गढ़कर यूथ के सामने रखा जाना खतरनाक साबित हो सकता है और कहीं हद तक हो भी रहा है । गांधी जी ने जब से सत्याग्रह के प्रयोग करना शुरू किए थे वे बहुत ही नजदीकी से अपनी मृत्यु को आते देख रहे थे । गांधी पर सबसे पहला हमला जनवरी 1897 नेटाल में डर्बन के बंदरगाह पर गांधी से नाराज दक्षिण अफ्रीका की भीड़ ने उनकी हत्या करने का प्रयास किया था। दक्षिण अफ्रीका में गांधी हत्या का दूसरा प्रयास एक सत्याग्रही साथी मीर आलम के द्वारा किया गया था जो गांधी से सहमत नहीं थे । बाद में उन्हें अपनी गलती का अहसास हुआ उन्होंने कहा कि 'गांधी भाई पर हमला करके मैंने गलत किया था' जिस पर गांधी ने उनका हाथ थामकर कहा कि उनके मन में अपने दोस्त के प्रति कोई शिकवा नहीं है । आज इसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है कि जानलेवा घटना के बाद भी गांधी और मीर आलम एक साथ एक मंच को साझा कर रहे हैं । 1908 की दक्षिण अफ्रीका की दूसरी घटना जिसमें गांधी का सामना एक और हमलावर से हुआ था जिसका जिक्र मिली पोलक ने किया था । जोहान्सबर्ग में भारतीय समुदाय की एक बड़ी संगठनात्मक बैठक के अंत में गांधी और मिली पोलक उस भीड़-भरे सभागार से बाहर निकले । 'वह आदमी पलभर हिचकिचाया,इसके बाद मुड़ा और मिस्टर गांधी के साथ चल पड़ा, जिस दौरान मैं गांधी की दूसरी बगल में चल रही थी । हमने सड़क पार की,गांधी और वह आदमी बहुत ही धीमी आवाज में बात कर रहे थे । सड़क के सिरे पर पहुँचकर उस आदमी ने मिस्टर गांधी को कोई चीज सौंपी और वह चला गया' । पोलक ने जिज्ञासावश गांधी से पूछा वह आदमी क्या चाहता था ? गांधी ने जवाब दिया, वो मेरी हत्या करना चाहता था । आपकी हत्या ये तो बहुत ही खतरनाक बात है उसे गिरफ्तार किया जाना चाहिए । गांधी ने कहा वह गलतफहमी का शिकार था और आपने देखा, जब मैंने उससे बात की, तो उसने वह चाकू मुझे सौंप दिया जिसका इस्तेमाल वह मुझ पर करने वाला था। उसका सोचना था कि वह मुझे मारना चाहता था लेकिन वास्तव में उसमें ऐसा करने का साहस नहीं था । अगर मैंने उसे गिरफ्तार करा दिया होता तो मैंने अपना एक दुश्मन तैयार कर लिया होता । अब वह पहले ही मेरा दोस्त बन चुका है । सत्याग्रह के आरंभिक चरण के ये तीन वाकये गांधी के साहस और कहीं न कहीं अपने प्रयोगों के प्रति निष्ठा को भी प्रदर्शित करते है जो मोहन से महात्मा बनने तक का एक लंबा सफर है । दक्षिण अफ्रीका में ही नहीं भारत में भी गांधी की हत्या के प्रयास हुए हैं और एक प्रयास सफल भी हुआ है । दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने पर गांधी सत्याग्रह में अधिक परिष्कृत हो चुके थे लेकिन सत्याग्रह के आरंभिक चरण में ही व्यक्ति को या कहें शत्रु को दिल से माफ कर देना और व्यक्ति के ह्रदय को परिवर्तित कर देना बहुत बड़ी बात है । असगर वजाहत के नाटक 'गोडसे@गांधी.कॉम' जिस पर राजकुमार संतोषी ने फिल्म का निर्माण किया है जिसका नाम 'गांधी गोडसे युद्ध' है जो 26 जनवरी 2023 को ही प्रदर्शित हुई है । फिल्म में गांधी के विचारों और प्रयासों को खासकर अहिंसा की समझ को बहुत ही सूक्ष्मता से प्रस्तुत किया गया है जिसमें गोडसे और गांधी के संवाद है,असहमतियां है उनके अपने तर्क है । ये काल्पनिक संवाद मुमकिन भी हो सकते थे अगर गांधी जीवित रह जाते । गांधी ने अपनी हर अच्छाई और बुराई जो हर व्यक्ति में कम या ज्यादा होती है लोगों के सामने रखीं,किसी तरह से उन्हें छुपाने का प्रयास नहीं किया,उन प्रयोगों को भी जिसमें वे सफल व असफल दोनों रहे । आज गांधी के विचारों और मूल्यों की फिर से शिनाख्त करने की कोशिश की जानी चाहिए जो हमसे छूट गया है,या जिस अर्थ में हमें समझना चाहिए था हम नहीं समझ पाए हैं,उन्हें नए सिरे से समझकर एक शांतिपूर्ण समाज के निर्माण के लिए प्रयास करना होगा,जिसमें सांप्रदायिक हिंसा,तनाव,जाति, धर्म,लिंग आधारित हिंसा और भेदभाव न हो जो परस्पर सहअस्तित्व के नियम से संचालित हो।

(लेखिका गांधी अध्येता एवं सामाजिक चिंतक हैं)

राजनीति के मैदान में राम चरित मानस

प्रसंगवश

विवेक निराला

इस समय यह जो बहस चल रही है वह स्वस्थ बहस नहीं बल्कि हमला है। अझेल हमला और दाखिल- खारिज करने की चकबन्दी शैली की कार्रवाई। ताजमहल एक बादशाह ने बनवाया था और निर्माण करने वाले मजदूरों के हाथ कटवा लिये गये थे-ऐसा कहा जाता है। तो क्या हम ताजमहल का विध्वंस कर दें। क्या अपने समय की किसी कला- कृति के साथ हमारा यही सलूक होना चाहिए? अपनी परम्परा विरासत- अपनी रचनात्मक फेकल्टी के साथ हमारा कैसा रिश्ता हो, हम किसी रचना के साथ कैसा रुख-ओ-रवैया इस्तेमाल करें, यह तो हमें सीखना चाहिए। हमारे वरिष्ठ साथी सफदर हाशमी कहा करते थे कि साथी! क्रान्ति होगी तो जनवादी साहित्यकार पूँजीवादी साहित्यकारों पर बन्दूक नहीं तान देंगे। तो, अपनी कला-कृतियों, रचनाओं पर इस तरह जजमेन्टल होने की जरूरत नहीं' है। रामचरित मानस' एक महाकाव्य है और महाकाव्य का अपना एक निश्चित ढाँचा होता है। किसी भी रचना में हर चरित्र का संवाद -विचार अनिवार्यतः एक लेखक का भी विचार हो यह जरूरी नहीं। बायनरी होती है। खल-पात्र होते हैं, उनके अपने विचार सर्जक पर थोपे नही 'जा सकते। महाकाव्य में वैसे भी सीमित हस्तक्षेप होते हैं। इन सारी चीजों को हमें ध्यान में रखकर ही मूल्य-निर्णय करना होगा` साहित्य में कोई भी चरित्र आता है तो अपने परिवेश और समय की पूरी जटिलता के साथ आता है। दुनिया के सारे महान कवियों की रचनाओं में और रचनाकारों के जीवन में झांकें तो ये अन्तर्विरोध आपको मिलेंगे। अहम यह है कि साहित्य को कैसे पढ़ें?

रामचरित भारत और तुलसीदास पर आज जो बहसें हो रही हैं. वे नई नहीं हैं। दरअसल, तुलसीदास और वर्णाश्रम धर्म को लेकर रांगेय राघव, यशपाल, शिवदान सिंह चौहान, मोहनराकेश और रामविलास शर्मा के बीच सन्‌ 1950 और उसके बाद जो बहसें हुयी जिसमें बाद में राहुल सांकृत्यायन, प्रकाशचन्द्र गुप्त एवं भदन्त आनन्द कोशल्यायन भी इसके प्रतिभागी बने। 'मार्क्सवाद और प्रगतिशील साहित्य'' में लिखा है कि इस पुस्तक का सम्बन्ध उस वाद-विवाद से है जो समय- समय पर विशेष रूप से 1950 से 1953 में मार्क्सवादी लेखकों के बीच उठता रहा है। यह विवाद 1950 में शुरू हुआ और 1953 में वह समाप्त नहीं हो गया। बहुत दिनों तक विवाद के चलने का एक कारण यह था कि मार्क्सवाद, भारतीय राजनीति और साहित्य के बारे में इन लेखकों में तीव्र मतभेद था। दूसरा कारण यह था कि विवाद में यूक्ति और तर्क के बदले सिद्धान्तहीन प्रचार और वितण्डावाद से अधिक काम लिया गया। इसलिए वाद-विवाद से जितना लाभ होना चाहिए था, वह नहीं हुआ। आज भी यही हो रहा है- तर्क कम है- प्रचार और बितण्डावार अधिक। न उस समय वाद-विवाद का फायदा हुआ और न अब ही कुछ फायदा नजर आता है।

तुलसी और उनके द्वारा शुरू की गयी परम्परा की ओर लौटें तो हम पाते हैं कि तुलसी के द्वारा शुरू करायी गई रामलीलाओं का पूरे उत्तर भारत में विस्तार हुआ और इन राम लीलाओं ने समय के अनुरूप साम्राज्यवाद विरोधी औपनिवेशिक विरोधी चेतना का लोक में विस्तार किया किन्तु, इन रामलीलाओं ने साम्प्रदायिक रूप धारण नहीं किया बल्कि, तमाम गाँवों में आज भी रामलीला में हिन्दू-मुस्लिम एकता और सौहार्द के दर्शन होते हैं। प्रकाशचन्द्र गुप्त ने तभी लिखा था कि-'तुलसी और सूर के सामाजिक विचार-दर्शन को आज नहीं अपना सकते, उसे इतिहास ने 'मैमथ' और 'डोडो' के समान अजायबघर की वस्तु बना दिया है। किन्तु, जनता के प्रति उनका प्रेम, उससे निकटतम उनका सम्बन्ध, उनके काव्य अन-सुलभ रूप आदि अनेक तत्व हमारे लिए आज भी अमूल्य है।'

तुलसीदास को या रामचरित मानस को खारिज करने या मनुस्मृति की तरह उसके दहन से काम नहीं चलेगा। अभी कुछ ही वर्षों पूर्व प्रेमचन्द के उपन्यास 'रंगभूमि' के दहन का भी आह्वान किया गया था। दहन से नहीं बल्कि अपने काम की चीज के ग्रहण से ही हमारा विकास भी होगा और परम्परा का भी। ग्रहण और त्याग का विवेक ही हमें आगे ले जाएगा। आप व्यापक जन-समुदाय की ओर तो देखिए, जन-समुदाय ने टेक्स्ट को किस तरह लिया? बाबा रामचन्द्र के किस तरह लिया? गिरमिटियाँ मजदूर जब मारिशस, सूरीनाम आदि जगहों पर गये तो अपने साथ उसी 'रामचरित मानस' को लेकर गये। इन प्रवासी मजदूरों ने उसी रामचरित मानस के टेक्स्ट को किस तरह से लिया? राममनोहर लोहिया जब रामायण मेले की प्रस्तावना करते हैं तो वे चित्रकूट में रामायण मेले के लिए तुलसी के राम चरित मानस का कौन-सा टेक्स्ट स्वीकार करते हैं। लोहिया कहते हैं- 'तुलसी थी रामायण में आनन्द के साथ-साथ धर्म भी जुड़ा है। धर्म-- शाश्वत मानी में और वक़्ती भी। तुलसी की कविता में निकली है अनगिनत रोज की उक्तियों और कहावतें, जो आदमी को टिकाती हैं और सीधे रखती है।' इसी में वह आगे कहते हैं- मोती को चुनने के लिए कूड़ा निगलना जरूरी नहीं है, न ही कूड़ा साफ करते वक्त मोती को फेंकना। रामायण मेले का धर्म सम्बन्धी तात्पर्य मोती-कूड़ा विवेक भी होना चाहिए।

किसी रचना की लोकप्रियता है कि उसे पवित्र और पूज्य बना दिया जाए या कहें कि लोक उसे पूज्य बना दे। यहाँ यह भी देखा जाना चाहिए कि यह कोई हजारों वर्ष पुराना धर्म ग्रन्थ नहीं है बल्कि पाँच सौ साल पहले का है। इस पर विचार होना चाहिए कि शास्त्रीय भाषा के विरुद्ध लोकभाषा में रचित इस रचना में ऐसी कौन सी शक्ति थी कि इसने हिन्दुस्तान में प्रचलित तीन सौ रामायणों को पीछे धकेल कर अपने लिए सबसे ऊपर जगह बनाई रामचरित मानस को लेकर जो कथा है कि इसे तमाम ग्रन्थों के नीचे काशी के पंडितों ने रख दिया था लेकिन यह सबसे ऊपर आ गई थी, इसे मैं एक रूपक की तरह ग्रहण करता हूँ।

सवाल यह है कि आज जितने अंतर्विरोध गिनाये जा रहे हैं, उतने अंतर्विरोधों भरी एक पुस्तक इस उत्तर आधुनिक समय में एक बड़ी चुनौती कैसे बनी हुई है?

रामचरित मानस से उत्तर-भारतीय हिन्दी समाज का मानस निर्मित होता है। आज भी आम जन-मानस की निर्मिति का आधार रामचरित मानस ही है। अपने समय के अंतर्विरोध इस ग्रन्थ मे भी हैं- लेकिन हमें ध्यान रखना चाहिए कि ये उस युग के अंतर्विरोध हैं। ये अन्तर्विरोध पूरे भक्ति कालीन साहित्य में मौजूद हैं।मार्क्स और लेनिन बाल्जॉक और टॉल्स्टाय को महत्व देते थे जबकि रूसी क्रान्ति के समय गोर्की जैसा लेखक मौजूद था। मुक्तिबोध के जिस लेख को बार-बार हम उद्धृत करते है उसमें उन्होंने यह कहा था- 'किसी भी साहित्य का वास्तविक विश्लेषण हम तब तक नहीं कर सकते, जब तक कि हम उन गतिमान सामाजिक शक्तियों को नहीं समझते जिन्होंने मनोवैज्ञानिक सांस्कृतिक धरातल पर आत्म प्रकटीकरण किया है।

कबीर से क्रान्तिकारिता के सूत्र उठाये गये तो तुलसी से भी क्रान्तिकारिता के सूत्र उठाये जा सकते हैं। 1920 में बाबा रामचन्द्र ने तुलसी से ही अवध के किसान आन्दोलन को विस्तार दिया था। तुलसी की चौपाइयों से संघर्षशील जनता को आन्दोलित कर दिया था। बड़ी कृति में पाठ की भी तमाम संभावना रहती है। राजेन्द्र यादव कहते हैं कि जिस रचना को आप अनेक अनुशासनों में व्याख्यायित कर सकें, वह रचना कालजयी होती है। वे ही कहते हैं कि तुलसीदास को आप समाजशास्त्र की तरह पढ़ सकते हैं, ऐतिहासिक दस्तावेज या साहित्यिक कृति की तरह से, भक्ति के आदर्श ग्रन्थ की तरह। तो जिसको तीन चार तरह से समझा जा सकता है, वो ग्रन्थ रामचरित मानस है। लेकिन समझा कैसे जा सकता है? सभी लोग एक नतीजे पर नहीं पहुँचेंगे।

रामकथा के टेक्स्ट से जिरह की भी परम्परा रही है। इसी प्रकार लोक की राम से भी जिरह रही है। इस लिए राम कथा के अपने-अपने टेक्स्ट है और इसीलिए अपने-अपने राम` एक उदाहरण छत्तीसगढ़ के रामनामी सम्प्रदाय का है। 1890 के दशक में दलित परशुराम द्वारा स्थापित इस समुदाय में प्रायः दलित जाति के ही लोग हैं। इसके अनुयायी अपने पूरे शरीर पर राम शब्द का गोदना गुदवाते है, राम शब्द छपा शॉल पहनते हैं और सिर पर मोरपंख की बनी टोपी पहनते हैं। परशुराम ने अपनी जाति के कारण मंदिर-प्रवेश से वंचित होने पर पूरे शरीर को रामनाममय कर लिया। हवाई यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रामदास लैम्ब के अनुसार यह सम्प्रदाय 15 वीं शती के भक्ति आन्दोलन की निरंतरता है। 1910 में रामनामियों ने राम के नाम का उपयोग करने के अधिकार पर उच्च जाति के हिन्दुओं के खिलाफ एक अदालती मुकद्दमा जीता । इनकी अपनी एक रामायण है। इन्होंने तुलसी के वर्ण-व्यवस्था वाले अंशों को हटा दिया कि वह ऐसा कह ही नहीं सकते। उन्होंने अपनी रामचरित मानस एडिटेड फार्म में प्रस्तुत की। सन 1981 में बहुजन नेता मा. कांशीराम रामनामी मेले में गये थे और बेहद प्रभावित भी हुए थे। यही नहीं 1984 में इसी प्रभाव में अपने राजनैतिक जीवन का पहला चुनाव जांजगीर से लड़ने का निर्णय लिया था। वे छत्तीसगढ़ को सामाजिक-सांस्कृतिक परिवर्तन का केन्द्र बनाना चाहते थे।

हम देख सकते हैं कि अपने राम और अपने रामचरित मानस यो समानान्तर खड़ा किया जा सकता है। भक्ति आंदोलन का कोई भी कवि यथास्थितिवादी नहीं है। कबीर को लोग क्रांतिकारी मानते हैं,पर कबीर धर्म की सत्ता का विरोध करते हैं, समाज विभाजन का विरोध करते हैं. ब्राह्मण सत्ता का विरोध करते हैं. लेकिन कबीर अपने समय में राजा और सामंतों के बारे में कुछ नहीं कहते।कबीर राजसत्ता के बारे में मौन रहते हैं और पितृसत्ता का समर्थन करते हैं।आप बेशक जिरह करिये, मगर खारिज मत करिये। दहन मत करिये। संग्रह- त्याग का विवेक जाग्रत करिये। तुलसी की मारिये मत, उनसे अपने काम का लीजिए और प्रतिरोध का हथियार बनाइए। तुलसी, राम और रामकथा को औरों के हवाले मत करिये। इसे न मुद्दा बनाइए न मु?द्दा बनने दीजिए।

(लेखक कवि एवं चिंतक हैं, संपर्क 94152 89529)

सुमीत आनन्द की गायकी : ध्रुपद का नवोन्मेष

रपट

अमल मिश्र

रस का सृजन करने वाले नाद के छंद-निबद्ध संसार को संगीत कहते हैं और जिसने इसका रसपान किया वह इसी का होकर रह गया, चाहे वह साधक के रूप में हो या श्रोता के रूप में। सुमीत आनन्द पाण्डेय (08 जून 1983 पटना) दरभंगा घराने के एक ऐसे ही साधक हैं जिन्होंने अपनी सतत साधना और प्रस्तुति से अल्प समय में ही कलाप्रेमियों के बीच अपनी खास जगह बना ली है। इनके ध्रुपद गायन ने अपनी खास शैली से संगीत और अपने घराने का मान बढ़ाया है। इनकी संगीत यात्रा को देखें तो सुमीत का बचपन सुर-सरिता में गोते लगाते हुए बीता है। कानों नें जब से कुछ सुनना शुरू किया होगा, धुपद की आलापचारी और मृदंड की ताल सुना होगा। नाना और दादा दोनों पक्षों में दालान स्वरों से ही गुंजायमान रहती थी। इनकी संगीत शिक्षा पंडित अभय नारायण मलिक के सान्निध्य में हुयी है पर बचपन से ही स्वरों का संस्कार इनको प्रख्यात संगीतकार वीरेंद्र मोहन पाण्डेय (दादा) और पंडित सियाराम तिवारी (नाना) से मिला। संगीत का मर्म बताते हुए सुमीत कहते हैं कि सांगीतिक स्वर या नाद की उपासना ईश्वर प्राप्ति का मार्ग है। इससे आप ध्यानस्थ हो सकते हैं और जिस भी शक्ति में आपका विश्वास हो उस तक पहुँचने और उससे साक्षात्कार करने का यह एक माध्यम भी बन सकता है। सुमीत साधना या प्रस्तुति के दौरान पा रहे सुकून और रस को परमानन्द कहते हैं। उनका मानना है कि साधना करते समय आप अपने भीतर जाते हैं, स्वयं से मिलते हैं। यह अवसर आम आदमी को कभी नहीं मिलता। यह रचनाकारों का सौभाग्य होता है। यदि साधक और श्रोता रस के एक तल पर पहुँच जाएँ तो यह दोनों पर ईश्वर की कृपा है। संगीत के कार्यक्रमों के अलावा सुमीत फिल्मों को प्रचार का एक महत्त्वपूर्ण माध्यम मानते हैं और चाहते हैं कि संगीतप्रेमियों से दूर होती संगीतशैलियों को किसी न किसी प्रकार से इसमें जगह दी जाये और लोग इससे जुड़ें। एक फिल्म गेस्ट इन लंदन में उन्होंने गाया भी था। गाना सूफी अंदाज का था। उसके अंत में कुछ नोम-तोम के अंदाज से ध्रुपद आलाप लेने की कोशिश की गयी है। हालांकि विभिन्न रागों को पुरानी फिल्मों में खूब गाया गया है और लोकप्रिय भी हुआ है। कहते हैं ध्रुपद की परंपरा ब्रज के संत स्वामी हरिदास, सूरदास, गोविंद स्वामी, अष्टसखा और बाद में तानसेन और बैजूबावरा द्वारा शुरू की गई थी। ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर के दरबार में यह परवान चढ़ा। ध्रुपद गायकी के आलाप में सुरों को बरतना, धीमी लय से निबद्ध आलाप में धीरे-धीरे, लय की निबद्धता और मध्य लय, झाला (जो द्रुत अलाप का विस्तार है), गमक और मींड के माध्यम से उसको सुसज्जित करना, फिर तानपुरे या किसी बो-स्ट्रिंग इंस्ट्रूमेंट (सारंगी आदि) से ध्रुपदांग बजाना महत्त्वपूर्ण है। केवल सारंगी और तानपूरे के साथ गाना और फिर आलाप के बाद जब पद आएं तो पखावज की संगति उपयुक्त होती है। ध्रुपद गायकी की विशिष्टता बताते हुए सुमीत आनन्द पाण्डेय कहते हैं कि इसकी कर्णप्रियता, मधुरता, शास्त्रीयता और रंजकता अन्य संगीत शैलियों से अलग है, जो हम सबको बचाकर रखनी है। इसके लिए मैं अपनी पुरानी पीढ़ियों के महान गायकों एवं मनीषियों का ऋणी हूँ जिन्होंने हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत को यहाँ तक पहुँचाया। अपनी विशेष आवाज और लयकारी के लिए विख्यात मेरे नाना स्वर्गीय पंडित सियाराम तिवारी, गुरुजी पंडित अभय नारायण मलिक की आलापचारी, उनके गुरुजी पंडित राम चतुर मलिक की बंदिशें और राग-रागिनियों की वृहद् जानकारी, सीनियर डागर ब्रदर्स (कलकत्ता वाले), जिया फरीदुद्दीन डागर और उनके बड़े भाई जिया मोहिउद्दीन डागर जिनसे ध्रुपद गायकी विधा समृद्ध हुयी है आदि का नामोल्लेख आवश्यक है। इन प्रख्यात गायकों की समृद्ध परम्पराओं को बचाए रखने के लिए आवश्यक है कि शिक्षा में शुरूआत से ही शास्त्रीय संगीत का समावेश हो और समाज में एक स्वस्थ सांगीतिक वातावरण मिले, ताकि हम सब एक सकारात्मक सोच और सुरों से लबालब जिंदगी के मालिक बनें।

(मोतीलाल नेहरु कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय, साउथ कैंपस, मोबाइल नंबर - 99568 99939)

शिक्षक एमएलसी चुनाव: पोलिंग पार्टियां रवाना

मतपेटी, बैलट पेपर लेकर जाते मतदान कार्मिक।

मतदान स्थल पर जाते पुलिस के जवान व मतदान कार्मिक।

मतदान स्थल पर जाते पीएसी के जवान।

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। शिक्षक एमएलसी निर्वाचन हेतु जनपद मुख्यालय से पोलिंग पार्टियां रवाना हो गयी। सुबह से ही मतदान कार्मिक मतदान स्थल पर जाने के लिए आये थे। मतदान की सभी सामग्री लेने के बाद रवाना हो गये।

शिक्षक एमएलसी निर्वाचन के लिए निर्वाचन कार्यालय से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। मतदान कर्मी सुबह से ही मतदान स्थल पर जाने के लिए आये हुए थे इस दौरान निर्वाचन कार्यालय पर भारी भीड़ देखने को मिली। मतदान कार्मिकों को निर्वाचन कराने के लिए मतपेटी, बैलट पेपर मतदाता सूची, स्याही व अन्य सामग्री प्रदान की गयी।

सामान लेने के बाद मतदान कार्मिकों ने सबसे पहले उसका मिलान किया इसके बाद मतदान स्थल के लिए रवाना हुए। जनपद में मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है।

प्रशासन की तरफ से तैयारी पूर्ण कर ली गयी। मतदान कार्मिकों को मतदान कराने के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। जनपद में मतदाताओं की संख्या 33140 है जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 21184 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 11978 है। जनपद में मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 27 मतदान केन्द्र व 38 मतदेय स्थल बनाये गये हैं। निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण मतदान के लिए 4 सुपर जोनल, 12 जोनल व 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं। इसके साथ ही आचार संहिता का अनुपालन हेतु 8 टीमें, उड़नदस्ता में 8 टीमें, वीडियो सर्विलांस की 8 टीमें गठित की गयी हैं। इसके साथ ही 42 पीठासीन अधिकारी, 42 प्रथम मतदान अधिकारी, 42 द्वितीय मतदान अधिकारी व 42 तृतीय मतदान अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। मतदान को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए 22 प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, 99 उपनिरीक्षक, 27 मुख्य आरक्षी, 416 आरक्षी, 76 महिला आरक्षी, 76 होमगार्ड, 76 चैकीदार व पीएससी को लगाया गया है। सभी जवान जीजीआईसी से रवाना किये गये।

कम राजस्व वसूली पर जतायी नाराजगी

फूलपुर (आजमगढ़)। ऊर्जा विभाग के प्रदेश स्तरीय अधिकारियों के सख्ती का असर है कि उपखण्ड कार्यालय फूलपुर कार्यालय में बिद्युत अधिकारी कर्मचारी रविवार के दिन कार्यालयों में उपस्थित रहे। वही जिला स्तर के अधिकारी बिद्युत केंद्रों में भ्रमण कर उपखण्ड कार्यालयों पर पहुंच कर अभियंताओं द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा की। मुख्य अभियंता बिद्युत वितरण क्षेत्र आजमगढ़ अनिल नरायन सिंह फुलपुर बिद्युत उपखण्ड कार्यालय पहुंच कर अधिशासी अभियंता कार्यालय का निरीक्षण किया। जहां उपस्थित उपखण्ड अधिकारी अवर अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कम राजस्व वसूली पर नाराजगी ब्यक्त करते हुए बिद्युत चेकिंग अभियान की गति बढ़ाते हुए बकायदारों के खिलाफ कार्यवाही कर प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी फूलपुर विनोद कुमार, अवर अभियन्ता निखिल शेखर सिंह, मनीष कुमार, अवर अभियन्ता सरायमीर आशुतोष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर लग रहा भीषण जाम

इमरजेंसी सेवाएं भी हो रहीं प्रभावित

जाम के झाम में फंसे लोग।

जनसंदेश न्यूज

अतरौलिया (आजमगढ़)। नगर पंचायत स्थित खानपुर फतेह, केशरी चैक पर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे सब्जी के थोक व फुटकर विक्रेताओं द्वारा सुबह से दोपहर तक अतिक्रमण कर जाम लगाया जा रहा है। सुबह से ही भारी व छोटे वाहन सड़क पटरियों पर आड़े तिरछे खड़े करने से घंटों जाम में लोग फंसे रहते हैं।

वही विद्यालय के बच्चे और बच्चियां, राहगीर तथा लंबी दूरी तक सफर करने वाले लोग जाम में घंटो फंसे रहते हैं तो वही इमरजेंसी सेवाएं एंबुलेंस, डायल हंड्रेड की गाड़ियां भी इसी जाम में फंसी रहती है। नगर पंचायत द्वारा पूर्व में भी कई बार सब्जी विक्रेताओं को नोटिस जारी कर सड़क पटरियों से अतिक्रमण खाली करने का आदेश जारी किया गया बावजूद इसके सब्जी विक्रेताओं की मनमानी से राष्ट्रीय राजमार्ग पर घंटो जाम लगा रहता है। स्थानीय निवासी दिलीप सिंह का आरोप है कि इसकी शिकायत उप जिलाधिकारी बूढ़नपुर तथा अधिशासी अधिकारी से कई बार की गई है लेकिन कार्यवाही न होने से सब्जी विक्रेताओं द्वारा बराबर जाम लगाया जाता है जिसमें आम जनमानस से लेकर लखनऊ फैजाबाद जाने वाली गाड़ियां भी जाम में फंसी रहती हैं। ऐसे में प्रशासनिक लापरवाही के चलते सड़क पटरियों से अतिक्रमण को खाली नहीं कराया जा रहा, जिसकी वजह से सुबह से दोपहर तक जाम की स्थिति बनी रहती है और लोग जाम में घंटो फंसे रहते हैं।

शरारती तत्वों ने तोड़ी डीह काली प्रतिमा

डीह काली की टूटी प्रतिमा।

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। जहानागंज थाना क्षेत्र के असोना गांव में शनिवार की रात शरारती तत्वों ने गांव में लगी डीह व काली की प्रतिमा तोड़ दिया। लोगों को घटना की जानकारी रविवार की सुबह हुई। जानकारी होती गांव के लोगों की भीड़ जुट गई और ग्रामीण आक्रोशित हो गये। घटना की सूचना मिलते ही जहानागंज की पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कराया। संदेह के आधार पर पुलिस गांव के एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। धार्मिक भावना भड़काने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

चेकिंग अभियान में 63 का काटा गया कनेक्शन

जनसंदेश न्यूज

फूलपुर (आजमगढ़)। विद्युत बकायादारों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत अवर अभियन्ता विद्युत ग्रामीण मनीष कुमार के नेतृत्व में मानपुर खुरासो अम्बारी जगदीशपुर में बकायदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान 50 विद्युत बकायेदारों के बिद्युत बिच्छेदन की कार्यवाही की गई और दो के खिलाफ 135 की धारा में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। वहीं अवर अभियंता बिद्युत टाउन फूलपुर निखिल शेखर सिंह द्वारा शबाना रोड़ परमहंस बाबा गली, मेन रोड़ पर विद्युत बकायेदारों के खिलाफ अभियान में 13 विद्युत बकायदारों के खिलाफ विद्युत बिच्छेदन की कार्यवाही की गयी। एक के खिलाफ 135 की धारा में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। इस अभियान में प्रमोद, अरविंद, लालचन्द, मो.इस्लाम, फूलचन्द, अंगद, अभिषेक, आशीष, रमाकांत, देविश्याम, ब्रह्मदेव आदि उपस्थित रहे।

शिक्षक एमएलसी निर्वाचन आज, एसपी ने दिये निर्देश

बैठक

27 मतदान केंद्रों पर होगा मतदान

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश विधान परिषद गोरखपुर-फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र मतदान से पूर्व पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने दिशा-निर्देश दिया।

एसपी श्री आर्य ने बताया कि जनपद में उत्तर प्रदेश विधान परिषद गोरखपुर-फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन 30 जनवरी को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा। जनपद में कुल 27 मतदान केंद्र क्रमशः 22 ब्लॉक, 3 विद्यालय, एक नगर पालिका परिषद व एक नगर पंचायत पर मतदान सम्पन्न होगा। मतदान को शांति पूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु 22 प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, 99 उपनिरीक्षक, 27 मुख्य आरक्षी, 416 आरक्षी, 76 महिला आरक्षी, 76 होमगार्ड, 76 चैकीदार, पीएससी को लगाया गया है। ड्यूटी में लगे निःशस्त्र पुलिसकर्मी, होमगार्ड, चैकीदार अपने लाठी-डंडे के साथ ड्यूटी स्थल पर मौजूद रहेंगे। सभी पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान अपना आचरण अपेक्षित व संतुलित रखेंगे तथा पूर्ण रूप से निष्पक्ष रहते हुए शांतिपूर्ण मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस लाईन परिसर में ब्रिफिंग के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल रूसिया, क्षेत्राधिकारी सगड़ी सौम्या सिंह, क्षेत्राधिकारी लालगंज मनोज कुमार रघुवंशी, क्षेत्राधिकारी फूलपुर अनिल वर्मा, क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर महेंद्र शुक्ला सहित मतदान में लगे थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक व पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

पुलिस कर्मियों को निर्देश देते पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य।

संक्षेप

कागजों तक सीमित है सड़कों का गड्ढामुक्त अभियान

फूलपुर (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के सुदनीपुर गांव स्थित लखनऊ बलिया मार्ग से बक्सपुर जाने वाला लगभग दो किलोमीटर पिच मार्ग वर्तमान में गड्ढायुक्त हो गयी है। इससे साफ जाहिर होता है कि गड्ढामुक्त सड़क अभियान सिर्फ कागजों तक ही सीमित है। सुदनीपुर से बक्सपुर जाने पर एक किलोमीटर सड़क में जगह जगह गढ्ढे बने हैं। मार्ग की गिट्टियां उखड़ कर सड़क के किनारे हो गयी हैं। सुदनीपुर अनुसूचित बस्ती से लेकर ग्राम पंचायत जोमा अनुसूचित बस्ती तक सड़क पूरी तरह खराब है। उसके आगे सड़क गड्ढा भर कर डामर युक्त कर दी गयी है। आधी अधूरी सड़क के निर्माण कराने से इस सड़क पर आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। ग्रामीण महेंद्र कुमार, राम आधार, सोनू, अच्छेलाल आदि ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों की मनमानी के कारण सड़क कभी दुरुस्त नही रहती। राहगीर गिरकर घायल होते रहते हैं। उच्चाधिकारी भी ठेकेदारों के कार्यों की समीक्षा निरीक्षण नहीं करते। इस संबंध में एसडीएम फूलपुर नरेंद्र कुमार गंगवार ने बताया कि कहीं किसी प्रकार की गड़बड़ी हो तो अवगत कराएं। लोक निर्माण विभाग के स्थानीय अभियन्ता से बात करता हूं अन्यथा जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाएगा।

बलराम यादव पुनः बने सपा के राष्ट्रीय महासचिव

अतरौलिया (आजमगढ़)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बलराम यादव को पुनः राष्ट्रीय महासचिव बनाए जाने पर रविवार को अतरौलिया स्थित सपा कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर यादव द्वारा कार्यकताओं को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। ब्लाक प्रमुख चंद्रशेखर यादव ने कहा कि आजमगढ़ हमेशा से समाजवादियों का गढ़ रहा है और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा बलराम यादव को पुनः राष्ट्रीय महासचिव बनाकर उन्होंने उन पर अपना विश्वास जताने का कार्य किया है। उनके इस विश्वास को आजमगढ़ की जनता कायम रखेगी। बलराम यादव सपा के संस्थापक सदस्य हैं। उन्होंने नेताजी के साथ पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य किया है और आगे भी करते रहेंगे। इस मौके पर जगदीश पांडेय, जिला पंचायत सदस्य शीतला निषाद, चंद्रजीत यादव, कन्हैया गौड़, अनिल गौड़, कमला यादव, रणविजय यादव, लक्षिराम वर्मा, नरेंद्र यादव, रामहित यादव, गोविंद पांडेय, घनानंद गिरी आदि मौजूद थे।

कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

निजामाबाद (आजमगढ़)। निजामाबाद विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 310 पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का सीधा प्रसारण भाजपा जिलामंत्री लालगंज सन्तोष कुमार गौड़ की अध्यक्षता में बूथ अध्यक्ष महेश गौड़ के आवास पर सुना गया। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए भाजपा कार्यकताओं में बहुत ज्यादा उत्साह दिखा। सुबह से ही दर्जनों कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष के आवास पर पहुंच कर तैयारी कर थे। इस अवसर पर संतोष कुमार गौड,. गगन कश्यप, अनिल सोनी, जितेन्द्र गौड़, रंजीत चैहान, हरिकेश तिवारी, महेश गौड़ आदि उपस्थित थे।

जेसीबी से हटाया गया कूड़े का अम्बार

पटवध (आजमगढ़)। विकास खंड बिलरियागंज अंतर्गत स्वच्छता अभियान के तहत पटवध सरैया बाजार के पूरब पटरी पर लगे वर्षों से कूड़े के अंबार को शनिवार को एडीओ पंचायत राम आशीष सिंह, सेक्रेटरी अभय नंदन राय और सफाई कर्मी बिंदु राम द्वारा जेसीबी लगवा कर हटवाया गया। साथ ही वर्षों से जाम पड़ी नाली को भी जेसीबी के माध्यम से साफ कराया गया। नाली की कुछ दीवारें भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई हैं और नाली के ऊपर पटिया भी पूरी तरह से न होने की वजह से जगह-जगह नाली मिट्टी और खरपतवार से जाम हो गई थी जिसकी वजह से लबालब पानी भरा हुआ था और लोगों के घरों में घुस रहा था। इसे देखते हुए एडीओ पंचायत और सेक्रेटरी ने मिलकर सफाई कर्मी के माध्यम से जेसीबी लगवा कर नाले को भी साफ कराया।

छुट्टा पशुओं से परेशान ग्रामीणों ने किया हंगामा

अतरौलिया (आजमगढ़)। किसानों की गाढ़ी कमाई छुट्टा पशुओं द्वारा बर्बाद की जा रही है जिससे आजिज किसानों ने ब्लॉक परिसर में विरोध जताया। ग्राम पंचायत खालिसपुर व बौड़रा लक्षीरामपुर के ग्रामीणों ने प्रधान संयोगिता व सुनीता के नेतृत्व में बूढ़नपुर तहसील में 7 जनवरी को संपूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर छुट्टा पशुओं को हटाने की मांग की थी जिसे संज्ञान में लेते हुए एसडीएम नवीन प्रसाद ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था तत्पश्चात फसलों की बबार्दी होते देख ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया और ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी को 18 जनवरी को छुट्टा पशुओं को हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया, जिसका अभी तक समाधान न होने से ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए और पुनः ब्लॉक परिसर में हंगामा कर विरोध प्रदर्शन किया।

बांसडीह के बलवीर को व मैरीटार के ब्रजेश को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का मिला पुरस्कार

बांसडीह। बांसडीह इंटर कालेज के खेल मैदान पर रविवार को सांसद खेल स्पर्धा में वॉलीबाल व कबड्डी के खेल से सलेमपुर लोकसभा सांसद खेल स्पर्धा का समापन हुआ। कबड्डी में 8 तथा वॉलीबाल में 6 टीमों ने भाग लिया। वॉलीबाल में शिया अकादमी बांसडीह विजेता व छितौनी उपविजेता रही। कबड्डी में बेरूआरबारी विजेता व मैरीटार उप विजेता रही। वॉलीबाल में बांसडीह के बलवीरको तथा कबड्डी में मैरीटार के ब्रजेश को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। मैच का शुभारंभ विधायक केतकी सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा वॉलीबाल का गेंद फेंककर किया। पुरस्कार वितरण व समापन सांसद रविन्दर कुशवाहा ने किया। सांसद ने कहा कि गांवों से ही खेल की प्रतिभाएं निकलती है। सभी खिलाड़ियों को आपसी प्रेम व सद्भाव के साथ प्रतिस्पर्धा के साथ खेलना चाहिए। सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन लोकसभा सलेमपुर में विधानसभा वार किया गया था।

शासन की गाइड लाइन के अनुसार करें शिकायतों का निस्तारण: डीएम

जनसंदेश न्यूज

बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज।

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं अन्य संदर्भों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त, निष्पक्ष एवं पारदशीर्पूर्ण तरीके से किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निस्तारण आख्या रिपोर्ट स्थलीय निरीक्षण के उपरांत ही दी जाए। जिलाधिकारी ने उक्त निर्देश शनिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में उप जिलाधिकारियों के साथ जन प्राथमिकता बिंदुओं की साप्ताहिक समीक्षा के दौरान दिए।

उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण शासन की गाइड लाइन के अनुसार साफ एवं स्पष्ट शब्दों में किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण उल्टा सीधा एवं साफ-स्पष्ट तथा गाइड लाइन के अनुसार न पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध एडवर्स एंट्री जारी की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि 28 जनवरी के बाद आने वाले संदर्भों को किसी भी कीमत पर डिफाल्टर न होने दिया जाय। संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में जाने पर संबंधित का वेतन रोक दिया जाय।

उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसीलों में आने वाली शिकायतों का निस्तारण सिर्फ प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय में किया जाना सुनिश्चित करें। धारा 41 के अंतर्गत पैमाइश के प्रकरणों को किसी भी कीमत पर लंबित न रखें। उन्होंने कहा कि सदर, सगड़ी, लालगंज एवं फूलपुर के प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाएं। धारा 80 के प्रकरण उपजिलाधिकारी न्यायिक निस्तारण समय से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्त उपजिलाधिकारी स्वामित्व के अवशेष प्रकरणों को स्वयं की देखरेख में समय से जमा कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि अगले दो-तीन दिन में अवशेष पर प्रकरणों को अपडेट किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वरासत आदेशों को खतौनी में समय से दर्ज कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 122बी के अंतर्गत बेदखली एवं तालाबों पर अवैध अतिक्रमण हटाने में तेजी लाएं।

शटर तोड़ कर टेलर की दुकान से लाखों की चोरी

लालगंज (आजमगढ़)। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के देवगांव सलेमपुर मार्ग पर नंदापुर में शिशु मंदिर के सामने नजरे आलम पुत्र अली अहमद निवासी बसही अकबालपुर की टेलर की दुकान से चोरों द्वारा लगभग एक लाख का सामान दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोरी कर लिया गया। किराए पर दुकान लेकर नजरे आलम टेलरिंग की दुकान किया है। रविवार को नजरे आलम सुबह पड़ोसी दुकानदारों की सूचना पर जब दुकान पर पहुंचा तो उसने देखा कि शटर का ताला बल्ली से चांड़ कर तोड़ा गया है और दुकान में लगा एक इनवर्टर, एक बैटरी, एक सिलाई मशीन, लगभग 50 शर्ट व कुर्ता का कपड़ा, 30 पीस सिला हुआ पैंट और कटा हुआ 7 पैंट चोरी कर लिया गया है। नजरे आलम ने देवगांव कोतवाली में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि शाम को 7 बजे के करीब वह नित्य की भांति अपने घर चला गया। शनिवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। अगल-बगल के दुकानदारों द्वारा सुबह शटर टूटा देखकर सूचना देने पर वह मौके पर आकर देखा तो डायल 112 नंबर पुलिस को इसकी सूचना दिया। पुलिस द्वारा मौका मुआयना कर आवश्यक जांच पड़ताल आरंभ कर दी गई है।

विश्वकर्मा समाज देश का सबसे मजबूत संगठन: राम आसरे

आजमगढ़। अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा द्वारा मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन विश्वकर्मा भवन नरौली पर किया गया। बैठक में आजमगढ़, मऊ, बलिया, गाजीपुर, बनारस, जौनपुर, चंदौली, कुशीनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, और देवरिया के पदाधिकारी शामिल हुए। मुख्य अतिथि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा रहे।

बैठक को संबोधित करते पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा।

उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा समाज का संगठन आज पूरे देश में सबसे मजबूत संगठन है। संगठन को धार देने के लिए अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा द्वारा पूरे देश में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही महासभा संगठन के सभी जिलों में महासभा की कमेटी का गठन कर सभी जिलों में जिला अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्षों का चयन कर उनके कर्तव्यों का बोध कराया जाएगा। महासभा संगठन के कार्यकलापों व उपलब्धियों को सोशल मीडिया के माध्यम से विश्वकर्मा जन तक पहुंचाने का काम करेगा। महासभा की सोशल मीडिया टीम को मजबूत बनाया जाएगा। निकट भविष्य में महासभा द्वारा राज्य सम्मेलन व राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर विश्वकर्मा संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर जाकर एक मजबूत ताकत के रूप में उभारने का काम किया जायेगा। उन्होंने महासभा नौजवानों का आवाहन करते हुए कहा कि समाज की लड़ाई लड़ने के लिए आगे आयें। बैठक की अध्यक्षता महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार विश्वकर्मा ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव राजेश विश्वकर्मा, प्रदेश सचिव हरेन्द्र विश्वकर्मा, प्रदेश सचिव राम अवतार विश्वकर्मा, विश्वकर्मा ब्रिगेड प्रदेश सचिव सुनील विश्वकर्मा, मंडल पदाधिकारी ललन विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

अहमदाबाद अधिवेशन को सफल बनाने पर की चर्चा

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक रविवार को आराजीबाग स्थित शिक्षक सदन के सभागार में हुई। संघ ने स्नातक एमएलसी चुनाव में प्रत्याशी देवेन्द्र प्रताप सिंह को समर्थन देने का निर्णय लिया। साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों की पत्रावली, अवशेष बकाया वेतन, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अहमदाबाद (गुजरात) में 11 मई से होने वाले तीन दिवसीय अधिवेशन को सफल बनाने पर मंत्रणा किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह व संचालन जिला मंत्री जितेन्द्र कुमार राय ने किया। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि एमएलसी स्नातक, निर्वाचन के उम्मीदवार देवेंद्र प्रताप सिंह ने हमेशा पुरानी पेंशन बहाली एवं शिक्षकों की समस्याओं को सदन में पुरजोर से उठाते रहे हैं। शिक्षकों के हित के मद्देनजर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रान्तीय नेतृत्व ने भी देवेन्द्र प्रताप सिंह के उम्मीदवारी का समर्थन किया गया। जिला मंत्री जितेन्द्र कुमार राय ने कहा कि संघ के सभी शिक्षक उक्त चुनाव में अपने मतों का प्रयोग जरूर करें ताकि संघ के प्रांतीय नेतृत्व के समर्थन के उम्मीदवार को सदन में भेजकर शिक्षक समस्याओं का निराकरण कराया जा सके। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, साधोराम यादव, मंजू लता, जयशंकर, अवधराज सिंह, राकेश सिंह, अजय कुमार सिंह, वकील गौर्य, प्रमोद लाल श्रीवास्तव शिवप्रकाश चैबे सन्तोष राय, कामेश्वर सिंह, शोभनाथ गुप्ता, रामनिवास यादव, रामशीष राय, कमलेश यादव आदि मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते वक्ता।

कैंसर पीड़ित पवन के इलाज हेतु ग्रामीणों ने किया भिक्षाटन

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। सामाजिक कार्यकर्ता रामकुंवर यादव की पहल पर रविवार को ब्लड कैंसर से पीड़ित मासूम पवन के गांव जमीरपुर के ग्रामीणों ने पूरे गांव में भिक्षाटन कर 28130 रुपए इकट्ठा करके पीड़ित की मां सुशीला देवी को दिया।

इसी क्रम में सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोडरपुर के शिक्षकों, छात्र, छात्राओं ने रामकुंवर यादव की पहल पर विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज सिंह के नेतृत्व में भिक्षाटन कर 19228 रुपए दिया। रामकुंवर यादव ने बताया कि पीड़ित पवन राजभर को जेके कैंसर संस्थान कानपुर जा रहा है। उसका इलाज तीन माह से चल रहा है। वे उसके बेहतर इलाज के लिए वहां के चिकित्सक से बात करेंगे। अच्छा इलाज न होने पर उसे टाटा कैंसर रिसर्च सेंटर मुम्बई (महाराष्ट्र) के लिए रेफर कराया जायेगा।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। भाजपा जिला महामंत्री सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि भाजपा लालगंज की तरफ से 1380 बूथों पर कार्यकताओं ने मन की बात सुनने की व्यवस्था किया था जहां पर हजारों की संख्या में लोगो ने टीवी, लैपटॉप, मोबाइल व रेडियो से मन की बात को सुना व प्रधानमंत्री की सराहना किया।

मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार जनजातीय समाज के काफी लोगों को पदम विभूषण का सम्मान मिला है जिसमें हरेराम टोटो, राम कृष्ण रेड्डी जैसे लोगों को सम्मानित किया गया है। जनजातीय समाज के लोग हमारी धरती और हमारी विरासत का हिस्सा रहे हैं। उनका योगदान हमारे लिए महत्वपूर्ण है। नक्सल इलाकों के लोगों को काफी मोटिवेट किया गया है।

उन्होंने कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित होने वाले लोगों में कई लोग ऐसे हैं जिन्होंने संगीत की दुनिया को समृद्ध किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान गणतंत्र दिवस की चर्चा पर एक किताब मिली जिसका नाम इंडिया दी मदर आफ डेमोक्रेसी और इसमें कई बेहतरीन निबंध है, जिससे पता चलता है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और मदर आफ डेमोक्रेसी भी है। बाबा साहब का मानना था कि भगवान बुद्ध को इसकी प्रेरणा उस समय के राजनीतिक व्यवस्थाओं से मिली होगी। तमिलनाडु का जिक्र करते हुए कहा कि वह पर एक छोटा सा और एक चर्चित गांव है उतीर मेरूर यहां 1100 से 1200 साल पहले की शिलालेख मिली जो दुनिया भर को अचंभित करता है। इसमें विस्तार से बताया गया है कि ग्राम विकास का संचालन कैसे होगा और कैसे उसको संचालित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत देश के प्रस्ताव पर ही इस वर्ष को विश्व मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि ई-वेस्ट के माध्यम से कचरे को कंचन बनाने से कम नहीं है मुंबई में काम कर रही ईकोरिको ने मोबाइल एप्स से ई-वेस्ट को कलेक्ट करने का सटीक सिस्टम तैयार किया है यह बहुत ही सराहनीय है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ऋषिकांत राय, पूर्व सांसद नीलम सोनकर, जिला महामंत्री सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष हनुमंत सिंह, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र राय, जिला मंत्री शैलेंद्र नाथ यादव, जिला मंत्री अजय यादव, पूर्व प्रत्याशी निजामाबाद मनोज यादव आदि उपस्थित रहे।

लैपटाप पर पीएम के मन की बात सुनते भाजपा कार्यकर्ता।

सालाना उर्स के दौरान दूसरे दिन उमड़े जायरीन

मांगी दुआ

इंतजामिया कमेटी ने लगाया बेहतर साफ-सफाई ना होने का आरोप

जनसंदेश न्यूज

चादर पोशी करते जायरीन व झूले का आंनन्द लेते बच्चे

मीरजापुर। कंतित शरीफ की दर पर रविवार को जियारत करने के लिए जाइरीन की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हजरत ख्वाजा सैय्यद इस्माइल चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स के दूसरे दिन जाइरीन ने चादर पेश कर दुआएं मांगी। बाबा के दरबार में हर एक का दर्द लफ्ज बनकर आंसुओं के साथ निकल रहे थे।

कंतित शरीफ के दरबार में मन्नतें और मुरादें पूरी होने पर कंतित शरीफ के दरबार में पहुंचे जाइरीन ने चादरपोशी कर दुआएं मांगी। जत्थे के आने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। हजरत की दरगाह पर रविवार की भोर से देर रात तक चादर चढ़ाने और मन्नतें मांगने वालों का तांता लगा रहा। पूर्वांचल के साथ ही कई प्रांतों से शिरकत किए जाइरीन ने मजार पर चादरपोशी कर दुआएं मांगी। सुबह से लेकर देर रात तक बाबा के दर पर जियारत करने के लिए वालों का तांता लगा रहा।

दोपहर बाद से लेकर देर शाम तक मेला क्षेत्र का नजारा देखते ही बन रहा था। जगमग रोशनी में नहाया हुआ मेला क्षेत्र अद्भुत छटा बिखेर रहा था। मेला क्षेत्र में विभिन्न अंजुमनों, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं मानिंद लोगों की तरफ से शीतल पेयजल व शरबत पिलाने के लिए स्टाल भी लगाए गए थे। मेले में लगे तरह-तरह के झूलों पर झूलकर जहां एक बच्चों ने मेले का लुत्फ उठाया, वहीं तमाम जाइरीन ने मेले में लगी तरह-तरह की दुकानों से अपनी-अपनी जरूरत की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की।

मेले में लगी पकौड़ी, पराठा, बिस्किट, शर्बत, आम का पना आदि दुकानों पर ग्राहक डटे रहे। हम फकीरों से दोस्ती कर लो बादशाही के गुण सिखा देंगे हजरत ख्वाजा सैय्यद इस्माइल चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह का पैगाम मुहब्बत का पैगाम था। यकीनन तौर पर कंतित शरीफ का यही पैगाम था।

एनाउंसमेंट कर कर्मचारियों की पुकार होती है तब पहुंचते हैं कर्मचारी

मीरजापुर। कंतित शरीफ हजरत ख्वाजा सैयद इस्माइल चिश्ती रहमतुल्ला अलेह के सालाना उर्स के दूसरे दिन बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचे। वही नगर पालिका प्रशासन की ओर से बेहतर साफ-सफाई नहीं किए गए हैं। वही मजार के पास कूड़े का ढेर होने पर इंतजाम या कमेटी की ओर से एलाउंसमेंट कर सफाई कर्मचारियों की पुकार करते रहे। घंटो बीत जाने के बाद भी कोई भी कर्मचारी कूड़ा हटाने के लिए नहीं पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से दूधनाथ तिराहा एवं बनारस बस स्टैंड बैरियर लगाकर बड़े वाहनों का प्रवेश मेला क्षेत्र में वर्जित कर दिए गए हैं। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं फायर बिग्रेड की गाड़ी मजार के पास खड़ी कर दी गई है ताकि कोई अप्रिय घटना घटने पर समय रहते उसे काबू कर लिए जाएंगे। इंतजाम या कमेटी के अध्यक्ष शौकत अली ने बताया कि उर्स मेले के दौरान नगर पालिका प्रशासन की ओर से घोर लापरवाही की जा रही है। मजार के पास न तो डस्टबिन रखे गए हैं ना ही मेला क्षेत्र में नगर पालिका प्रशासन कर्मचारियों को अलाउंस मेंट कर कूड़ा उठाने के लिए बुलाना पड़ रहा है। वही बार-बार कहने के बावजूद भी कर्मचारी घंटों बाद कूड़ा उठाने के लिए पहुंच रहे हैं।

मोदी के मन की बात सुनने के लिए जुटे नागरिक

मन की बात

पीएम नरेंद्र मोदी ने 97वें एपिसोड में साझा किया मन की बात

लोगों ने कहा मिलती है ऊर्जा

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। नगर के गणेशगंज मोहल्ला में निवर्तमान पालिकाध्यक्ष मनोज जायसवाल के कैम्प कार्यालय पर जुटे लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी। रविवार को कार्यक्रम के 97 वाँ एपिसोड का प्रसारण किया गया।

श्रोताओं ने कहा कि मन की बात सुनकर एक नई ऊर्जा मिलती हैं। देश और समाज के लिए कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पद्म पुरस्कार प्राप्त प्रतिभाओं, आदिवासी समाज के प्रतिभाशाली लोगों, पारंपरिक वाद्य यंत्रों, मोटा अनाज (मिलेट) की खासियत और इसके लिए काम करने वाली प्रतिभाओं और भविष्य की संभावनों पर विस्तार से जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि मोटा अनाज सेहत के लिए किस तरह फायदेमंद है। प्रधानमंत्री ने न्यू इंडिया के तहत देश में हो रहे विकास कार्यों को शेयर किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। हम भारतीयों को इस बात का गर्व है कि हमारा देश लोकतंत्र की जननी भी है। इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात सुनने से कार्यकर्ताओं को एक ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कई मुद्दे पर विस्तार पर चर्चा की है। देश में हो रहे विकास कार्यों और 74 वें गणतंत्र की प्रधानमंत्री ने अपनी बाते कही।

पेड़ के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

हलिया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के प्रयागराज जिले की सीमा पर स्थित कटरा गांव में रविवार को 19 वर्षीय युवक ने अपने खेत में स्थित पेड़ की डाली में गमछे के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। खेत की तरफ गये ग्रामीणों ने युवक को फांसी के फंदे पर झूलता देखकर दंग रह गए। घटना की सूचना मृत युवक के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्रयागराज जनपद के कोरांव थानांतर्गत शिवपुर छड़गड़ा गांव निवासी छोटेलाल सिंह का 19 वर्षीय पुत्र श्याम मूरत सिंह ड्रमंडगंज क्षेत्र के कटरा गांव स्थित अपने खेत में स्थित पेड़ पर अपने गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने घटना की जानकारी ड्रमंडगंज पुलिस को दी। मौके पर पंहुचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अतुल कुमार पटेल ने फांसी के फंदे पर झूल रहे युवक को नीचे उतरवाकर शव का पंचनामा करवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

क्षेत्र के कई गांवों में बिक रही अवैध शराब

जनसंदेश न्यूज

हलिया। क्षेत्र के दर्जनों गांवों में अबैध रुप से मध्यप्रदेश निर्मित देशी शराब की बिक्री के साथ अबैध रुप से शराब बनाकर गांवों में कम दामों पर शराब बेचने का धंधा जोरों पर चल रहा है। गांवों में शराब की बिक्री होने पर युवा नशे की लत में आ रहे हैं। अबैध शराब की बिक्री के चलते लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। लोग शराब पीकर चट्टी चौराहों पर अश्लील शब्दों का प्रयोग भी कर रहे हैं।

क्षेत्र में सम्मानित व्यक्तियों का गुजरना दूभर हो गया है चट्टी चौराहों पर राहगीरों को शराब पीकर लोग अश्लील शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं स्थानीय थाना अंकुश नहीं लगा पा रहा है। थाना क्षेत्र के सोनगढा, राजपुर, सुखडा, सिकटा, बरी, हथेडा, अहुगी कला, अहुगी खुर्द सहित मतवार, कुशियारा, उमरिया, बेलाही, परसिया, बैधा, गोरगी, देवरी आदि गांव में कुछ तो अपने घर भट्टी बनाकर अबैध शराब उतारकर बिना डिग्री की शराब बेच रहे हैं। वहीं कुछ मध्य प्रदेश से सस्ती शराब ले आकर अपने घरों पर बेचने का काम कर रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी महकमे की मिलीभगत से अबैध शराब का कारोबार फलता फूलता दिख रहा है वही सम्मानित व्यक्तियों का सड़क से गुजर ना भारी पड़ रहा है जिसपर स्थानीय पुलिस ध्यान नहीं दे रही है। बीते दिनों राजपुर गांव में तीन किशोरों की शराब का सेवन करने से हालत बिगड़ने पर स्वजनों ने आनन फानन उपचार के लिए स्थानीय स्तर पर लेकर गये।

इस संबंध में आबकारी निरीक्षक निशा सिंह का कहना है कि जल्द ही दबिश देकर अबैध रुप से शराब कि बिक्री करने वाले लोगो के खिलाफ कार्रवाई किया जायेगा।

75 छात्र व छात्राओं को वितरित की गयी किताब और कॉपी

संगीता फाउंडेशन के सचिव ने किया व्यापक दौरा

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के पावन अवसर पर संगीता फाउंडेशन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें बच्चों को स्कूल बैग, स्वेटर व मिष्ठान वितरण एवं बुजुर्ग महिलाओं को कम्बल वितरण तथा पौधा लगाने का कार्य किया गया।

मौजूद लोगों को संबोधित करते सचिव

फाउंडेशन के ट्रस्टी सदस्य (सचिव) सुशील कुमार ने बताया कि मीरजापुर जनपद में वर्तमान मे कुल आठ निःशुल्क कोचिंग सेन्टर चल रहे है तथा कुल 75 छात्र/छात्राओं को गोद लेते हुए उनके शिक्षण शुल्क एवं किताब कॉपी की व्यवस्था फाउंडेशन द्वारा की गई है। सचिव श्री सिंह गणतंत्र दिवस पर निःशुल्क कोचिंग सेन्टर कमासिन, कटका, पड़ाव, शाहपुर चौसा, जरहा, डाणी दुर्बा एवं पडरिया में स्वयं उपस्थित होकर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया एवं बच्चों को स्कूल बैग व स्वेटर वितरित किया। उनके साथ फाउण्डेशन के जिले के प्रभारी अजय शेखर सिंह एवं जैन कुमार, योगी शशांक, विक्की सिंह, नवीन शेखर सिंह आदि फाउंडेशन के स्वयमसेवक उपस्थित रहे।

स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधान ने किया सम्मानित

जिगना। विकासखंड छानबे ग्राम पंचायत अकोढ़ी के ग्राम प्रधान सतीश तिवारी उर्फ पंकज तिवारी ने स्वच्छ गांव सुंदर गांव के तहत अपने ग्राम पंचायत में लोग जन चौपाल में घोषणा किया था कि हमारे ग्राम पंचायत में कुल 15 वार्ड हैं। हर वार्ड में मेरे द्वारा गुप्त रूप से सर्वे कराया जा रहा कि कौन सा वार्ड स्वच्छता के मापदंड में स्वच्छ पाया जाएगा। उसे 51 सौ रुपए का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। इस सर्वे में वार्ड नंबर 12 की महिला सदस्य सुशीला शुक्ला को प्रथम स्थान दिया गया। ग्राम प्रधान सतीश तिवारी उर्फ पंकज तिवारी द्वारा उन्हें 5100 नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। ग्राम प्रधान ने अपने गांव के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को शुद्ध पानी के लिए 50000 अपने निजी पैसे से आरो मशीन विद्यालय के लिए गिफ्ट किया जिससे बच्चे शुद्ध पानी का इस्तेमाल कर सके। कर्मवान प्रधान का कहना है कि ग्राम पंचायत में उत्कृष्ट करने वाले हर व्यक्ति का उचित सम्मान किया जाएगा।

अनुप्रिया पटेल के विशेष प्रयास से जनपद में होगा दो महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव

पहल

गांधीधाम-हावड़ा गरबा एक्सप्रेस का मीरजापुर में और अहमदाबाद पटना अजीमाबाद एक्सप्रेस का विंध्याचल में होगा ठहराव

राज्यमंत्री अनुप्रिया की मेहनत लाई रंग

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। गुजरात में रहकर जीवन यापन करने वाले मीरजापुर, वाराणसी, प्रयागराज व आसपास के इलाकों के लाखों श्रमिकों के लिए राहत भरी खबर है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री व मीरजापुर की लोकप्रिय सांसद अनुप्रिया पटेल के विशेष प्रयास से अब गांधीधाम-हावड़ा गरबा एक्सप्रेस (12937/38) व अहमदाबाद -पटना अजीमाबाद एक्सप्रेस (12947/48) का ठहराव जनपद में होगा। इन ट्रेनों के मीरजापुर में ठहराव होने से लोगों को वाराणसी अथवा प्रयागराज जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इन ट्रेनों के जनपद में ठहराव हेतु जनपदवासियों की पिछले काफी समय से मांग थी। गांधीधाम-हावड़ा गरबा एक्सप्रेस, 12937/38 (सप्ताहिक) का ठहराव मीरजापुर रेलवे स्टेशन पर होगा और अहमदाबाद पटना अजीमाबाद एक्सप्रेस, 12947/48 (सप्ताह में दो बार) विंध्याचल में ठहराव होगा। केंद्रीय मंत्री श्रीमती पटेल का कहना है कि मीरजापुर और आसपास के जिलों के लाखों लोग गुजरात में रहकर जीवनयापन कर रहे हैं। अब तक मीरजापुर से अहमदाबाद जाने अथवा अहमदाबाद से मीरजापुर आने वाले जनपद में इन ट्रेनों का ठहराव न होने की वजह से इन लोगों को प्रयागराज, वाराणसी अथवा मुगलसराय स्टेशन पर उतरना पड़ता था और यहां से उन्हें दूसरे वाहन से जनपद में आने को मजबूर होना पड़ता था। इससे इन श्रमिकों को समय के साथ-साथ किराया भी ज्यादा खर्च करना पड़ता था। लेकिन अब इन दोनों ट्रेनों के जनपद में ठहराव शुरू होने से इन लाखों श्रमिकों को राहत मिलेगी। साथ ही जनपद के कारोबारियों व व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा। इसके अलावा विंध्याचल स्थित मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं को भी काफी सुविधा होगी। जनपद के पर्यटन उद्योग में वृद्धि होगी।

18 फरवरी को निकाली जायेगी भगवान शिव-माता पार्वती की भव्य पालकी

यात्रा समिति की बैठक कर पालकी को भव्य बनाने के दृष्टिगत की गयी चर्चा

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। प्राचीन मन्दिर बूढ़ेनाथ महोदव मन्दिर पालकी यात्रा समिति के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष की भातिं इस वर्ष भी 18 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर भगवान शिव एवं माता पार्वती की भव्य आरती निकाले जाने का निर्णय समिति के द्वारा लिया गया। पालकी को भव्य बनाने एवं तैयारियों के दृष्टिगत आज बूढ़ेनाथ महोदव मन्दिर के प्रांगण में महन्त स्वामी डॉ0 योगानन्द गिरी महराज की अध्यक्षता में समिति की बैठक कर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

बैठक में सर्वप्रथम प्रशासनिक अनुमति एवं प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन के सहयोग के लिये जिलाधिकारी अथवा पुलिस अधीक्षक से सम्पर्क कर अनुमति प्रदान करने पर चर्चा की गयी। तदुपरान्त पालकी की तैयारियों के लिये आर्थिक सहयोग एव आने वाले व्यय पर भी विस्तृत चर्चा करते हुये कार्यकारणी सदस्यों की जिम्मेदारी तय की गयी।

बैठक में शामिल भक्त व महंत

महन्त डॉ0 योगानन्द गिरी ने बताया कि महोदव शिव तथा माता पार्वती की पालकी शिवरात्रि के दिन बूढ़ेनाथ मन्दिर से होकर टेढ़े नीम होते हुये मुसफ्फ़गंज, इमामबाड़ा, बल्ली का अड्डा, त्रिमुहानी, संकटाघाट, वासलीगंज सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण किया जायेगा। पालकी में विभिन्न प्रकार की झाकिंया बघ्घियों पर सवार भगवान तथा माता पार्वती के विभिन्न आकर्षक रूप को प्रदर्शित किया जायेगा। पालकी में हाथी, घोड़ा, ऊंट आदि को शामिल कर भव्य बनाया जायेगा।

बूढ़ेनाथ मन्दिर पर दिन व रात्रि में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होने कहा कि प्रशासनिक वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल करने के लिये समिति के वरिष्ठजनों के टीम के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों से सम्पर्क कर उन्हें आमंत्रित किया जाय।

महन्त डॉ0 गिरी ने नगर के साथ-साथ जनपद के सभी नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि पालकी में शामिल होकर इसे भव्य बनाये तथा भगवान शिव तथा माता पार्वती का दर्शन प्राप्त करें। बैठक में सोनभद्र से पधारे विजय शंकर चतुर्वेदी, वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी सलिल पाण्डेय, प्राचार्य जुबली कालेज राजेन्द्र तिवारी, विन्ध्यवासिनी केसरवानी, ओम प्रकाश उपाध्याय, संतोष श्रीवास्तव, जगदीश द्विवेदी, संदर्भ पाण्डेय, गौरव उमर, पदमश्री अजीता श्रीवास्तव, अंकज मिश्रा, शुभम गुप्ता, राज महेश्वरी, राजकुमारी खत्री, उषा गुप्ता, शुभम अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहें।

मानव समाज के कल्याण के लिए राम ने लिया था अवतार : रश्मि किशोरी

राम कथा सुनने को उमड़ रही है भक्तों की भीड़

जनसंदेश न्यूज

लालगंज। स्थानीय क्षेत्र के तेंदुई जानकी मंदिर परिसर में वृंदावन धाम की कथा व्यास देवी रश्मि किशोरी ने कहा कि अयोध्या में राम ने जन्म लेकर जो लीलाएं की वह प्रत्येक माता पिता की अभिलाषा के सपने गृहस्थ जीवन में पूरे करते हैं क्योंकि लोक मयार्दा के पालक बालक राम प्रत्येक व्यक्ति आदर्श नायक के रूप में विश्वास पैदा करते हैं।

ब्यास कथाकार देवी रश्मि किशोरी ने तेंदुई में चल रहे राम कथा में उन्होंने ने कहा कि राजा दशरथ और तीनों रानियों के यहां जन्में बालक राम भाईयों के साथ व्यवहारिक जीवन के विभिन्न रूपों को दिखाकर नगरवासियों का मनमोह लिए थे क्योंकि उनके बाल हठ और त्याग सहयोग की भावना घर घर के स्त्री पुरुष को प्रिय बना दिया था। जिसके कारण राम से मिलने बोलने की इच्छा बालवृंद को बनी रही है। कहा कि उनका अवतार मानव समाज के कल्याण के लिए था क्योंकि उस समय समाज में राक्षसी शक्तियों के वातावरण से लोक में डर व्याप्त हो गया था। राम के जन्म के बाद ताडुका सुबाहु का वध विश्व को संकेत दिया जी मानव समाज की रक्षा के लिए युवाओं का नेतृत्व आगे आ चुका है। कहा कि गुरु के निर्देशन में राम ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का संकल्प मयार्दा में किया था। उन्होंने यह विश्वास दिलाया था कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की रक्षा करने की जिम्मेदारी है। यह भी विश्वास दिलाया था कि मान मयार्दा सबकी बनी रहेगी। उन्होंने यह भी दिखाया कि भाईयों के अपने दायित्व है। जिसका निर्वहन करने की जिम्मेदारी होती है। कार्यक्रम के आयोजक अमरनाथ तिवारी, जानकी देवी, अशोक कुमार, नवीन तिवारी आदि व्यवस्था में लगे रहे। इस अवसर पर भारी संख्या में भक्तगण कथा का रसपान किए।

संक्षेप

20 को लखनऊ कूच करेंगे शिक्षामित्र

जिगना। विकासखंड छानबे में दिन रविवार को कटरा हनुमान मंदिर पर शिक्षामित्रों द्वारा एक बैठक की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर शिक्षामित्र के छानबे ब्लॉक अध्यक्ष राजेश मिश्रा द्वारा उपस्थित शिक्षामित्रों के सामने प्रस्ताव रखा गया कि 20 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शिक्षा मंत्री संदीप सिंह का हम शिक्षामित्रों द्वारा द्वारा स्वागत करने व अपनी मांगों को उनके सामने रखा जाए। सभी लोगों से अपील करते हुए एकजुट होकर लखनऊ चलाने का आह्वान किया। छानबे अध्यक्ष के प्रस्ताव पर सभी शिक्षामित्र एक स्वर उनके प्रस्ताव पर सहमती बनाते लखनऊ चलने का आह्वान किया। बैठक में मनोज दुबे, रणजीत यादव, अजय पटवा, मयंक, प्रभा सिंह, बाबूलाल, सुमित दुबे, सतीश कुमार, महेंद्र माली, अवधेश कुमार सहित भारी संख्या में शिक्षामित्र मौजूद रहे।

डीएम ने ग्राम प्रधान संघ के पदाधिकारियों की सुनी समस्याएं

मीरजापुर। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा बाण सागर गेस्ट हाऊस में ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष विकास खंड लालगंज एवम सदस्यों के साथ उनकी समस्याओं के संदर्भ में बैठक किया गया। उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, श्री लक्ष्मी वीएस, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व, शिव प्रताप शुक्ल, उप जिलाधिकारी/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट लालगंज, नवनीत सेहरा, जिला विकास अधिकारी, श्रवण कुमार राय, जिला पंचायत राज अधिकारी, अरविंद कुमार, विकास खंड लालगंज व नरायनपुर के खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

इंटरलाकिंग में घटिया निर्माण सामग्री का हो रहा प्रयोग

हलिया। विकास खंड के राजपुर ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के तहत बनाए जा रहे इंटरलाकिंग निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री व घटिया ईंट का प्रयोग किए जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने मानक के विपरीत करवाए जा रहे निर्माण कार्य की जांच कराने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण ढंग से इंटरलाकिंग का निर्माण कार्य कराए जाने की मांग किया है। राजपुर ग्राम पंचायत के मौर्या बस्ती तथा अमृत सरोवर तालाब के भीटे पर इंटरलाकिंग निर्माण में बिना गिट्टी बिछाए ही इंटरलाकिंग निर्माण करवा दिया गया है शेष बचे इंटरलाकिंग निर्माण कार्य में भी घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है इससे पहले भी गांव में घटिया निर्माण सामग्री व घटिया ईंट प्रयोग किए जाने से बनाई गई इंटरलाकिंग ध्वस्त होने के कगार पर पहुंच चुकी है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव पर सरकारी धन का बंदरबांट करने का आरोप लगाते हुए गांव में कराए जा रहे विकास कार्यों की जांच की मांग किया है।

युवती को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना चुनार, मीरजापुर पर 15 जनवरी 2023 को थाना चुनार क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध अपनी(वादी की) पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना चुनार पर धारा 363 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा युवती के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए अभियुक्त की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक चुनार को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उ0नि0 रवि प्रकाश मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना चुनार पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित नामजद आरोपी कन्हैयालाल पुत्र स्व0झन्नूलाल निवासी शिल्पी थाना चुनार मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

बाइक की टक्कर से राहगीर घायल

लालगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित पटेल नगर के सामने शनिवार की शाम आगे जा रही बाइक में पीछे से अज्ञात अपाचे मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दिया जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पर स्थित पटेल नगर के सामने शनिवार की शाम आगे जा रही बाइक में पीछे से अज्ञात अपाचे मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दिया जिससे राजेंद्र सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह निवासी दीदुली नंबर 3 थाना अमिलिया जिला सीधी मध्य प्रदेश घायल हो गए। सूचना पर पहुंची लहंगपुर चौकी की पुलिस ने घायल राजेंद्र सिंह को एंबुलेंस सेवा 108 अस्पताल उपचार कराने के लिए मण्डलीय अस्पताल भेजा। वही पर राजेंद्र सिंह ने बताया कि अपने घर से देहात कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित अपने बहन के यहां बाइक से जा रहे थे कि यह हादसा हो गया। मौजूद राहगीरों ने बताया कि अपाचे बाइक ने टक्कर मारने के बाद फरार हो गया।

मृतक वृद्ध की दूसरे दिन हुई पहचान

जमालपुर। थाना क्षेत्र के जेके स्टेट हाइवे स्थित जलालपुर गांव के पास शनिवार को अज्ञात साइकिल सवार वृद्ध सड़क पर गिर जाने से मौत हो गई थी। जिसकी पहचान नही हो सकी थी। घटना के दूसरे दिन रविवार को मीडिया में खबर आने के बाद मृतक के परिजनों ने राधेश्याम चौहान उम्र 80 वर्ष पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम कुआं थाना शहाबगंज जिला चंदौली के रूप में की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

कप्तान ने राणा प्रताप को राजगढ़ थाने की सौंपी कमान

राजगढ़। दस सितम्बर 2022 को बनाए गए नए थाना का सर्वप्रथम कमान निरिक्षक अरुण कुमार दुबे को सौंपी गई थी। परंतु उच्चाधिकारियों के आपसी तनातनी में गणतंत्र दिवस की रात्रि में राजगढ़ थानाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे को बलि का बकरा बनाते हुए जनहित का हवाला देते हुए पुलिस लाइन में स्थानांतरण कर दिया गया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने राणा प्रताप यादव को राजगढ़ थाने की कमान सौंपी गई। कप्तान के आदेश के अनुपालन में राणा प्रताप यादव द्वारा शनिवार की रात्रि में राजगढ़ थाने पर पहुंच कर अपना कार्यभार ग्रहण किया गया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत नवागत थानाध्यक्ष ने रविवार को उपस्थित पत्रकार बंधुओं को बताया कि हमारी प्राथमिकता क्षेत्र में अमन-चैन कायम करना है। इसमें आपलोगों का भरपूर सहयोग होना महत्वपूर्ण है। हमारा प्रथम प्रयास यहीं रहेगा कि जो भी फरियादी हमारे पास आए उसका तुरंत मौके पर ही निस्तारण किया जाए।

हाकरों की बैठक सम्पन्न

मीरजापुर। समाचार पत्र विक्रेता समिति की बैठक स्टेशन पर सम्पन्न हुई जिसमें अध्यक्ष कन्हैया लाल विन्द व समाचार वितरकों द्वारा समाचार पत्र दिवस की बधाई दी गई। सचिव आकाश ने पाठकगढ़ को संदेश देते हुए कहा कि अखवार एक पत्र है जो हमे पूरे संसार भी सूचनाओं से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रानिक मिडिया की अपनी जगह है। इस पर प्रिन्ट मिडिया की अपने आप मे अलग पहचान है, जो कि समाज शासन प्रशासन व सरकार की सूचनाओं से जोड़े रखता है। अतः पाठकग से अनुरोध है कि अखबार पढते रहे समाचार पत्र दिवस की बहुत-2 बधाई दिया। वैठक के कन्हैया लाल बिन्द, आकाश, संजय, विजय, विद्या, राजु, शिवपाल, सन्तोष, बसन्त, रामवली, छोटेलाल, सुरेंद्र, प्रमोद, पतालू, शम्भू, पंकज, निरज, अरूण, रोहित, सोहन मौजूद रहे।

तीन दिन से लापता पुजारी को ढूंढ रहे ग्रामीण

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के औरा गाँव स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी हलिया थाना क्षेत्र के थोथा गांव निवासी शिव बाबा उर्फ बटन 70 तीन दिन से पूजा पाठ मंदिर पर नहीं आने पर परिजनों के साथ खोज बीन में सुबह से जुट गए है। ग्रामीणों को संदेह होने पर बाणसागर की नहर को बंद कराते हुए नहर में ढूंढना शुरू किया। बाणसागर नहर औरा गाँव के घाट से तलाश करते हुए 6 किलोमीटर दूर मटिहरा गांव तक पहुंचे जहां नहर में पुजारी के वस्त्र को मिलने के बाद परिजन पहचान लिए और बताएं कि वस्त्र पुजारी का ही है। ग्रामीणों ने दूरभाष से इसकी सूचना चौकी इंचार्ज मतवार लल्लन यादव को दी। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज को लोगों ने पुजारी के बस्त्र को नहर में मिलने की बात बताया। मौके पर पुलिस ग्रामीणों के साथ छानबीन करने में जुटी हुई हैं। समाचार लिखे जाने तक पुजारी का पता नहीं चल पाया है। पुजारी के लड़के भी हनुमान मंदिर पर पूजा पाठ करते हैं। चौकी इंचार्ज मतवार लल्लन यादव ने बताया कि नहर मे नारियल चुनरी सहित वस्त्र आदि सामान मिला है परिजनों से गुमसूदगी की तहरीर लेकर खोज बीन की कार्रवाई की जा रही है।

एसडीएम व तहसीलदार पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

कार्रवाई

विगत वर्ष 19 मई को राजस्व लॉकअप में राजस्व बंदी सुधाकर दूबे की मौत का मामला

जनसंदेश न्यूज

अधिवक्ता विकास शाक्य

सोनभद्र। राजस्व लॉकअप में सुधाकर दुबे की मौत के मामले में रविवार को सदर कोतवाली पुलिस ने तत्कालीन एसडीएम राजेश कुमार सिंह व तत्कालीन तहसीलदार बृजेश कुमार वर्मा के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उप निरीक्षक मो. एस खान को दी गई है।

बता दें कि विगत वर्ष 19 मई को सदर तहसील के राजस्व लॉकअप में राजस्व बंदी सुधाकर दुबे की मौत प्रशासनिक लापरवाही के कारण हो गई थी। पोस्टमार्टम कराए बगैर शव को जलवा दिया गया और साक्ष्यों एवं सबूतों के साथ छेड़छाड़ किया गया। मामला संज्ञान में आने पर पीयूसीएल के प्रदेश संगठन सचिव एडवोकेट विकास शाक्य ने शिकायती पत्र देकर उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग और मृतक के पुत्र नीरज दूबे के साथ न्याय दिलाने की लड़ाई शुरू करने के साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एवं उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कराया राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने दस लाख रुपए मुआवजा और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश उत्तर प्रदेश सरकार को दिया था, परंतु प्रशासन ने कोई संज्ञान नहीं लिया। याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने प्रमुख सचिव गृह और राजस्व सचिव उत्तर प्रदेश को मानवीय कृतियों और दुर्व्यवस्थाओं पर फटकार लगाई साथ ही जिला स्तर पर हुई मजिस्ट्रेटियल जांच को भी पूर्वाग्रह और दूषित बताते हुए जिलाधिकारी सोनभद्र की भूमिका पर भी सवाल उठाए। संज्ञेय अपराध की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं किया गया पीड़ित परिवार को मुआवजा नवीनतम जांच की अद्यतन रिपोर्ट के साथ तीन फरवरी को पुनः तलब किया गया।

इसी क्रम में कमिश्नर विंध्याचल मंडल की अध्यक्षता में जिलाधिकारी मिजार्पुर सहित स्थानीय अधिकारियों के साथ जांच करने आई जांच टीम द्वारा परिजनों को पूर्व सूचना दिए बगैर आई थी इसलिए पीड़ितों का बयान नहीं हो सका। विकास शाक्य ने कहा कि लंबी लड़ाई के बाद तहसीलदार एवं एसडीएम के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा तो दर्ज करा दिया परंतु वादी मुकदमा के निचले रैंक के ऑफिसर से विवेचना कराई जा रही जो प्रतिस्थापित विधि व्यवस्था के विरुद्ध है। श्री शाक्य ने कहा कि निष्पक्ष विवेचना और दोषियों को सजा दिलाने तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

पैसा न देने पर द्वितीय किस्त रुकवाने की धमकी

दुद्धी। स्थानीय विकास खण्ड अंतर्गत 58 ग्राम पंचायतों में 813 चेरो आवास की सौगात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी है। यह पहल चेरों जाति के जीवन स्तर सुधारने के लिए है, लेकिन इस कवायद के इतर कुछ ग्राम पंचायतों में प्रधानों द्वारा आवास लाभार्थियों से 5 से 15 हजार की वसूली शुरू कर दी गयी है। सूत्रों के मुताबिक प्रधानों द्वारा कहा जा रहा है कि इसकी दूसरी किस्त रुकवा दी जाएगी, जिससे किस्त रुकने की डर से लाभार्थी रकम देने में ही भलाई समझ रहे हैं। प्रधानों के दांव पेंच के आगे आवास के पात्र भोले भाले आदिवासी नतमस्तक हो जा रहे हैं और इसकी शिकायत इस डर से नही कर रहे हैं कि उनका आवास कट ना जाए। प्रबुद्धजनों ने इस प्रकरण की जांच कराकर दोषी प्रधानों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। वहीं नवागत खण्ड विकास अधिकारी नीरज तिवारी ने कहा कि किसी भी लाभार्थी की कोई किस्त नहीं रोकी जाएगी, जिओ टैगिंग के बाद दूसरी किस्त लाभार्थियों के खाते में भेजी जाएगी। लाभार्थी एक भी पैसा प्रधान को आवास के एवज में न दें। अभी सचिवों को निर्देशित करता हूं कि कोई भी प्रधान ऐसी वसूली में लिप्त हो तो सूचना दें, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

महिलाओं को किया गया जागरूक मनचलों को दी चेतावनी

महिलाओं को जागरूक करती महिला पुलिसकर्मी

सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में रविवार को जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया।

वहीं यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया। इस दौरान बेवजह घुमने वाले मनचलों को कड़ी चेतावनी दी गयी। बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें।

संक्षेप

मैहर धाम के प्रधान पुजारी की निकली भव्य शोभायात्रा

सुसज्जित वाहन पर विराजमान प्रधान पुजारी पवन महाराज

ओबरा। मां मैहर धाम के पूर्व प्रधान पुजारी देवी प्रसाद महाराज व प्रधान पुजारी पवन दाऊ सरकार की नगर स्थित मां शारदा मन्दिर से शनिवार की शाम सुसज्जित वाहन से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गजराजनगर होते हुए चोपन रोड सुदामा पाठक चौराहे से होते हुए चूड़ी गली में रह रहे भक्त संतोष अग्रहरि के आवास तक पहुंची। शोभायात्रा में सैकड़ो भक्त मां शारदे के जयकारे लगाते हुए डीजे की धुन पर जमकर थिरक रहे थे। वही मां शारदे के जयकारे से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। सड़क पर आने जाने वाले राहगीर भी महाराज के दर्शन हेतु हाथ जोड़कर खड़े हो जयकारे लगा रहे थे। ऐसा नजारा बना था मानो की साक्षात देवी मां की शोभा यात्रा चल रही है। नियत स्थान पर शोभायात्रा पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा के साथ महाराज का स्वागत करते हुए चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाली प्रभारी मिथिलेश मिश्रा, क्राइम इंस्पेक्टर केदार नाथ मौर्य, चौकी इंचार्ज अमित त्रिपाठी आदि लगे रहे। शोभा यात्रा में सुरेशानंद, वीरेंद्र सिंह बैरागी, सीताराम अग्रहरी, ताड़केश्वर केशरी, जेपी केशरी, राजेश केशरी, सूर्यनरायन अग्रहरि, लक्ष्मीनारायण, मिलन अग्रहरि, प्रदीप अग्रहरि, उमाशंकर अग्रहरि, अरुण अग्रहरि, महेश अग्रहरि, राकेश अग्रहरि, महेश पांडेय, मनोज दूबे सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

शक्तिनगर से राबट्र्सगंज तक निकलेगी तिरंगा पद यात्रा

सोनभद्र। सोनांचल की खनिज सम्पदा की आय में सोनांचल की हिस्सेदारी दिए जाने समेत अन्य कई मांगों को लेकर सोनांचल संघर्ष वाहिनी ने आगामी एक मार्च शक्तिनगर से लेकर राबट्र्सगंज तक सोनांचल बचाओ तिरंगा पद यात्रा करने का ऐलान किया है। अध्यक्ष रोशन लाल यादव ने रविवार को बताया कि तिरंगा पद यात्रा एक मार्च को शक्तिनगर से चलकर अनपरा पहुंचेगी, रात्रि विश्राम के बाद 2 मार्च को नेहरू पार्क अनपरा से शाम तक पिपरी पहुंचेगी। रात्रि विश्राम के बाद 3 मार्च को पिपरी तुर्रा चौराहा से पद यात्रा डाला पहुंचेगी। 4 मार्च को डाला शहीद स्थल से सीधे बढ़ौली चौक राबट्र्सगंज आकर समापन होगा।

दिसंबर 2023 तक पूरा हो जाएगा रेणुका नदी पर पुल

ओबरा। रेणुका नदी पर नए पुल का निर्माण दिसंबर 2023 तक पूरा होने की संभावना है। लम्बे संघर्षों के बाद पिछले वर्ष उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के निर्देशन में निजी फर्म द्वारा शुरू हुए पुल निर्माण कार्य में काफी तेजी देखी जा रही है। पुल निर्माण से उत्साहित सैकड़ों ग्रामीणों ने निर्माण स्थल चकाड़ी में इंटक के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस का उत्सव मनाया। इंटक के जिलाध्यक्ष एवं पुल के लिए पिछले डेढ़ दशक से संघर्ष कर रहे हरदेव नारायण तिवारी की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुल का निर्माण कर रहे निजी फर्म मित्तल कंट्रक्शन के साइट प्रबंधक संजय सिंह ने बताया कि सबकुछ अनुकूल रहा तो चालू वर्ष के अंत तक पुल से आवागमन शुरू हो जाएगा। इंटक नेता ने कहा कि यह पुल आम लोगों के संघर्षों का प्रतीक है। 73 करोड़ की लागत से बन रहे इस पुल के चालू होने पर दो लाख की आबादी के लिए बड़ा अवसर सामने आएगा। रेणुकापार के 100 से ज्यादा टोलों के लिए यह पुल विकास द्वार बनेगा। उन्होंने पुल निर्माण के लिए शासन और प्रशासन का आभार प्रकट किया। बृजेश तिवारी ने कहा कि आदिवासियों के संघर्ष ने शासन और प्रशासन की नींद उड़ा दी थी। अमरेश यादव ने कहा कि सदियों से रेणुका की उपेक्षित जनता के लिए यह पुल नए युग की शुरूआत करेगा। इसके पूर्व गोष्ठी का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर राम विलास दुबे, शमीम अख्तर, लालचंद, आरपी तिवारी, सतीश कुमार, लक्ष्मण यादव, रविंद्र यादव, सत्यम दुबे, अकमानी देवी, भोला यादव, रमेश यादव, मुकेश जायसवाल आदि मौजूद रहे।

संत कीनाराम के सात खिलाड़ी होंगे सम्मानित

सोनभद्र। संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोढ़ी में 31 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के सात खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ गोपाल सिंह ने बताया कि ओमवीर शर्मा ने नेशनल ट्रायल में वेटलिफ्टिंग में पहला व हैथलिस्टिक में तीसरा स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वही नेशनल में 110 मीटर बाधा दौड़ में आदर्श सिंह ने पहला, विश्विद्यालय स्तर पावरलिफ्टिंग में प्रिंस कुमार मौर्य ने तीसरा स्थान, वेटलिफ्टिंग में हर्ष कुमार यादव तीसरा, तीरंदाजी में आकांक्षा ने तीसरा, तीरंदाजी में रजनी अग्रहरी ने पहला स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार विशाखा शर्मा ने वेटलिफ्टिंग व गोलाफेंक में विश्वविद्यालय स्तर पर पहला स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इन सभी खिलाड़ियों को 31 जनवरी को विद्यालय में होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

हमारी रगों में बसा है लोकतंत्र: नरेंद्र मोदी

अवसर

भाजपाजनों ने सुनी पीएम के मन की बात

बिजौली शक्ति केंद्र बूथ पर पीएम के मन की बात सुनते भाजपाई

सोनभद्र। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे की अगुवाई में चुर्क मंडल के बिजौली शक्ति केंद्र के बूथ नं 12 पीथा में बूथ अध्यक्ष अंकित मिश्रा के आवास पर रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी गयी। इस दौरान प्रधानमंत्री ने 97वां एपिसोड में सुपर फूड मिलेट्स के बारे में बताया।

पीएम ने कहा कि लोग अब बड़े स्तर पर मिल्ट्स को अपना रहे हैं और उनकी सेहत के लिए भी फायदेमंद है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और हमारी रगों में लोकतंत्र बसा है। उन्होंने कहा कि हमारे स्वभाव और संस्कृति ही लोकतांत्रिक हैं। इस मौके पर भाजपा बूथ अध्यक्ष अंकित मिश्रा सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं नगर के दलित बस्ती में प्रधानमंत्री के मन की बात सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत के नेतृत्व में सुनी गयी। सदर ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि पीएम ने देशवासियों को न्यू इंडिया के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होंने आदिवासी समाज की भूमिका से लेकर पद्म पुरस्कार पाने वाले हस्तियों के बारे में भी चर्चा की। पीएम ने बताया कि 26 जनवरी पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में पद्म पुरस्कार विजेताओं की एक बड़ी संख्या आदिवासी समुदायों और आदिवासी समाज से जुड़े लोगों से आती है। आदिवासी जीवन शहर के जीवन से अलग है, इसकी अपनी चुनौतियां भी हैं। इन सबके बावजूद आदिवासी समाज अपनी परंपराओं को बचाने के लिए हमेशा आतुर रहता है। पीएम मोदी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष दोनों का निर्णय भारत के प्रस्ताव के बाद लिया है। योग भी स्वास्थय से जुड़ा है और बाजरा भी स्वास्थय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पीएम ने गोवा में पर्पल फेस्ट इवेंट की चर्चा की। गोवा में पर्पल फेस्ट इवेंट हुआ। दिव्यांगजनों के कल्याण को लेकर यह अपने-आप में एक अनूठा प्रयास था। इस मौके पर संतोष शुक्ला, दिनेश भारती, संतोष भारती, अमन वर्मा, आलोक रावत, अजय भारती, संजय भारती, कलावती भारती, आशा भारती, सुमन रावत, संजय पासवान, अजय भारती आदि मौजूद रहे। इसी तरह नगर स्थित हरदा बाबा के प्रांगण में प्रधानमंत्री के मन की बात भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर तिवारी के नेतृत्व में सुनी गई। इस मौके पर विनोद सोनी, राजन गुप्ता, अखिलेश कश्यप, श्याम उमर, बलराम सोनी, राहुल शर्मा, मनोज विश्वकर्मा, अनूप पांडे, योगेश सिंह, नंदकिशोर, विनोद जायसवाल मौजूद रहे।

पुलिस, पीएसी बल ने जंगलों में की काम्बिंग

सोनभद्र। जनपद में नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने एवं अभिसूचना संकलन के उद्देश्य से रविवार को क्षेत्राधिकारी संजीव कटियार के नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस द्वारा पीएसी बल के साथ थाना क्षेत्र में सघन काम्बिंग की गयी।

इसके अतिरिक्त थाना म्योरपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत के ग्राम बभनडीह में, थाना बीजपुर पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पिण्डारी व लीलीडेवा में पीएसी बल के साथ सघन काम्बिंग की गयी। काम्बिंग के दौरान स्थानीय लोगों से वार्ता कर उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय में जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को अवगत कराने को प्रेरित किया गया।

खेलकूद से निखरती है बच्चों की प्रतिभा: मनोज कुमार

आयोजन

नैनो मैराथन रेस का हुआ आयोजन, दिलायी गयी सड़क सुरक्षा की शपथ

जनसंदेश न्यूज

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि मनोज कुमार ठाकुर

डाला। नव निर्माण सेना द्वारा आयोजित नैनो मैराथन को रविवार को चोपन ब्लाक प्रमुख लीला देवी ने झंडा दिखाकर वैष्णो देवी मंदिर से रवाना किया। जिसका रामलीला मैदान में समापन किया गया। इसके पूर्व चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के लिए लोगों को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि विढ़मगंज थाना प्रभारी मनोज कुमार ठाकुर रहे। नैनो मैराथन में 120 युवा समेत बुजुर्गों ने भाग लिया। पुरुष कैटेगरी के 15 से 35 वर्ष में बाबूलाल ने प्रथम, विनीत यादव दूसरा और विनोद कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 36 से 50 वर्ष पुरुष कैटेगरी में प्रथम स्थान शैलेंद्र, द्वितीय स्थान विजय यादव व तृतीय स्थान घनश्याम ने प्राप्त किया। 36 से 50 वर्ष महिला केटेगरी में दीक्षा पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 15 से 35 वर्ष महिला केटेगरी में खुशबू पाल ने प्रथम स्थान, वंदना मौर्य ने द्वितीय व संगीता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि डाला के युवा जिला लेवल का खेल खेलकर नाम रोशन किया है। यहां के युवा इतिहास रचने में सक्षम हैं। खेलकूद से प्रतिभा निखरती है, खेल ही मात्र एक साधन है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। नैनो मैराथन रेस में निर्णायक मंडल में प्रशांत पाल, सर्वेश पटेल, चंदन गुप्ता, रविन्द्र चौधरी, बसंत सिंह, सौरभ कुमार, इमरान हैदर शामिल रहे। संस्था के अध्यक्ष अमृत पटेल ने अतिथियों का आभार ज्ञापन किया। इस मौके पर सुभाष पाल, सुरेन्द्र मिश्रा, सुधीर सिंह, डा. राकेश सिंह, मनोज शुक्ला, महेश सोनी, सोनू जायसवाल, महेश उपाध्याय, राकेश जायसवाल समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

सड़क की सोलिंग हटाकर ईंट रखने से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

गुस्सा

क्षेत्र पंचायत निधि से हुआ है डब्ल्यूबीएम सड़क का निर्माण

जनसंदेश न्यूज

प्रदर्शन करते ग्रामीण

दुद्धी। राजकीय महाविद्यालय से करमदाहा तक 2008-09 में निर्मित डब्लूबीएम सड़क पर लगभग 50 मीटर सड़क की सोलिंग उखाड़कर मार्ग पर ईंटो की छल्ली लगाकर मार्ग अवरुद्ध किये जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने रविवार को प्रदर्शन कर मार्ग पर सोलिंग हटा रहे मजदूरों को काम करने से रोक दिया। सूचना पर पहुंची 112 डायल पुलिस कार्य रोक दोनों पक्षों को कोतवाली बुलवाया। मल्देवा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि निरंजन जायसवाल ने कहा कि यह मार्ग डिग्री कालेज से करमदाहा तक जाती है, जो कैलाश कुंज द्वार पर्यटन स्थल तक जुड़ जाती है, इस मार्ग से सैकड़ो परिवारों के साथ हजारों लोगों का तीन दशक से आवागमन होता है। वहीं डेढ़ दशक पहले क्षेत्र पंचायत निधि से इस मार्ग पर डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण कराया जा चुका है।

कर्तमान में पीडब्ल्यूडी विभाग से 1 करोड़ 96 लाख की राशि से ढाई किमी पीसीसी सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है, तो कस्बे के एक एक व्यक्ति द्वारा महाविद्यालय के बाउंड्री से लगे सड़क को अपनी जमीन बताकर सड़क पर बिछाई गई सोलिंग उखड़वाकर मार्ग के आरंभ स्थल पर ईंटो का ढ़ेर रखवाकर मार्ग अवरुद्ध कर दिया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। छोटेलाल व गोरख अग्रहरी ने कहा कि अमुक व्यक्ति की जमीन महाविद्यालय में पूर्व में दान दी जा चुकी है जो अब रास्ते की जमीन को हथियाने के फिराक में है। इसे आमजनमानस के हितों के साथ खिलवाड़ बताते हुए जिलाधिकारी से हस्तक्षेप करने की मांग की गयी है। इस मौके पर जसवंत मौर्या, मेराज कादरी, टिंकू, वीरेंद्र अग्रहरी, औरंगजेब, मदन शर्मा, विनोद शर्मा समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

इण्डिया मैन्युफैक्चरिंग एक्सिलेंस गोल्ड अवार्ड से हिण्डाल्को सम्मानित

जनसंदेश न्यूज

रेणुकूट। हिण्डाल्को इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, रेणुकूट को मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस में बेस्ट प्रैक्टिसेज के लिए इण्डिया मैन्युफैक्चरिंग एक्सिलेंस-2022 के गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया।देश की जानी-मानी कम्पनियों के साथ हिण्डाल्को ने भी इस अवार्ड के लिए आवेदन किया था।ज्यूरी द्वारा हिण्डाल्को, रेणुकूट का चयन साईट विजिट के लिए किया गया।

मेसर्स फ्रॉस्ट एण्ड सुलिवॉन के चार ऑडिटर्स की टीम ने जुलाई माह में हिण्डाल्को, रेणुकूट प्लांट का दौरा करके कम्पनी के बेस्ट प्रैक्टिसेज इन मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस एण्ड मेन्टिनेंस, पॉलिसी, लॉजिस्टिक, वेस्ट मैनेजमेंट, एच.आर. फंक्सन्स, कस्टमर सेन्ट्रीसिटी, सप्लायर्स एवं अन्य सम्बन्धित फैसिलिटीज का ऑडिट कर आंकलन किया और साथ ही असेसमेंट क्राइटेरिया के अन्तर्गत टीम के सदस्यों ने संस्थान के टॉप व बॉटम लेवल के कई अधिकारियों व कर्मचारियों से बात-चीत कर उनसे साक्ष्य एवं डाक्यूमेंट हासिल किए।

ऑडिटर्स की टीम ने अपनी ऑडिट क्राइटेरिया के अनुसार कम्पनी के मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस में सर्वोत्तम प्रैक्टिसेज को अपनाये जाने को लेकर संतुष्ट होने पर हिण्डाल्को का चयन उक्त अवार्ड के किया।दिनांक 20 जनवरी को होटल ताज, बंगलुरू में आयोजित हुए भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में हिण्डाल्को रेणुकूट के इण्डस्ट्रीयल इन्जिनियरिंग एवं टेक्निकल सेल विभाग के महाप्रबंधक संजीव गुप्ता ने उक्त पुरस्कार प्राप्त किया।हिण्डाल्को को मिले इस प्रतिष्ठित अवार्ड के लिए हिण्डाल्को के क्लस्टर हेड एन. नागेश, क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने समस्त कर्मचारियों को बधाई दी।

481 मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

रेणुकूट। औद्योगिक प्रतिष्ठान बिड़ला कार्बन के हाईटेक जन कल्याण ट्रस्ट,रोटरी क्लब और आईएमए हिंडालको के संयुक्त तत्वावधान में मुर्धवा में स्थित खीस्त ज्योति हाईस्कूल परिसर में रविवार को मेगा मेडिकल हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। बिड़ला कार्बन के इकाई प्रमुख आरके रघुवंशी, हिंडाल्को हॉस्पिटल के सीएमओ डॉ भास्कर दत्ता व आईएमए की अध्यक्ष डॉ प्रेमलता यादव की मौजूदगी में शिविर की शुरूआत हुई। बिड़ला कार्बन के इकाई प्रमुख आरके रघुवंशी ने कहा कि उनके संस्थान द्वारा समय-समय पर चिकित्सा शिविर का आयोजन कर जरूरतमंदों की मदद की जाती है ताकि ऐसे लोग शिविर का लाभ उठाकर अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत हो सके। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हिंडालको रेणुकूट इकाई के 26 चिकित्सकों द्वारा आयोजित विशेष शिविर में मलेरिया, त्वचा, नेत्र, स्त्री, बाल, आंख समेत अन्य रोगों से बचाव एवं उपचार की जानकारी दी गई। हिण्डाल्को हास्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भास्कर दत्ता ने कहा कि सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए और समय-समय पर शरीर की जांच कराते रहना चाहिए। रोटरी क्लब की अध्यक्ष डॉ प्रेमलता यादव ने कहा कि नगर व आसपास के क्षेत्र में समय-समय पर ऐसे शिविर लगाकर जरूरतमंदों को इलाज किया जाएगा। वहीं शिविर में आसपास के झुग्गी झोपड़ियों व नगर क्षेत्र से आए 481 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। रमेश पांडेय ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए बिड़ला कार्बन प्रतिबद्ध है। इस मौके पर सर्जन डा. विनोद राय, डा. राकेश शर्मा, डा. एम आर चक्रवर्ती, अनिल त्रिपाठी, डीपी सक्सेना, शीला सक्सेना, सुष्मिता पांडेय, अजय गुगलानी, मुरली राजू, शोभित श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार सिंह, राकेश रंजन, एके चौधरी, निवेदिता मुखर्जी, रमेश अग्रवाल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

मास्टर ब्लॉस्टर का चैंपियन बना लखनऊ

जनसंदेश न्यूज

चेम्पियन टीम को ट्रॉफी प्रदान करते मुख्य अतिथि रमेश कुमार सिंह

ओबरा। स्थानीय अंबेडकर स्टेडियम में पांचवें मास्टर ब्लास्टर कप 20-20 मैच का फाइनल मैच यंग स्टार ओबरा बनाम लखनऊ के बीच रविवार को खेला गया।इस दौरान लखनऊ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया।पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 135 रन बनायी। संदीप ने 2 छक्के व 4 चौका की मदद से सर्वाधिक 44 रन, अरुण ने 28 रन व शाहिद ने 19 रन बनाया।यंग स्टार के गेंदबाज कार्तिक ने 4 ओवरों में 26 रन देकर 2 विकेट व आकाश,आनन्द ने 1-1 विकेट लिया।जवाबी पारी खेलने उतरी यंगस्टर की टीम 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 134 रन ही बना सकी।यंग स्टार ओबरा के विक्रम ने 40 रन, शुभम जयसवाल ने 24 रन व लक्की ने 22 रन बनाया।

लखनऊ के गेंदबाज अरुण ने 2 व संजय ने 2 विकेट लिया।यह मैच लखनऊ ने 1 रन से जीतकर चैंपियन ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमा लिया।इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लखनऊ के अरूण को दिया गया।प्रतियोगिता में निर्णायक रोशन सिंह और रवि यादव रहे। विजेता टीम को 41 हजार तथा उपविजेता को 21 हजार का पुरस्कार मुख्य अतिथि रमेश कुमार सिंह द्वारा दिया गया।इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि प्राणमति देवी, दुगावती देवी, अमित उपाध्याय, दलबीर सिंह, आयोजन सचिव सूर्य प्रकाश चौरसिया, बृजेश कुमार शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, तौफीक अंसारी, संजय यादव, अक्षय पटेल, अभय, शौर्यांश, एजाज आदि मौजूद रहे।

माइनर अवरुद्ध किए जाने से नाराज किसानों का प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

चंदौली। गंगा नहर से निकली चंदौली फुटिया माइनर अवरुद्ध किए जाने से नाराज किसानों और नगर वासियों ने शनिवार को विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान पीडीडीयू नगर विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष को इस समस्या से अवगत कराया। साथ ही समस्या का समाधान कराने की मांग किया। इसके बाद सदर एसडीएम अजय मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर अवरुद्ध हुए माइनर जायजा लिया।

इस बीच किसानों ने उन्हें प्रार्थना पत्र भी सौंपा। एसडीएम ने हाईवे प्राधिकरण के अधिकारियों से टेलीफोनिक वार्ता कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान किसानों और नगरवासियों ने कहा कि चंदौली फुटियां माइनर मुख्य गंगा नहर से निकली हुई है। माइनर रायल ताल में जाकर मिली हुई है। पचपन कड़ी के इस माइनर से सैकड़ों किसानों का करीब एक हजार एकड़ खेतों की सिंचाई होती है। वहीं नगर के आधे भाग की पानी की निकासी भी इसी माइनर से होती है। इसके बाद भी सिंचाई विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के कारण माइनर की स्थिति काफी काफी दयनीय हो गई है। अब वर्तमान समय में नेशनल हाईवे निर्माण के दौरान माइनर को पूरी तरह से अवरुद्ध करने का काम किया जा रहा है।

हाईवे प्राधिकरण की ओर से माइनर पर बने पुलिया पर काफी पतला पाइप लगाया जा रहा है। इससे पानी की निकासी नहीं हो पायेगी। इसके चलते सिंचाई कार्य पूरी तरह से बाधित हो जाएगी। वहीं बरसात में नगर की आधी आबादी जलमग्न की समस्या झेलने को विवश हो जाएगी। कहा कि यही हाल पुरानी बाजार से निकले नाले का है। इस नाले को रेलवे स्टेशन के पास अवरुद्ध कर दिया गया है। उधर विरोध प्रकट कर रहे किसानों ने पीडीडीयू नगर विधायक रमेश जायसवाल और भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह को मोबाइल के जरिए अवरुद्ध किए जा रहे माइनर के संबंध में जानकारी दी। इसपर गंभीरता दिखाते हुए विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष ने तत्काल डीएम ईशा दुहन से वार्ता किया।

साथ ही जल्द से जल्द समस्या के समाधान कराने का निर्देश दिया। फिलहाल सदर एसडीएम ने मौके का जायजा लिया। साथ ही हाईवे प्राधिकरण के पीडी से बात कर समस्या के समाधान कराने का वादा किया। किसानों व नगरवासियों ने चेताया कि यदि दो दिन में समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर अखिलेश सिंह, सिंटू सिंह देवीशरण जायसवाल, सतीश यादव, हरिश्चंद्र अग्रहरि, राजकुमार मौर्य, महेंद्र मौर्य, अश्वनी सिंह, महेंद्र सिंह, जिउत मौर्य, अनिल मौर्य, जलेश यादव, कमला यादव, संजय यादव, दुलारे मौर्य, नन्दू यादव, उदय प्रताप, राजकुमार, दीपक कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

पीकअप के धक्के से विद्युत पोल धराशायी

चहनिया। बलुआ थाना क्षेत्र के सोनहुला गांव के पास रोड पर खड़ी ट्रक से पास लेने के चक्कर में बाइक सवार को बचाने के दौरान पिकअप विद्युत पोल से टकरा गयी। संयोग रहा कि किसी भी प्रकार अनहोनी नही हुई। बलुआ रोड पर सोनहुला गाव के पास दोपहर एक राइस मील के पास रोड पर ट्रक खड़ी थी। उसी बीच में एक बाइक सवार महिला बैठाकर ओवरटेक करने लगा कि बीच में टेम्पो आ गया इन दोनो को बचाने के चक्कर में पीकप सीधे पोल से टकरा गयी।

वन विभाग ने 50 हेक्टेयर जमीन से अतिक्रमण कराया मुक्त

कार्रवाई

वन विभाग की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप

जनसंदेश न्यूज

अतिक्रमण मुक्त कराते अधिकारी

चकिया। नवागत रेंजर की बड़ी कार्रवाई काशी वन्यजीव प्रभाग के चकिया रेंज के भभौरा बीट के मुसाखांड़ कंपार्टमेंट नंबर 13-14 के केवलाखांड़ कोठी जंगल के पास वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की भारी फोर्स बल के साथ 50 हेक्टेयर जमीन से जेसीबी की मदद से अतिक्रमण खाली करा दिया। आसपास के ग्रामीणों के द्वारा वर्षों से आरक्षित वन क्षेत्र की भूमि पर झोपड़ी लगाकर और खेती करके जमीन कब्जा की गई थी।

वन विभाग की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। केवलाखांड़ कोठी के जंगल में स्थित आरक्षित वन क्षेत्र में में भभौरा, रामपुर, मुसाहिबपुर और गरला गांव के दर्जनों लोगों ने जंगल की भूमि पर कब्जा कर के वहां झोपड़ी लगाने के साथ ही दलहनी और तिलहनी फसलों की खेती करते आ रहे हैं। चकिया रेंज का चार्ज लेने के बाद हरकत में आए वन क्षेत्राधिकारी योगेश कुमार सिंह ने चिन्हित जमीन से अतिक्रमण खाली कराने के लिए विभागीय पत्राचार करने के साथ ही जिला प्रशासन और शासन को पत्र अवगत कराया था। जिला प्रशासन से अनुमति मिलने के बाद रविवार को नायब तहसीलदार राजेंद्र यादव, उपप्रभागीय वनाधिकारी सत्यपाल प्रसाद और प्रभारी निरीक्षक जय सिंह के नेतृत्व में पुलिस और पीएसी बल की टीम के साथ वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए वन विभाग ने जेसीबी की मदद से अतिक्रमण की गई जमीन को कब्जे में लेने के साथ ही खाली कराई जमीन के चारों तरफ सुरक्षा खाई का निर्माण करा दिया। इसके अलावा पास ही के ठड़घटवा पहाड़ी और उसकी तलहटी में बनाई गई दो दर्जन से अधिक झोपड़ियों को जमींदोज कर दिया गया। 5 घंटे तक चले अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस और पीएसी बल के जवान तैनात रहे।

भारी पुलिस बल रहा मौजूद

चकिया। जिला प्रशासन के निर्देश पर केवलाखांड़ कोठी के जंगल में अतिक्रमण हटाने के लिए नायब तहसीलदार राजेंद्र यादव, उप प्रभागीय वन अधिकारी सत्यपाल प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक जय सिंह, चकिया रेंजर योगेश कुमार सिंह, राजपथ रेंजर पीआर रावत, डिप्टी रेंजर आनंद दुबे, अखिलेश चैबे ,फिरोज गांधी , इसरार, रामचरित्र, के अलावा एसआई हरेंद्र यादव गिरीश चंद्र राय, वीरेंद्र यादव सहित महिला पुलिस , तीन सेक्शन पीएससी, और दर्जनों पुलिस के जवान तैनात रहे।

संक्षेप

जरूरतमंदों को किया गया कंबल वितरण

मठ प्रांगण में कंबल लेने पहंचे ग्रामीण

चहनिया। अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोरपीठ मठ रामशाला रामगढ़ के सौजन्य से रविवार को मठ प्रांगण में मुख्यातिथि मोहरगंज चैकी प्रभारी सुनील कुमार सिंह व जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज की प्राचार्या रीता रानी द्वारा 151 जरूरतमंद लोगो को कंबल वितरित किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनंजय सिंह, ने कहा कि अघोराचार्य बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के आदेशानुसार मठ के द्वारा अनवरत कई वर्षों से जरूरतमंद लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीच बीच मे मठ द्वारा चिकित्सकीय शिविर का भी आयोजन किया जाता है। इस दौरान मठ प्रबंधक मेजर अशोक सिंह प्रभुनारायण सिंह लल्ला रमेश सिंह,आभा यादव, अजीत यादव, पंकज पांडेय, कुलदीप बर्मा, शिवाजी सिंह, संतोष पटेल, दीपक कुमार, दिलीप यादव, पीयूष कुमार, अशोक कुशवाहा,मुकेश साहनी,दुर्गेश पांडेय,अमित पांडेय, मुलायम यादव आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन सूर्यनाथ सिंह ने किया ।

मुड़हुआ में चोरों ने गहने नगदी पर फेरा हाथ

बबुरी । स्थानीय थाना क्षेत्र के मुडहुआ उत्तरी गांव में शनिवार की देर रात छत के रास्ते आंगन में उतर 2 कमरों का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के गहने और पाच लाख रुपए नगद पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के अनुसार मुडहुआ गांव निवासी नंदू गुप्ता किसानी का काम करते हैं । उन के पाच बेटे दूसरे शहरों में रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। मूडहुआ गांव स्थित मकान में नंदू गुप्ता अपनी पत्नी सुखा देवी तथा बहू पिंकी व दुर्गा के साथ रहते हैं । शनिवार की रात किसी समय अज्ञात चोरों ने छत के रास्ते आगन में उतर कर 2 कमरों का ताला तोड़कर कमरे में रखी अलमारी को खोलकर उसमें से बहू के सोने के गहने जिसमें मांग टीका नथिया सोने की चेन अंगूठी तथा पायल और दूसरे कमरे में बेटे के विवाह के लिए बक्से में रखे ?500000 नगद लेकर फरार हो गए । सुबह होने पर कमरों का दरवाजा खुला देखकर नंदू गुप्ता ने परिवार के लोगों को जगाया । चोरी की भनक लगते ही घर में कोहराम मच गया । देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी जिस पर पहुंची पुलिस मौका मुआयना कर जांच में जुट गई ।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों को दी जानकारी

कमालपुर। कंपोजिट विद्यालय रैपुरा पर शनिवार को निपुण भारत मिशन जन जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से नुक्कड़ नाटक के द्वारा उपस्थित गांव के लोगों व बच्चो को निःशुल्क शिक्षा और विद्यालयों में संसाधनों सहित निःशुल्क बैग ड्रेस जूता मोजा काफी के बारे में बताया और बच्चों को प्रतिदिन भेजने के लिए बताया गया। ग्राम वासियों में ग्राम प्रधान मनोज यादव दुलारे पाल मुंसे पहलवान सत्यनारायण साहब यादव कैलाश यादव जयप्रकाश यादव सत्येंद्र तिवारी रामसेवक सिंह दुलारे कनौजिया प्रभु बिंद रमेश बिंद मुसाफिर यादव रवि कांत पांडे रविंद्र शर्मा रंजीत कनौजिया डॉक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

शिक्षा के मंदिर में नहीं देखी जाती जात-पातः प्रदीप मौर्य

जनसंदेश न्यूज

भारत पब्लिक इण्टर कालेज में नृत्य प्रस्तुत करती छात्राएं

इलिया। वनांचल क्षेत्र के ढोढ़नपुर गांव स्थित भारत पब्लिक इण्टर कालेज में वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ हुआ। जहां विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना,नाटक, प्रहसन,डांस आदि प्रस्तुत कर अपनी कला का प्रर्दशन कर वाहवाही बटोरी। इस अवसर भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप मौर्य ने कहां कि विद्यालय ही ऐसा स्थान है। जहां जाति पाती से ऊपर उठकर सभी बच्चे एक साथ पठन-पाठन करते हैं।

इस लिए विद्यालयों को शिक्षा का मंदिर कहते हैं। शिक्षा प्राप्त कर छात्र अपने गांव समाज व देश का नाम रोशन करता है। हम सभी का फर्ज है। कि बेटा हो बेटी सभी को एक समान शिक्षा देकर उनको अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर प्रदान करें। विशिष्ट अतिथि जिलापंचायत सदस्य दशरथ सोनकर ने कहां कि पहाड़ी क्षेत्र का यह गांव डिजिटल इंडिया के दौर में मोबाईल नेटवर्क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

ऐसे स्थान पर कान्वेंट विद्यालयों के तर्ज पर विद्यालय का संचालन कर निचले समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सराहनीय कदम है। इस अवसर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार सिंह, रणजीत सिंह मौर्य, देवेन्द्र कुमार, संतोष कुमार,विनय कुमार, सरिता देवी, लालजी मौर्य, रजवंत फौजी,राम अवध सिंह,रामभरोष यादव, वशिष्ठ मौर्य, रामचन्द्र त्यागी,राम अशीष मौर्य,रमेश मौर्य सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद सिंह मौर्य ने किया।

छात्र- छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

कमालपुर। क्षेत्र के शारदा देवी पीजी कॉलेज कम्हारी के तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को रविवार के दिन शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। जिसे कॉलेज के प्रबंधक जयप्रकाश उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपाध्याय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष कॉलेज के छात्र छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है। जिससे छात्र छात्राओं के मन में समूह में रहने की प्रवृत्ति, नायक बनने की क्षमता, आत्मविश्वास एवं भाई-चारे की भावना प्रबल होती है। शिक्षा का एक आयाम पर्यटन शिक्षा भी होता है। पर्यटन से प्रकृति का अवलोकन किया जाता है। प्राचीन काल की शिक्षा पद्धति पर विजुअल पर अधिक फोकस किया जाता था। आज की आधुनिकतम शिक्षण प्रणाली में विद्यार्थी वर्ग को प्रकृति से जितना जोड़ा जाएगा उतना ही उनके कौतूहल में वृद्धि होगी। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को पर्यटन कराकर उनके मन में उठ रहे सवालों का जवाब दिया जाता है। भ्रमण हमारे किताबी ज्ञान में वृद्धि करता है। भ्रमण के सहारे भूगोल विषय वास्तविक और साकार हो उठता है। ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का भ्रमण करने से पुस्तकों में पढ़ी गयी धुंधली छवि प्रकाशित होने लगती है।

करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

सिकंदरपुर में करंट के चपेट में आने से खेत में मृत पड़ा किसान

बबुरी । स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में रविवार को खेत में लटक रहे विद्युत तार की चपेट में आकर किसान की दर्दनाक मौत हो गई। क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव निवासी प्रभु बियार 65 वर्ष खेत मे खाद फेंक रहा थे। उसी समय खंभे से लटक रहे बिजली की तार की चपेट में आ गये।

जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। थोड़ी देर बाद आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों को घटना की जानकारी होने पर गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी जिस पर रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बबुरी पावर हाउस को सूचना देते हुए बिजली कटवाई तथा घटना की सूचना स्थानीय थाने पर दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।

नाली निर्माण को लेकर महिलाओं का धरना

बलारपुर में नाली निर्माण की मांग को लेकर धरना देती महिलायें

सकलडीहा। बलारपुर के दलित बस्ती में वर्षो से नाला का निर्माण नही हुआ है। रविवार को महिलाओं ने नाला निर्माण को लेकर धरना दिया। मौके पर पहुंचे प्रधान मनोज यादव और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रमेश राम के आश्वासन पर महिलाओं ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। महिलाओं ने आरोप लगाया कि वर्षो पूर्व गांव में बनी मुख्यनाला पटा पड़ा हुआ है। इसके निर्माण नही होने से घरों के सामने गंदा नाला का पानी बहता है। इससे काफी परेशानी होती है। उपर से बगैर नाला निर्माण कराये जिला पंचायत द्वारा इंटर लॉकिग कार्य शुरू कर दिया गया। जिसे लेकर महिलाएं धरना पर बैठ गये।

काफी देर बाद सूचना पर पहुंचे प्रधान मनोज यादव और जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रमेश राम ने नाला निर्माण का आश्वासन देकर महिलाओं का धरना समाप्त कराया। इस मौके पर धरना देने वाले में विजया देवी, गुड्डी, शिला देवी, निर्मला देवी, संगीता, शुक्ला देवी, सोनवर्षा, कमला, माया, बचानी देवी आदि मौजूद रहे।

नकाबपोश चोरों ने घर को बनाया निशाना

इलिया। थाना क्षेत्र के बरियारपुर गांव में नकाबपोश चोरों ने बीती रात ऋषिकेश सिंह के घर में घुसकर नगद सहित कीमती कपड़े चुरा ले गए। सुबह गांव के काली मंदिर के पास कपड़े से भरा अटैची पाया गया। मगर उसमें रखा 20 हजार नकदी गायब था। भुक्तभोगी ने घटना की लिखित तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। भुक्तभोगी ऋषिकेश सिंह ने बताया कि रात के लगभग 12 बजे परिवार के सभी सदस्य अपने कमरे में अलग अलग सोए हुए थे। इसी बीच तीन-चार की संख्या में रहे नकाबपोश चोर छत के रास्ते आंगन से होते हुए कमरे में आ गए और परिवार के सभी सदस्यों के कमरे के दरवाजा को बाहर से बंद कर दिया। एक कमरा जिसमें उनकी मां सोई हुई थी उस कमरे में अटैची रखा हुआ था। जिसमें कीमती कपड़े और 20 हजार नगदी था। जिसे लेकर चोर चंपत हो गए। खटखटाहट की आवाज सुनकर उनकी मां का नींद खुला तो देखा कि कमरे से अटैची गायब थी। बाहर परिवार के अन्य सदस्यों को पुकार लगाई और कमरे के बंद दरवाजा को खोला तब जाकर ऋषिकेश सिंह और परिवार के सदस्यों के शोरगुल मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। उसके बाद अटैची की काफी खोजबीन की गई मगर कहीं पता नहीं चला।

भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी व भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

कार्यकर्ताओं संग मन की बात सुनते भाजपा नेता सूर्यमुनि तिवारी

बबुरी। बनौली चट्टी पर भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी के साथ भाजपाईयों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 97वां संस्करण उत्साह व धैर्यपूर्वक सुना। मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वयं सहायता समूह, उड़ीसा मिलेट्स ग्रुप, भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, स्नो क्रिकेट सहित कई बिंदु पर चर्चा किया गया।

इस दौरान भाजपा नेता सूर्यमुनी तिवारी ने कहा कि इस कार्यक्रम में आम जनमानस सहित भाजपा कार्यकताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। देश की बढ़ती साख व सामर्थ्य को दशार्ती प्रस्तावित जी-20 की मेजबानी पर आम लोगों के जो अनुभव प्रधानमंत्री ने साझा किए वह साबित करता है।

समूचा देश मोदी के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताई जाने वाले प्रेरणादायक संस्मरणों और आम लोगों के अनुभव को हमे अपनी दिनचर्या में उतारना चाहिए। दक्षिण के सुदूरवर्ती गांव से लेकर देश के चारों कोनों से आम लोगों का जी-20 बैठक की मेजबानी पर चर्चा को साझा करना। स्वयं सहायता समूह गांव तक काम कर रहा है।

इस रमेश मौर्या , बालकृष्ण तिवारी, सुबास चंद्र, निरंजन विश्वकर्मा, राजू, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार गुप्ता, जगदीश पासवान, शिवरतन विश्वकर्मा, सितई, शशांक शेखर सिंह, शिवशरण विश्वकर्मा, रामसखी सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

महाराजा सुहेलदेव ने राजभर समाज का बढ़ाया गौरव

जनसंदेश न्यूज

सुहेलदेव की जंयती मनाते राजभर समाज के लोग

सकलडीहा। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के आवास पर रविवार को राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बुद्धिजीवी राजभर महासभा के लोगों ने नशा मुक्ति का संकल्प दोहराते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अंत में विचार गोष्ठी के माध्यम से समाज को शिक्षित और जागरूक करने का आवाहन किया। जंयती समारोह को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अदालती राजभर ने कहा कि राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव राजभर समाज के गौरव और सम्मान है।

हम सभी को अपने धर्मकुल के राजा के सम्मान में नशा मुक्ति का संकल्प लेना चाहिये। साथ ही समाज की बेटियों को शिक्षित और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने पर बल दिया। इसके पूर्व गोपाल राजभर, प्रभात राजभर, केदार राजभर ने कहा कि राष्ट्रीय और अन्तर्राष्टीय स्तर पर समाज की बेहतर छवि और मजबूती के लिये सभी को एकजुट होना चाहिये। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर समाज को पहचान दिलाने के लिये प्रयास का सराहना किया।

इसके पूर्व महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजली कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर मेजर गुलाब, नन्हकू, रामप्रताप, जितेन्द्र प्रधान, विजयी, दीनबंधु राजभर, सतीश, रामबिलास, पप्पू, कमलेश, बिहारी, सुरेश, डा. रामसेवक, श्रवण राजभर, रतेन्द्र, समीर, शंभू, छांगुर,मिश्री, सीताराम, पिंटू, मनोज शर्मा, बबलू, सुभाष आदि मौजूद रहे।

नव युवक जन सेवा समिति ने बच्चो में बांटा कपड़ा

सैयदराजा। नगर के उत्तरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी प्रांगण में नव युवक जन सेवा समिति के तत्वाधान में गरीब व असहाय लोगों के बीच समिति के अध्यक्ष अंकित जायसवाल के अध्यक्षता में रविवार को कपड़ा व कम्बल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सैयदराजा थाना अध्यक्ष शेषधर पांडेय ने भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया।प्रबंधक सुशील शर्मा ने कहा कि समिति द्वारा किया गया कार्य बहुत ही सराहनीय है। इस तरह के कार्य नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में अलग संदेश जाता है। अध्यक्ष अंकित जायसवाल ने बताया समिति यह कार्य सात वर्ष से कर रही है। समिति का यह मुहिम है ठंड में कोई भी बिना कपड़े का न रहे। इस दौरान कोषाध्यक्ष महेश केशरी , संरक्षक अमित कुमार ,वरिष्ठ सदस्य राहुल जायसवाल अमित कुमार वर्मा ,सूरज राय, परमानंद तिवारी , मनमोहन सिंह, भगवानदास कसौधन, गोलू, आदर्श केशरी, नीलम खरवार, राजकुमार सोलंकी, गोविंद प्रजापति, उत्सव अग्रहरी, कृष्णा सोलंकी, आजाद अग्रहरी, नदीम अंसारी, सलमान खान, अप्सर खान इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

रैपुरा कम्पोजिट विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव

जनसंदेश न्यूज

मंच पर नाटक प्रस्तुत करते बच्चे

कमालपुर। विकासखंड के रैपुरा स्थित कम्पोजिट विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अवधेश राय ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। जिसमें बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावको को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं ने सरस्वती बंदना इसके बाद कश्मीर जिगर का टुकड़ा पर मनमोहक प्रस्तुति दी।

वहीं कर्नाटक नाटक मोबाइल का दुष्प्रभाव पर दर्शकों को बताया कि किस प्रकार से छोटे बच्चे मोबाइल से प्रभावित होकर अपनी आंखों की रोशनी गंवा देते हैं। वहीं बच्चो ने पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब गीत पर खुशबू अन्नू सोनाली रिमझिम हर्षिता शिवानी अंशिका राधा अंकिता ने प्रस्तुतीकरण किया। निपुण लक्ष्य बाल वाटिका कक्षा एक दो तीन के बच्चों को ए आर पी प्रदीप कुमार यादव ने हिंदी की किताबो को पढ़वाया और सवाल भी दिए जिसे बच्चों ने तुरंत हल कर दिया सामान्य ज्ञान चित्रकला निबंध खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्रों शहर कक्षा में ओवल उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्रों को काफी ज्ञान की पुस्तकें शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी अवधेश राय ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालय किसी भी मायने में कॉन्वेंट स्कूलों से कम नहीं है। इसके लिए अभिभावकों का जागरूक होना बहुत आवश्यक है। सीओ सकलडीहा राजेश राय ने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही मनुष्य सब कुछ हासिल कर सकता है।

कोतवाल अमित कुमार पांडे हरिओम तिवारी अशोक यादव आरती यादव सुनीता यादव मंजू यादव दिग्विजय सिंह अपरबल संजय विश्वकर्मा मुकेश कुमार राय रामकिशन जेपी रावत,चन्द्रशेखर आजाद राजेन्द्र यादव अम्बर मौर्य सहित कई लोग उपस्थित थे संचालन दिनेश कन्नौजिया पप्पू प्रधान अध्यक्षता ग्राम प्रधान मनोज यादव धन्यवाद ज्ञापन प्रधानाध्यापक डा० देवेन्द्र प्रताप यादव ने किया ।

भारत ने न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराया

लखनऊ। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला गया। भारतीय टीम पहला टी20 मैच 21 रन से हार गई थी, लेकिन दूसरा मैच छह विकेट से जीतकर सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 99 रन बनाए। 100 रन के लक्ष्य को भारत ने एक गेंद रहते हासिल किया।

अंडर-19 महिला क्रिकेट: इंग्लैंड को 7 विकेट से हरा भारत ने रचा इतिहास

महिला क्रिकेट में पहली बार जीती आईसीसी ट्रॉफी

पॉचेफ्सट्रूम। शेफाली वर्मा की अगुआई में भारत की अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम ने 29 जनवरी 2023 को इतिहास रच दिया। भारत ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराकर महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया। भारत ने महिला क्रिकेट में पहली बार आईसीसी की ट्रॉफी जीती है। इससे पहले सीनियर टीम सभी फॉर्मेट्स में तीन मौकों पर विश्व कप फाइनल में पहुंची लेकिन हर बार खिताब से दूर रह गई थी।

दक्षिण अफ्रीका के पॉचेफ्सट्रूम में खेले गए भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। भारतीय बॉलर्स ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने इंग्लैंड की टीम को 17.1 ओवर में महज 68 रन पर ढेर कर दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 14 ओवर में 3 विकेट पर 69 रन बनाकर मैच और खिताब अपने नाम किया। भारत की ओर से सौम्या तिवारी (नाबाद) और गोंगदी तृषा ने 24-24 रन बनाए। शेफाली वर्मा 15 रन बनाकर आउट हुईं। इंग्लैंड की ओर से हना बेकर, कप्तान ग्रेस और एलेक्सा स्टोनहाउस ने एक-एक विकेट लिए। भारत की ओर से तितास साधु, अर्चना देवी और पार्शवी चोपड़ा ने क्रमशः 6, 17 और 13 रन देकर 2-2 विकेट लिए। कप्तान शेफाली वर्मा, मन्नत कश्यप और सोनम यादव ने भी एक-एक बैटर को पवेलियन भेजा। अर्चना देवी ने एक कैच भी लपका।

सौम्या तिवारी ने 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर एक रन लेकर भारत को महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का पहला चैंपियन बना दिया। भारत ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराया और इतिहास रचा। साउथ अफ्रीका में भारतीय पुरुष टीम ने पहला टी20 विश्व कप जीता था। अब टीम इंडिया ने महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप अपने नाम किया है। सौम्या तिवारी 37 गेंद में 24 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत को 13वें ओवर की पांचवीं गेंद पर तीसरा झटका दिया। स्टोनहाउस ने जी तृषा को बोल्ड किया। तृषा 29 गेंद में 24 रन बनाकर आउट हुईं। हालांकि, इंग्लैंड के लिए यह सांत्वना विकेट ही कहा जाएगा, क्योंकि भारतीय टीम अब इतिहास रचने से सिर्फ 3 रन दूर है। तृषा की जगह हर्षिता बासू बल्लेबाजी के लिए आईं हैं।

टी-20

सौम्या तिवारी ने लिया विजयी रन

भारत दौरे में आक्रामक रणनीति अपनाएगी ऑस्ट्रेलियाई टीम : हेड

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने कहा है कि उनकी टीम भारत के खिलाफ अगले माह होने वाली चार टेस्ट मैचों की सीरीज में आक्रामक रुख अपनाएगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले माह नौ फरवरी से बॉर्डर-गावस्कर सीरीज खेली जाएगी। हेड ने कहा ह्यइंग्लैंड ने पिछले दिनों पाकिस्तान में जिस तरह से आक्रामक होकर बल्लेबाजी की उसे देखने के बाद मुझे लगा कि उपमहाद्वीप में खेली गई पिछली सीरीज में मैंने उतना आक्रामक होकर बल्लेबाजी नहीं की जितनी मैं चाहता था। उन्होंने कहा ह्यमैं इन श्रृंखलाओं में स्पिन के खिलाफ जिस तरह से खेला उससे मेरा मानना है कि अगर मैं अधिक आक्राम होकर खेलूंगा तो मेरा फुटवर्क अच्छा रहेगा और मेरा रक्षात्मक खेल भी बेहतर होगा। यह नीति ऑस्ट्रेलिया में खेलने से पूरी तरह अलग होगी।

हेड ने कहा ह्यहमने इन गर्मियों में तेज गेंदबाजों के खिलाफ भी इस रणनीति को आजमाया है। मुझे लगता है कि मेरा ह्यफ्रंट फुट डिफेंस अच्छा है और मेरा मानना है कि मुझे वहां रक्षात्मक नहीं बल्कि सकारात्मक मानसिकता के साथ जाना होगा। गौरतलब है कि हेड ने एशिया में पिछली तीन श्रृंखलाओं में साल 2018 और 2022 में पाकिस्तान के खिलाफ तथा पिछले साल श्रीलंका में खेला था। वह इन श्रृंखलाओं की 11 पारियों में 21.30 की औसत से केवल 213 रन ही बना पाये थे।

हेड ने कहा ह्यमुझे लगता है कि पाकिस्तान और श्रीलंका में मैंने थोड़ा रक्षात्मक रवैया अपनाया था। वहां जाकर पिच का आंकलन करना और अपनी भूमिका समझना महत्वपूर्ण है। वहां मैच कम स्कोर या बड़े स्कोर वाला हो सकता है।

ऋषभ का कोई विकल्प नहीं हो सकता : इयान चैपल

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर रहे इयान चैपल ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के लिए आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की कमी को पूरा करना कठिन होगा। चैपल के अनुसार ऋषभ की जगह कोई नहीं ले सकता है। भारतीय टीम को अगले माह की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। इसके परिणाम पर ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की भारत की संभावनाएं आधारित रहेंगी। वहीं ऋषभ कार हादसे के कारण करीब छह माह के लिए बाहर हो गये हैं। ऐसे में उनकी जगह इस सीरीज के लिए भारतीय टीम विकल्प तलाश रही है। माना जा रहा है कि इशान किशन और केएस भरत में से किसी एक को ऋषभ की जगह पर बैकअप के तौर पर शामिल किया जा सकता है ऋषभ टेस्ट क्रिकेट में भारत की सफलता के लिए अहम रहे हैं। वह मध्य क्रम में स्पिनरों पर आक्रामक प्रहार के लिए जाने जाते हैं। इसी को देखते हुए बाएं हाथ के बल्लेबाज ईशान किशन को उनका बेहतर विकल्प माना जा रहा है।चैपल ने कहा कि यह देखना होगा कि भारतीय टीम इस आक्रामक बल्लेबाज के बिना तेजी से रन बना पाती है या नहीं। उन्होंने कहा भारत के पास साबित करने के लिए कुछ चीजें भी हैं ऋषभ की कमी वह किससे पूरी किससे करवाते हैं यह भी देखना होगा। भारत इस आक्रामक विकेटकीपर के बिना तेज रन रेट बनाना खो सकता है। इस मामले में कोई भी इस बल्लेबाज की कमी पूरी नहीं कर सकता है। इसलिए भारतीय टीम के शीर्ष बल्लेबाजों से अच्छी स्ट्राइक रेट भी बनाए रखनी होगी।

साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के नाथन लियोन की अगुवाई वाला स्पिन आक्रमण भी भारतीय बल्लेबाजी इकाई पर अंकुश लगाना चाहेगा। ऐसे में कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली सहित भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के लिए जरुरी होगा कि वह लियोन के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाते हुए उन्हें हावी होने का अवसर न दें।



मेलबर्न में आर्यना सबलेंका महिलाओं का एकल टेनिस खिताब जीतने के बाद उत्साहित होती हुईं।

भारत दौरे में ग्रीन फिट नहीं हुए हैंड्सकोंब को उतारेगी ऑस्ट्रेलिया : मैकडोनल्ड

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम में पीटर हैंड्सकोंब को कैमरन ग्रीन के विकल्प के तौर पर शामिल किये जाने की संभावनाएं हैं। टीम के मुख्य कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनल्ड ने कहा है कि अगले माह भारतीय टीम के खिलाफ शुरू हो रही सीरीज के लिए हैंड्सकोंब को शामिल किया जा सकता है। साथ ही कहा कि ग्रीन अगर सीरीज के लिए समय पर फिट नहीं होते हैं तो हैंड्सकोंब की स्पिन खेलने की क्षमताओं को देखते हुए मध्यक्रम में उन्हें मैदान पर उतारा जा सकता है। ग्रीन अभी तक ऊंगली में फ्रेक्चर से उबर नहीं पाये हैं।

मैकडोनल्ड ने कहा ह्यवह वास्तव में काफी अहम खिलाडी है। पिछले कुछ समय में यह साबित हुआ है कि वह स्पिन को बेहतर ढंग से खेलता है। हैंड्सकोंब और ग्रीन अभी चार टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले नॉर्थ सिडनी में बोन एंड्रयूज ओवल में स्पिन खेलने के लिए बनाई गई पिच पर ही बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे हैं जिससे भारतीय हालातों से बेहतर तालमेल बिठा सकें। इस सीरीज से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफिकेशन भी तय होगा।

हैंड्सकोंब साल 2017 में भारत के पिछले दौरे पर भी टीम के साथ बने हुए थे साथ ही वह टीम में विकेटकीपर का एक अतिरिक्त विकल्प भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने कहा ह्यवह धीमी पिचों पर शील्ड क्रिकेट में काफी रन जुटा चुका है। वह विकेटकीपिंग भी कर लेता है इसलिये इससे हमें जोश इंग्लिस के नहीं होने पर हर विकल्प मिलता है और अगर एलेक्स कैरी को कुछ भी होता है तो भी हमारे पास विकल्प रहेगा।

जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर नडाल की बराबरी की

मेलबर्न। सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन का पुरुष एकल खिताब जीत लिया है। जोकोविच ने फाइनल में यूनान के स्टेफानोस सिटसिपास को अपना 22वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीता है। तीन घंटे से ज्यादा समय तक चले पुरुष एकल मुकाबले में जोकोविच ने हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद भी सिटसिपास को 6-3 7-6 (4) 7-6 (5) से हराकर दसवीं बार यह खिताब जीता है।

वहीं विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने के लिए यूनानी खिलाड़ी सिटसिपास ने पहला सेट हारने के बाद बेहतर प्रदर्शन किया पर वह अहम अवसर पर जोकोविच की बराबरी नहीं कर पाये। अंतिम सेट के निर्णायक गेम में जोकोविच के 6-3 पर तीन चैंपियनशिप अंक हासिल करने के बाद सिटसिपास ने दो अंक अपने पक्ष में किए पर उनका आखिरी शॉट कोर्ट से बाहर गिरने से जोकोविच को खिताब मिल गया। इस प्रकार जोकोविच ने सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम जीतने के मामले में स्पेन के राफेल नडाल की बराबरी की है। जोकोचिच के भी अब नडाल के बराबर 22 खिताब हो गये हैं।

टी20 में अब तक सफलता हासिल नहीं कर पाये हैं शुभमन

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने अब तक टेस्ट और एकदिवसीय में शानदार प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया है। शुभमन ने हाल में जिस प्रकार एकदिवसीय क्रिकेट शतक ओर दोहरे शतक लगाये हैं उससे टीम में उनकी जगह भी पक्की हो गयी है पर वह अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। शुभमन ने बेहद कम समय में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में जिस प्रकार का प्रदर्शन किया है उससे वह भारतीय टीम का भविष्य बताये गये हैं पर टेस्ट और एकदिवसीय में आसानी से रन निकालने वाला यह बल्लेबाज अब तक टी20 में संघर्ष करता नजर आया है।

इसका अंदाजा इसी बात से लगता है कि इस बल्लेबाज को भारतीय टीम की ओर से अब तक कुल चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में ही अवसर मिला है। इसमें उन्होंने चार पारियों में 16.25 की औसत से केवल 65 रन ही बनाये हैं। टी20 प्रारूप में उनका सबसे अधिक स्कोर 46 रन है।

वहीं इस बल्लेबाज ने 13 टेस्ट मैच की 25 पारियों में 32.0 की औसत से 736 रन बनाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम एक शतक और चार अर्द्धशतक हैं जबकि एकदिवसीय प्रारूप में उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सबका दिल जीता है। इस बल्लेबाज ने एकदिवसीय प्रारुप में भारतीय टीम की ओर से अबतक चार शतक एक दोहरा शतक और पांच अर्द्धशतक लगाये हैं। इस प्रकार उन्होंने कुल 21 मुकाबले खेलते हुए 21 पारियों में 73.76 की औसत से 1254 रन बनाये हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज तक फिट हो सकते हैं बुमराह

मुम्बई। टीम इंडिया के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अगले माह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। बुमराह अभी चोट से उबर रहे हैं और

माना जा रहा है कि वह एकदिवसीय सीरीज शुरू होने से पहले पूरी तरह से ठीक हो जाएंगे। बुमराह को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के शुरूआती दो मैचों में भी शामिल नहीं किया गया है पर माना जा रहा है कि वह आंखिरी के दो मैच भी नहीं खेल पायेंगे । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 17 मार्च से तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज खेली जाएगी। बुमराह इसी सीरीज से टीम में वापसी कर सकते हैं। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा जहां तक बुमराह की बात है तो उन्हें ठीक होने में करीब एक महीना और लगेगा। हमें उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से पहले वह पूरी तरह से फिट हो जाएंगे पर यह उसकी प्रगति पर निर्भर करेगा। अभी वह फिट नहीं है। गौरतलब है कि बुमराह को जुलाई 2022 में इंग्लैंड दौरे के बाद कमर के स्ट्रेस फ्रेक्चर का सामना करना पड़ा था। इस चोट के चलते ही वह पिछले साल एशिया कप और टी20 विश्व कप से भी बाहर थे।

कुलदीप ने बहन की शादी पर शेयर की तस्वीर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव की बहन की शादी हुई है। इसी को लेकर कुलदीप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भेजकर बहन को शुभकामनाएं दी हैं। कुलदीप ने इस पोस्ट में एक तस्वीर साझा कर लिखा जैसा कि मैं यहां अपनी बहन के साथ उसकी शादी के दिन साथ में हूं मेरा दिल बहुत सारी भावनाओं से भर गया हूं। आपको जाते हुए देखने की खुशी प्यार और थोड़ा सा दुख है पर मैं आपके लिए इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकता क्योंकि आप अपने जीवन के इस नए अध्याय को शुरू करने जा रही हो।

संक्षेप

निः शुल्क नेत्र शिविर में 210 मरीजो का हुआ पंजीकरण

इलिया। स्थानीय बृजराजी भारत गैस एजेंसी पर निःशुल्क नेत्र शिविर महा कैंप का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें कुल 210 मरीजों का पंजीकरण किया गया। महा कैंप का शुभारंभ विधायक कैलाश खरवार, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह तथा सरिता सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान वाराणसी के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर आरके सिंह, डॉ राकेश त्रिपाठी, डॉ अभिराम चैबे, डॉ राहुल सिंह, डॉक्टर विभा चैरसिया, डां सूरज चैहान, डॉ श्री राम चौबे द्वारा मरीजों के आंखों की जांच की गई तथा 175 मरीजों को चश्मा वितरित किया गया। वहीं मोतियाबिंद की शिकायत पाए गए 35 मरीजों का ऑपरेशन किए जाने की सलाह दी गई। मोतियाबिंद के चिन्हित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन सोमवार को वाराणसी के प्रभावती नेत्रालय में किया जाएगा। मरीजों को निःशुल्क बस द्वारा आने जाने की व्यवस्था भी दी गई है। शिविर को संबोधित करते हुए विधायक कैलाश खरवार ने कहा कि गरीब मरीजों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। ऐसे आयोजनों में लोगों को बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दीनानाथ शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, श्याम जी सिंह, प्रधान प्रतिनिधि आनंद सिंह साहब, राकेश सिंह हरिशंकर सिंह निक्कू, लव केशरी, राजेश सिंह, उपेंद्र पांडेय, मनोहर केशरी, एहसान अली सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

बालिकाओं के शिक्षित और सबल होने पर सर्व समाज होगा खुशहाल

सकलडीहा। समग्र शिक्षा व निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत विद्यालयों को निपुण बनाने कवायद भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस क्रम में रविवार को लखनऊ से पहुंची टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षा के लिये प्रेरित किया। इस दौरान विभिन्न विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सहित सैकड़ों की संख्या में बच्चे और ग्राम प्रधान मंजू वर्मा मौजूद रही। जन जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए लखनऊ निपुण भारत टीम प्रभारी आशा तिवारी ने कहा कि बालिकाओं के शिक्षित व सशक्तिकरण से सर्व समाज का विकास होगा। इसके उपरांत सोशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अन्तर्गत निपुण भारत मिशन, बालिका शिक्षा एवं सशक्तिकरण, लिंग भेद, डी0बी0टी0, विभागीय सुविधा आदि के संबंध में जानकारी दी गयी। इसके पूर्व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विभिन्न मुद्दों पर कलाकारों ने अभिनय एवं गीत के माध्यम से व्यापक संदेश दिया। वही प्रधानाध्यापक हिमांशु पाण्डेय ने निपुण लक्ष्य के प्रति अभिभावकों को जागरुक करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प दोहराया व अभिभावकों से सहयोग की अपील की। अंत में ग्राम प्रधान मंजू वर्मा ने बच्चों को बेहतर नागरिक बनाने के लिए शिक्षा दिलाने की बात कही। डीबीटी के माध्यम से प्राप्त धनराशि का सही और समुचित उपयोग करने का आवाहन किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक चन्द्रधर दीक्षित,सहायक अध्यापक अभिषेक पाण्डेय, राजमणि देवी, नेहा मिश्रा, अर्चना जायसवाल, प्रतिभा गुप्ता, अर्चना पाण्डेय, रेखा देवी,नुक्कड़ नाटक टीम लीडर विनीता तिवारी लहरी हिंदुस्तानी, छोटू ,विशाल आदि मौजूद रहे।

ठंडी व गर्मी के कारण मरीजों को सावधानी बरतने की जरूरतः डॉ अजय वर्मा

चंदौली। मौसम में अचानक बदलाव से लोगों को ठंड में थोड़ी राहत मिली है, लेकिन इसका असर लोगों को सेहत पर भारी पड़ता जा रहा है। मुख्यालय से पंडित कमला पति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय की बात करें तो मौसम ठीक होने के बाद मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। बदलते मौसम को देखते हुए चिकित्सकों की माने तो ऐसे मौसम में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण ठंड से लोगों को थोड़ी राहत मिली। इसकी चलते सभी जुखाम बुखार खांसी सही तमाम तरह की परेशानियां लोगों को बढ़ी हैं। दिन में गरम और शाम होते ही ठंड लोगों की सेहत को राख नहीं आ ही है। इसके चलते मुख्यालय स्थित पंडित कमला पति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय व निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ। जहां पहले ठंड के मौसम में ओपीडी 900 के पार थी। वह ठंड के मौसम में घटकर 600 हो गई थी लेकिन अब इसमें धीरे-धीर इजाफा होने लगा। ओपीडी में दिखाने वालों की संख्या 800 के पार हो गई है। इसके चलते ओपीडी कक्ष के साथ-साथ दवा काउंटर जांच काउंटर पर मरीजों की भीड़ देखने को मिल रही है। इसमें ज्यादातर सर्दी, जुकाम, बुखार, खांसी के मरीज पाए जा रहे हैं। ऐसे में चिकित्सकों की मानें तो सावधानी बरतने की जरूरत है। मुख्यालय पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय के फिजिशियंस डॉ अजय वर्मा ने बताया कि दिन में धूप और शाम को ठंड के कारण लोग सावधानी नहीं बरात रहे हैं। गुनगुना पानी पीएं और शाम को गर्म कपड़े अवश्य पहने और किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो तत्काल पास के सरकारी अस्पताल में पहुंचकर इलाज करा।

जांच व चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा जिला अस्पताल

यह है हाल

वर्षों से धूल फांक रही हैं जिला अस्पताल में कई मशीनें

चंदौली। मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय में समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही हैं। जहां मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। वही स्वास्थ्य प्रशासन की ओर से सुविधाओं की व्यवस्थाओं में कमी हो रही है। अगर हम जिला अस्पताल के चिकित्सकों व जांच की बात करें तो ,जहां चिकित्सकों की कमी है। वही वर्षों से बड़ी मशीनें धूल फांक रही हैं।

जिसके कारण मरीजों व उनके तीमारदारों को गैर जनपदों जाकर आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। मुख्यालय स्थित पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय जनपद ही नहीं गैर जनपद के साथ-साथ गैर प्रांत के मरीजों को भी सहारा है लेकिन जिला अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सकों के साथ-साथ न्यूरोलॉजी व यूरिन सहित कई प्रमुख चिकित्सक का अभाव है। जहां पर प्रतिदिन लगभग 1000 से अधिक मरीज ओपीडी में इलाज कराने के लिए आते हैं वहीं सड़क किनारे हॉस्पिटल होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त मरीजों के लिए यह जीवनदायिनी है। लेकिन गंभीर मरीजों को कुशल चिकित्सकों के ना होने के कारण वाराणसी रेफर करना पड़ता है। जिसके चलते मरीजों के साथ-साथ उनके तीमारदारों को भी भारी परेशानी होती है। वही जांच की बात करें तो जिला अस्पताल में साधारण जांच हो जाती है, लेकिन थायराइड सहित अन्य प्रमुख नहीं होने से मरीजों और तीमारदारों को बाहर जाकर जांच करानी पड़ती है। इसे मरीज और तीमारदार आए दिन परेशान होते है। जबकि थायराइड की मशीन जिला अस्पताल में रखी गई है जो वह धूल फांक रही है।

जिला अस्पताल में धूल फांक रही थायराइड की मशीन

जिला अस्पताल में नहीं हैं न्यूरोलॉजी व हृदय रोग के चिकित्सक

चंदौली। मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल में ही चिकित्सकों की कमी है। अस्पताल में वर्तमान में 42 डॉक्टरों के सापेक्ष 34 डॉक्टर ही नियुक्त हैं। अस्पताल में आठ चिकित्सकों की कमी है। वहीं जिला अस्पताल होने के बावजूद एक सर्जन व हृदय रोग विशेषज्ञ का पद खाली चल रहा है। अस्पताल में यूरोलॉजी व न्यूरोलॉजी के चिकित्सक के पद खाली हैं। पूरे जिले की बात करें तो कहीं भी न्यूरोलॉजी का विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है। इससे मरीजों को निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराना पड़ रहा है। इस बाबत सीएमएस उर्मिला सिंह ने बताया कि मुख्यालय से पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों और कर्मचारियों की कमी से शासन को अवगत करा दिया गया है।

हर हाल में बेहतर होनी चाहिए सड़कें : मुख्य सचिव

विकास कार्यों की समीक्षा बैठक लेते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र


कलेक्ट्रेट स्थित मीटिंग हाल के द्वार का लोकार्पण करते मुख्य सचिव

जनसंदेश न्यूज

बैठक

सीवर बिछाने के कार्य में भारी खामियां मिलने पर भड़के, एमडी को दिया जांच का आदेश

चौकियां धाम का दर्शन कर शाही किले का किया अवलोकन

समीक्षा बैठक के दौरान विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की ली जानकारी

जौनपुर। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार के जीर्णोद्धार कार्य का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मुख्य सचिव द्वारा जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, उप पुलिस महानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी की उपस्थिति में जनपद के विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा मुख्य सचिव को जनपद में कराए गए कार्यों को विस्तार से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि नगर पालिका परिषद में पीपीपी मॉडल पर चौराहे का निर्माण, सौदर्यीकरण कराया गया है जिस पर मुख्य सचिव ने कहाकि जिला प्रशासन के द्वारा चौराहों का बहुत ही अच्छा सौदर्यीकरण कराया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद में एक रंग एवं साइज के बोर्ड लगाए जाएं जिससे नगर की सुंदरता बढ़े और एकरुपता बनी रहे।

मुख्य सचिव ने निर्देशित करते हुए कहाकि मुख्य मार्ग की सड़क एवं मुख्य मार्ग से जुड़ी हुई सड़कें शत-प्रतिशत अच्छी स्थिति में रहें, पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। जनपद को तेजी से विकसित करने का कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत प्रत्येक विकासखंड में दो-दो मनरेगा पार्क निर्मित कराए गए हैं। प्रत्येक मनरेगा पार्क में टहलने के लिए पथ मार्ग का निर्माण, बैठने के लिए पार्क में मखमली घास, बच्चों को खेलने के लिए झूला, बैडमिंटन कोर्ट, वालीबॉल कोर्ट, कबड्डी, स्थल अखाड़े का निर्माण, सोलर लाइट, शौचालय का निर्माण कराया गया। आम जनमानस के स्वास्थ्य के लिए मनरेगा पार्कों में ओपन जिम निर्मित कराए गए हैं। इस प्रकार जनपद में कुल 47 मनरेगा पार्क का निर्माण कराया गया है जिस पर मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि मनरेगा पार्कों में जनपद के स्वतंत्रता सेनानियों के स्तम्भ बनाया जाए और उस पर उनके जीवन परिचय लिखे जाएं ताकि लोग प्रेरणा लें।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में मनरेगा के अंतर्गत 1740 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए खेल मैदान निर्मित कराए जा रहे हैं और प्रकाश की व्यवस्था के लिए सोलर लाइटे भी लगाई जा रही है, आम जनमानस के स्वास्थ्य के लिए खेल मैदान का निर्माण कराया गया है जिसका लाभ प्राप्त हो रहा है जिस पर मुख्य सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में खेल महाकुंभ आयोजित किए जाएं और खेल के क्षेत्र में जनपद की प्रतिभा निखरकर सामने आये और खेल मैदान की उपयोगिता बनी रहेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि पारंपरिक खेलों का विकास किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि अच्छे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करें जिससे बच्चे उनसे प्रेरणा ले।

मुख्य सचिव ने कहा कि गांव की सड़कों का नाम उन खिलाड़ियों के नाम से रखा जाये जिन्होंने खेल के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है। महिला युवक मंगल दल को शत-प्रतिशत सक्रिय करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत प्रत्येक विकासखंड में 5-5 तालाबों को चयनित कर उसे मनरेगा से खुदाई का कार्य कराया गया है प्रत्येक तालाब में लेट एवं आउटलेट का निर्माण कराया गया है सभी तालाबों में राज्य वित्त एवं 14वें वित्त की धनराशि से टैबटेलिंग कराकर तालाब के चारों तरफ 10 फीट का चबूतरा तैयार कराया गया। तालाबों पर एल-1 घास प्रतिस्थापित कर बनाया गया, प्रत्येक तालाब में पीने के लिए पानी तथा सीढ़ियों का भी निर्माण कराया गया है।

जनपद में कुल 105 तालाबों का निर्माण कराया गया है जिस पर मुख्य सचिव के द्वारा निर्देशित किया गया कि प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को मॉडल तालाब दिखाया जाए जिससे उनके मन में जल संरक्षण के प्रति उत्सुकता बने और जलसंरक्षण के लिए बच्चे जागरूक हो सके। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्य सचिव के द्वारा निर्देशित किया गया कहीं पर निराश्रित पशु बाहर न घूमे। उन्होंने कहा कि जनपद के सामुदायिक शौचालय, मॉडल शौचालय बनाया जाए।

बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल को निर्देशित किया कि अगले सत्र में शत-प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराना सुनिश्चित करने के साथ शत-प्रतिशत बच्चों की उपस्थिति दर्ज कराये। उन्होंने विद्यालय से पुरातन छात्रों को जोड़ने तथा उनकी फोटोग्राफ विद्यालय में लगवाने के निर्देश मुख्य सचिव के द्वारा दिए गए। उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह को निर्देशित किया कि उद्योगपतियों के साथ प्रति माह बैठक करें और उनकी समस्याओं का निस्तारण कराएं, उद्योग के लिए अनुकूल माहौल उपलब्ध कराएं। चिकित्सा विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने हेल्थ एटीएम, कोविड-19 टीकाकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। मुख्य सचिव के द्वारा निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज, सीवर ट्रीटमेंट प्लांट सहित अन्य निमार्णाधीन परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास शहरी को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के निर्देश मुख्य सचिव के द्वारा दिए गए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जो अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं उनको प्रोत्साहित करे। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए अधी0 अभियन्ता को निर्देशित किया कि विद्युत विभाग के द्वारा जितने भी कनेक्शन दिए गए हैं अनिवार्य रूप से उनकी बिलिंग कराई जाए और बिजली की चोरी किसी भी दशा में न हो इसको सुनिश्चित कराएं।

जनपद की सड़कों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को कड़े निर्देश दिए कि जल्द से जल्द सड़कें सही करा ली जाए, जिससे आमजनमानस को किसी प्रकार की समस्या न हो। जनपद के कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी द्वारा मुख्य सचिव को अवगत कराया गया कि अवैध भूमि कब्जे, गैंगस्टर एक्ट, महिला एवं बच्चों पर होने वाले अपराधों, टॉप टेन अपराधियों की सूची सहित अन्य मामले में शासन की मंशा के अनुरुप जनपद में कार्य किये जा रहे है।

मुख्य सचिव के द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस और चौपाल का नियमित रूप से आयोजन किया जाय, जहां पर समस्त जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं उपस्थित होकर आम जनमानस की समस्याओं को सुनते हुए त्वरित निस्तारण करें। इस अवसर पर समूह की महिलाओं द्वारा मुख्य सचिव को जनपद के प्रसिद्ध इत्र सहित अन्य महत्वपूर्ण वस्तुएं भेट की गयी। मुख्य सचिव के द्वारा जनपद में चल रहे सीवर कार्य का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी सड़कें खोदी गई हैं जल्द से जल्द ठीक करने की कार्यवाही की जाए, ताकि जनता को अधिक समस्या का सामना न करना पड़े। इसके पूर्व मुख्य सचिव द्वारा मॉ शीतला चौकिया धाम का दर्शन किया गया और वहां स्थित सरोवर के जल को प्रदूषणमुक्त करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिये गये। मुख्य सचिव द्वारा जनपद के गोमती नदी के तट पर बने ऐतिहासिक किले का अवलोकन किया और कहा कि वर्तमान समय में ऐतिहासिक ईमारतों को संरक्षण करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, अपर जिलाधिकारी वि-राजस्व राम अक्षयबर चौहान, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व गणेश प्रसाद सिंह, नगर मजिस्ट्रेट देवेन्द्र सिंह, अकाक्षा समिति की अध्यक्ष डा. अंकिता राज, एसपी सिटी डा. संजय कुमार, एसपी ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव सिंह, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्या शुक्ला सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

संक्षेप

पचास जरूरतमंदों को किया गया कंबल वितरण

जफराबाद। सिरकोनी ब्लॉक क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में ठंड से बचाव हेतु पचास जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर प्रसन्नता दिखी। सिरकोनी ब्लॉक के जगदीशपुर गांव में रविवार को यूनिवर्सल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में 50 जरूरतमंदों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किया गया। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे। ट्रस्ट के संस्थापक डॉक्टर जितेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करने से मन को सुकून मिलता है। आगे भी अन्य सामाजिक कार्यो में इस ट्रस्ट के द्वारा लोगों की सहायता होती रहेगी। इस दौरान ग्राम प्रधान लालमनी सिंह, विमल सिंह, रतन सिंह, हर्षित, वैभव सिंह, दीपक, संजय आदि उपस्थित रहे।

मारपीट में सात घायल

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अलग-अलग स्थानों पर जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में कुल सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के अरगुपुर कला ढिठौली गांव में जमीनी विवाद में पड़ोसियों ने 40 वर्षीय राधिका पत्नी गौतम व 18 वर्षीय पुत्र गुलशन को पीटकर घायल कर दिया। वहीं नटौली गांव में हुई मारपीट में 25 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र राम नयन, 30 ? वर्षीय रानू पत्नी मुकेश, 34 वर्षीय रेखा पत्नी वीरेंद्र, 14 वर्षीय रागिनी पुत्री संजय घायल हो गए। पूरे आजम गांव निवासी 60 वर्षीय बनबारी लाल को पट्टीदारों ने पीटकर घायल कर दिया। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार राजकीय चिकित्सालय में कराया गया।

पति व देवर के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मुकदमा दर्ज

पवांरा। थाना क्षेत्र अन्तर्गत सरायबीका गांव निवासी सुबासचन्द्र चौरसिया ने अपनी पुत्री पूजा चौरसिया उर्फ कीर्ति का विवाह 2018 में मछलीशहर थाना क्षेत्र के थलोई गांव निवासी संजय चौरसिया से की थी। शादी के बाद से ही उसका पति संजय चौरसिया व देवर राजेश चौरसिया कम दहेज मिलने को लेकर उसे मारते-पीटते रहते हैं और गाली-गलौज करते हैं व जान से मारने की धमकी देते हैं। पुलिस पीड़िता पूजा चौरसिया उर्फ कीर्ति की तहरीर के आधार पर पति संजय चौरसिया व देवर राजेश चौरसिया के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

तेज रफ्तार कार व बोलेरो पलटी, दो घायल

जफराबाद। क्षेत्र के बाईपास पर शनिवार की रात को तेज रफ्तार कार तथा एक बोलेरो पलट गयी जिसमें कार सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायलों में एक को काफी गम्भीर चोटे आयीं हैं। क्षेत्र के लाडनपुर गांव निवासी मनीष श्रीवास्तव पुत्र स्व. छोटेलाल श्रीवास्तव तथा अंकुर सिंह पुत्र राजकुमार सिंह कार से घर वापस आ रहे थे। उक्त बाईपास पास पर असंतुलित होकर कार बाईपास के नीचे गड्ढे में जाकर पलट गयी। कार को चला रहे मनीष श्रीवास्तव को काफी चोट आई है। अंकुर भी घायल हुए हैं। वहीं दूसरी तरफ कल्याणपुर बाजार निवासी व्यवसायी ओमप्रकाश जायसवाल व उनके नजदीकी अहकू राम अपनी बोलेरो से शहर से घर आ रहे थे। बोलेरो उनका चालक खुर्शीद चला रहा था। बोलेरो बाईपास के छोर पर कबूलपुर जफराबाद मार्ग पर आकर पलट गयी। हालांकि संयोगवश सभी बाल बाल बच गए।

नाजायज कट्टा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

मड़ियाहू। स्थानीय कोतवाली पुलिस ने रविवार को सुबह 10 बजे रामनगर मोड़ से 315 बोर के नाजायज कट्टा व एक जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह वह हमराहियों के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली की रामनगर मोड़ पर एक युवक नाजायज असलहे के साथ मौजूद है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह, उपनिरीक्षक बृज कुमार मिश्रा हमराही पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां खड़े युवक की तलाशी लिया तो उसके पास से एक 315 बोर का नाजायज कट्टा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस उसे हिरासत में लेकर कोतवाली लाई। पूछताछ में उसने अपना नाम शिवम यादव पुत्र लालमन यादव निवासी कटघर बताया। पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद आरोपित का चालान न्यायालय भेज दिया।

रामलीला मैदान में ग्रामोद्योग सेवा संस्थान का लगा मेला

मेले से सामान खरीदती महिलाएं

जनसंदेश न्यूज

मेला

घरेलू सामग्रियों समेत तमाम सामान बिक्री हेतु उपलब्ध

शाहगंज। सरदार बल्लभ भाई पटेल ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा तहसील मुख्यालय स्थित रामलीला मैदान में प्रदर्शनी आयोजित की गयी। मेले का मुख्य आकर्षण खादी वस्त्र, बनारसी साड़ी, सहारनपुर फर्नीचर, हाथरस की ज्वैलरी, पटियाला व फुलकारी जूती एवं हरिद्वार के घर गृहस्थी के समान, कंठी माला, ऊनी वस्त्र, ऊनी कम्बल, कालीन, शाल, स्वेटर, जैकेट, ऊनी मौज, बच्चों के मनोरंजन हेतु जंपिंग झूला, मुंबई भेलपूरी, लुधियाना कॉटन शर्ट, खादी शर्ट, ब्लेजर, जड़ी बटेर हर्बल औषधि बिक्री हेतु उपलब्ध हैं जिन्हें खरीदने में महिलाओं पुरुषों का तांता लगा है।

शान्ति व्यवस्था हेतु पुलिस बल तैनात हैं। संस्था प्रमुख संजय पटेल ने बताया कि यह मेला 5 फरवरी तक सुबह 11 बजे से 8 बजे तक आम जनता के बीच सेवा हेतु चलता रहेगा। सरकार व खादी ग्रामोद्योग के निर्देश पर यह प्रदर्शनी का आयोजन आम जनमानस सहित गरीब व मध्यम परिवार को लाभ पहुंचा रही है।

प्रदेश के हर जिले में शूटिंग होने पर लोगों को मिला रोजगार

बोले विनोद गुप्ता

जनपद आगमन पर पत्रकारों से रूबरू हुए भोजपुरी उत्तरखण्डी अवार्ड के संस्थापक अध्यक्ष

भोजपुरी फिल्म व उत्तरखण्डी अवार्ड के संस्थापक अध्यक्ष का स्वागत करते लोग

जौनपुर। अग्रहरि समाज के गौरव भोजपुरी फिल्म एवं उत्तरखण्डी अवार्ड के संस्थापक अध्यक्ष विनोद गुप्ता के जनपद आगमन पर रविवार को अग्रहरि समाज के अध्यक्ष मनोज अग्रहरि के नेतृत्व में नगर के पंचहटिया स्थित वेंकटेश हुण्डई पर भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया।

इसी क्रम में पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्री गुप्ता कहा कि भोजपुरी सिनेमा की शुरूआत 1962 में 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबे' से हुई। भोजपुरी सिनेमा के कलाकारों के सम्मान के लिए कोई कार्यक्रम नहीं था। भोजपुरी भाषा व भोजपुरी फिल्म के कलाकारों के सम्मान में 2005 में पहली बार भोजपुरी फिल्म अवाड्र्स समारोह का आयोजन किया गया। अभिनय सम्राट दिलीप कुमार और सायरा बानो ने दीप प्रज्वलित कर इस अवार्ड का शुभारम्भ किया था जो आज निरन्तर चल रहा है। अवार्ड हिंदी टेलीविजन के जरिये विदेशों में पहुंचा और साथ ही भोजपुरी कलाकारों की लोकप्रियता में चार चांद लग गए। भोजपुरी फिल्म अवार्डस की वजह से मार्केट खुल गया और कई भोजपुरी चैनल्स का जन्म हुआ। 30 लाख में बनने वाली फिल्में आज डेढ़ करोड़ में बनने लगी है।

श्री गुप्ता की अगुवाई में भोजपुरी फिल्मों को सहायता राशि प्रदान करने का सिलसिला शुरू हुआ। जिससे फिल्मों की संख्या बढ़ी। प्रदेश के हर जिले में शूटिंग होने की वजह से प्रदेश के लोगों को रोजगार भी मिलने लगा है। अवार्ड निरंतर 17 साल से हो रहा है इसलिए इसे सबसे पुराना, प्रतिष्ठित अवार्ड समारोह माना जाता है, क्यों न हो यह एकमात्र जूरी बेस्ड अवार्ड है इसीलिए पूरी इंडस्ट्री इस अवार्ड के साथ जुड़ी है।

भोजपुरी फिल्म अवाड्र्स 23 जनवरी को मुंबई में आयोजित किया गया था जहाँ भोजपुरी सिनेमा जगत के बड़े कलाकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी तभी तो विनोद गुप्ता द्वारा आयोजित अवार्ड को भोजपुरी सितारों का महाकुम्भ भी कहा जाता है। विनोद गुप्ता ने उत्तराखंड फिल्म अवाड्र्स का भी आयोजन किया था, कोविड के बाद वाला संस्करण इस साल अप्रैल 2023 में आयोजित किया जायेगा। उत्तराखंडी फिल्म्स इंडस्ट्री इस अवार्ड को लेकर पूरी उत्तराखंडी फिल्म इंडस्ट्री बहुत ही उत्साहित है। वहीं निर्देशक व लेखक प्रमोद शास्त्री ने कहा हमारा प्रयास है भोजपुरी फिल्में पारिवारिक व साफ सुथरी व सम सामयिक विषयों पर आधारित हों समाज में एक अच्छा संदेश जाए। वहीं पत्रकारों के सवाल के जवाब में उन्होंने कहाकि भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री व एल्बम इंडस्ट्री दोनों अलग अलग है।

अग्रहरि समाज के अध्यक्ष मनोज अग्रहरि ने सभी का स्वागत अभिनन्दन किया। इस मौके पर संयोजक विनोद अग्रहरि, महामंत्री रविन्द्र अग्रहरि, खझड़ी सम्राट सत्यप्रकाश गुप्त मुन्ना, विक्रम अग्रहरि, दीपक अग्रहरि, सन्तोष अग्रहरि, विकास अग्रहरि, अरविन्द अग्रहरि, रंजीत अग्रहरि, राघवेंद्र अग्रहरि आदि उपस्थित रहे।

ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स पर हुआ कांफ्रेंस का आयोजन

जौनपुर। मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष हफीज शाह की अध्यक्षता मे ख़्वाजा गरीब नवाज अजमेर शरीफ के 811वें उर्स मुबारक के मौके पर गरीब नवाज कांफ्रेस, कुरानखानी, दुआखानी और सालातो सलाम का आयोजन नवाब युसूफ रोड के समीप मदीना मस्जिद में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत किरत से हाफिज हसीन जौनपुरी ने किया। उसके बाद शोराओं ने नात व मनखेतब का नजराना पेश किया। इस मौके पर मौलाना कयामुद्दीन ने जलसे को खेताब करते हुए कहा की हजरत ख़्वाजा गरीब नवाज हमेशा जुल्म के खिलाफ रहे और हक बात पसंद फरमाते थे। अजमेर मे मौजूद अनासागर के पानी को अपने कटोरे में भर लिए थे वो अल्लाह के नेक बन्दे थे। पूरा वक़्त अपना इबादतों में गुजार कर अपने रब को राजी करने मे लगे रहते थे। आज उनके उर्स के मौके पर लाखों की तादाद मे लोग अजमेर शरीफ मे मौजूद हैं जो उनकी करामात की तस्दीक करती है। मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष हफीज शाह ने कहाकि ख़्वाजा गरीब नवाज के दर पर सभी धर्म-जाति के लोग हाजिरी लगाते है जो की कौमी यकजहती की जिंदा मिसाल है। इस मौके पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष शकील मंसूरी, अफजाल अहमद, राशिद, अमानतुल्लाह, रेयाज अहमद, राशिद, हाफिज अल्वी, हाफिज दिलशाद अजमत अंसारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

खेल से बढ़ता है आपसी सौहार्द्र : जावेद खान

खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते अतिथि जावेद खान

केराकत। आर्य स्पोर्टिंग क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता के तत्वाधान में दूसरे दिन भी शिवपुरी सिहौली चौराहा स्थित मैदान में अंतरराज्यीय मैच आजाद स्पोर्टिंग क्लब मऊ तथा रांची एकेडमी क्लब रांची के बीच खेला गया जिसमें प्रथम हाफ के 10 वें मिनट मऊ ने एक गोल मारकर अपनी बढ़त बनाए रखी। दोनों टीमों की तरफ से एक दूसरे पर आक्रामक हमला करते रहे। मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा और दर्शक बीच-बीच में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। खेल के 20वें मिनट में मऊ एक गोल फिर मारा खेल और रोमांचक हो गया। 32वें मिनट में मऊ ने तीसरा गोल मार दिया।

दूसरे हाफ में अथक प्रयास करने के बावजूद भी राँची की टीम गोल उतारने में असफल रही। निर्णायक दयाराम गुप्ता ने मऊ की टीम को 3-0 से विजयी घोषित किया। फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि ग्राम मनियरा के समाजसेवी जावेद खान तथा सपा के युवा नेता व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार पति आजाद कुरैशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हं सला बुलन्द करते हुए कहा कि खेल से आपसी सौहार्द बढ़ता है और खेल को ईमानदारी से खेलने वाला खिलाड़ी ही आगे बढ़ता है। इस मौके पर युवा नेता केके यादव, अब्दुल्ला उर्फ झंने खान के अलावा अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे। खेल शुरू होने से पहले क्लब के बलराज आर्य, हीरेंद्र यादव एडवोकेट, राजेंद्र, सत्यप्रकाश, सुरेशचंद्र, ओमप्रकाश, विनोद, बेचन ने आये हुए मेहमानों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और सभी का आभार ब्यक्त किया।

दो वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाहगंज। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़ागांव व करूई गांव में न्यायालय से वांछित चल रहे दो वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया गया। आजमगढ़ जनपद के दीदारगंज थाना क्षेत्र के करुई गांव निवासी राम दुलारे पुत्र छब्बू व बड़ागांव निवासी आशीष कुमार पुत्र बुधू दोनों न्यायालय में चल रहे मुकदमे में वांछित है। कोतवाली निरीक्षक सदानंद राय के निर्देश पर रविवार की सुबह विजय सिंह गौड़, प्रभुनाथ कांस्टेबल, अजय कुमार, रणजीत यादव ने घर पर दाबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

नकदी सहित हजारों का गहना उठा ले गए चोर

जफराबाद। क्षेत्र के माधोपट्टी गांव के एक घर से शनिवार की रात चोर ताला तोड़कर हजारों रुपये के गहने तथा नकदी उठा ले गए। घटना की जानकारी सुबह हुई तब पुलिस को सूचना दी गई। उक्त गांव निवासी लालमन गौड़ के मकान के दरवाजे के ताला तोड़कर चोर कमरे में रखे बॉक्स को उठा ले गए। घर से थोड़ी दूर बक्से को तोड़कर उसमें रखा सोने का कनफूल, झाला आदि तथा 25 हजार नगद उठा ले गए। लालमन का एक मकान उसी मकान के सामने है। वह परिवार के साथ दूसरे मकान में था यह जानकारी अगल बगल ही थी।

अंतर महाविद्यालय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन

क्रिकेट

सूर्यबली पीजी कॉलेज ने जीता उद्घाटन मैच

जनसंदेश न्यूज

गेंद खेलकर क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते अतिथि

करंजाकला। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में अंतर महाविद्यालय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का उद्घाटन वित्त अधिकारी संजय राय ने मैच का फीता काटकर किया।

मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना एवं अपनी सहभागिता करने का संदेश दिया। पहला मैच सूर्यबली पीजी कॉलेज जौनपुर और विश्वविद्यालय परिषद के मध्य खेला गया जिसमें विश्वविद्यालय परिषद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। वहीं सूर्यबली पीजी कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 181 रन बनाएं वहीं सूर्यबली महाविद्यालय की तरफ से सर्वाधिक रन हर्ष शर्मा ने 52 गेंदों का सामना करते हुए 11 चौके लगाकर 67 रन बनाएं और अभिषेक कौशल ने 48 गेंदों पर 6 चौके दो छक्के लगाकर 65 रन की नाबाद पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करते हुए विश्वविद्यालय परिसर की टीम ने 30 रन पर पूरी टीम सिमट गई। सूर्यबली पीजी कॉलेज की तरफ से गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद कासिम ने 2 ओवर में 5 रन देकर 3 विकेट लिए और सलमान अहमद ने 3 ओवर में 6 रन देकर दो विकेट लेकर टीम को जीत दर्ज करवाई।

वहीं दूसरा मैच श्री गणेश राय पीजी कॉलेज डोभी जौनपुर और स्वामी सहजानंद पीजी कॉलेज गाजीपुर टीम न आने के कारण श्री गणेश राय पीजी कॉलेज डोभी को वाक ओवर दे दिया गया। अम्पायर की भूमिका में प्रदीप पटेल, राजेश पटेल एवं स्कोरर विपिन सर्राफ रहे। इस अवसर पर खेल परिषद सचिव प्रो. ओम प्रकाश सिंह भूतपूर्व सचिव डॉ. रामाश्रय शर्मा, डॉ. राहुल पटेल, असि. प्रो., शा. शिक्षा, कपिल कुमार त्यागी, डॉ. पीके सिंह कौशिक, डॉ. सुशील कुमार प्रजापति, खेल सहायक रजनीश कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, सतेन्द्र कुमार सिंह, अरूण कुमार सिंह, क्रिकेट प्रशिक्षक विजय प्रकाश, अल्का सिंह चैहान, भानू प्रताप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

आठ शातिर अंतर्जनपदीय वाहन चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

कामयाबी

क्राइम ब्रांच, ऊंज, दुर्गागंज व गोपीगंज पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी

रेकी कर वाहनों व जानवरों की चोरी व नम्बर प्लेट का प्रतिरूपण करने वाले गिरोह का पदार्फाश

जनसंदेश न्यूज

गिरफ्तार आठ शातिर अंतर्जनपदीय वाहन चोरों को मीडिया के सामने पेश करती पुलिस

ज्ञानपुर। एसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना ऊंज, दुर्गागंज व गोपीगंज की पुलिस टीम व क्राइम ब्रांच टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई हैं। पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए सरगना सहित आठ शातिर अंतर्जनपदीय वाहन चोर पुलिस पुलिस के हत्थे चढ़ गए। एडिशनल एसपी राजेश भारती ने पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मामलें का खुलासा किया।

एडिशनल एसपी ने बताया कि ऊंज, गोपीगंज, दुर्गागंज क्षेत्र में बोलेरो व टवेरा चोरी की एक ही माह में घटित वाहन चोरी की 04 अलग-अलग घटनाओं के शीघ्र अनावरण को लेकर थाना ऊंज, दुर्गागंज, गोपीगंज व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार की रात्रि में मुखबिर की सूचना के आधार पर चेकिंग शुरू कर दिया। इस दौरान थाना ऊंज क्षेत्र अंतर्गत वहीदा नहर पुलिया के पास से वाहनों व जानवरों की चोरी करने वाले गिरोह के सरगना सहित आठ शातिर चोरों आशु मियां थाना गोपीगंज, शकील अहमद थाना कोईरौना, तीरथराज सरोज थाना दुगार्गंज, नशीर थाना हंडिया, नन्नकेश मोर्या थाना दुगार्गंज, विनोद कुमार यादव थाना ऊंज, सूरज मौर्या, थाना दुगार्गंज, शकील थाना गोपीगंज को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा आरोपियों के कब्जे निशानदेही से पंजीकृत विभिन्न अभियोगों से सम्बंधित चोरी के तीन बोलेरो वाहन, चोरी के मोटरसाइकिल के पाट्र्स आदि बरामद किया गया।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में स्वाट प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी नरेंद्र सिंह, तुफैल अहमद, अजय यादव, नागेंद्र यादव, राजेश सिंह, आरक्षी मन्नू सिंह, सुनील कनौजिया, प्रभारी निरीक्षक ऊंज छोटक यादव, उपनिरीक्षक शमशाद खां, उपनिरीक्षक गुरुज्ञान चंद्र पटेल, उपनिरीक्षक रमाकांत सिंह यादव मुख्य आरक्षी अजीत सिंह, इक्तेखारुद्दीन, शशिकांत सिंह आदि शामिल रहे।

शिकवा-शिकायत भुलाकर एक दूसरे का सम्मान करते हुए रहेंगे साथ-साथ

ज्ञानपुर। डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में महिला थाना परिवार परामर्श केन्द्र जनपद भदोही पर रविवार को आवेदक बादशाह शेख पुत्र मुमताज अली निवासी ग्राम सिविल लाइन जलालपुर थाना भदोही द्वारा विपक्षी अपनी पत्नी तरन्नुम बेगम पुत्री सनौव्वर अली निवासी ग्राम मबन्त सिवाला इलाहाबाद बैंक थाना कटरा जनपद मिजार्पुर के विरुद्ध विदाई के सम्बन्ध मे दिये गये प्रार्थना पत्र पर दोनो पक्षों को जरिये नोटिस महिला थाना परिवार परामर्श केन्द्र ज्ञानपुर पर को तलब किया गया। इस दौरान दोनो पक्षो को काफी जद्दोजहद व अथक प्रयास करके समझाया बुझाया गया। दोनो पक्ष अपनी बीती हुयी बातों गलतियों को स्वीकार कर रहे हैं तथा आपस मे पुनः पति पत्नी की तरह रहने को तैयार हैं तथा पुरानी बातों को भुलाकर नये सिरे से एक दूसरे का पति पत्नी की तरह सम्मान करते हुये साथ साथ रहेगें। महिला थाना परिवार परामर्श केन्द्र से दोनो पक्षो की साथ रहते हुये पति पत्नी की विदायी करायी गयी।

स्टार शाइनिंग इंडिया अवार्ड से सम्मानित हुईं डॉ. कामिनी वर्मा

जनसंदेश न्यूज

डॉ. कामिनी वर्मा को सम्मानित करते संस्था के लोग

ज्ञानपुर। स्टार शाइनिंग इंडिया अवार्ड सेशन-4 संस्था द्वारा टाप 50 पॉवरफुल पर्सनलिटी ऑफ इंडिया अवार्ड से काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर भदोही की इतिहास विभाग की अध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. कामिनी वर्मा को वसुंधरा कॉलोनी गाजियाबाद में सम्मानित किया गया।

डॉ. कामिनी वर्मा वर्तमान में काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर भदोही के इतिहास विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। इसके पूर्व आप प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग में भी योगदान दे चुकी है। डॉ. वर्मा ख्याति प्राप्त सामाजिक चिंतक एवं स्तंभकार है। आपके लेख समसामयिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक मुद्दों पर जम्मू कश्मीर, नेपाल, कनाडा सहित संपूर्ण भारत में विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होने वाले राष्ट्रीय दैनिक साप्ताहिक समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते हैं। आपके द्वारा पांच पुस्तकों के संपादन सहित 21 पुस्तकों तथा शोध ग्रंथों में आपके शोध पत्र तथा 20 पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित हो चुके हैं।

आप महिला कैदियों के पुनर्वास एवं कौशल विकास की 21 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जनपद ज्ञानपुर में कर चुकी है। राष्ट्रीय सेवा योजना तथा रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य के रूप में कौमी एकता पर्यावरण महिला मतदाता जागरूकता एड्स निवारण जैसे ज्वलंत मुद्दों पर अभियान चलाती रहती हैं।

वर्तमान में आप मिशन शक्ति एवं आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम संचालित कर रही है। आपके योगदान को देखते हुए आपको कई एवार्डों से सम्मानित किया जा चुका है।

सीडीओ ने सभी पेंशन के सत्यापन एक हफ्ते में करने का दिया निर्देश

जनसंदेश न्यूज

सख्ती

सोशल सेक्टर की लाभार्थी परक योजनाओं के सत्यापन तथा ऑनलाइन फॉरवर्डिंग पर हुई बैठक

ज्ञानपुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विविध प्रकार की पेंशन के सत्यापन तथा ऑनलाइन फॉरवर्डिंग हेतु बैठक मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि सोशल सेक्टर की लाभार्थी परक योजनाओं का उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी स्तर पर सत्यापन कर ऑनलाइन अग्रसारण पेंशन का आधार प्रमाणीकरण एवं कन्या सुमंगला योजनांतर्गत लंबित आवेदन पत्रों के त्वरित निस्तारण पर विचार विमर्श किया गया। सभी प्रकार की पेंशन के सत्यापन तथा ऑनलाइन फॉरवर्डिंग हेतु लंबित आवेदन पत्र पर सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए एक हफ्ते के अंदर निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

निर्धारित समय में सत्यापन न कर पाने पर संबंधित बीडीओ पर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रकार के पेंशन का आधार प्रमाणीकरण हेतु लंबित आवेदन पत्रों के निस्तारण पर बल दिया। वृद्धावस्था पेंशन दिव्यांग पेंशन छात्रवृत्ति एवं कन्या सुमंगला योजना अंतर्गत लंबित आवेदन पत्रों के त्वरित निस्तारण किए जाने पर बल दिया गया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सूचित किया कि समाज कल्याण के द्वारा संचालित किसी भी योजना के पेंशन विषयक किसी भी बिंदु पर कोई समस्या हो तो वे कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं। जिसका त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

ढाई किलो गांजा के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

गोपीगंज। कोतवाली अंतर्गत चौकी पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग गिराई के पास से ढाई किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया अभियुक्त रईश खान मुन्ना प्रयागराज जनपद के हंडिया थाना क्षेत्र के जगुआ सोधा का निवासी है।अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान रविवार को हमराही के साथ गस्त पर निकले चौकी प्रभारी मनोज कुमार राय राजमार्ग पर जा रहे थे इस दौरान गिराई के पास संदिग्ध अवस्था में झोला लेकर खड़े युवक से पूछताछ करते हुए उसे हिरासत में लेकर थाने ले आये। पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान उसके पास से दो किलो 550 ग्राम गांजा बरामद हुआ। संबंधित धारा में मुकदमा कायम कर मेडिकल मुआयना के बाद उसे जेल भेज दिया।

लंबी कूद में तनु शुक्ला ने मारी बाजी ध्वज लेकर लगाया मैदान का चक्कर

आयोजन

महाविद्यालय औराई के दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन

तनु शुक्ला को प्रथम पुरस्कार देते प्राचार्य डॉ. वृजकिशोर त्रिपाठी

भदोही। केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई का दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा समारोह का समापन मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वृजकिशोर त्रिपाठी द्वारा किया गया।

प्रथम प्रतियोगिता 200 मीटर दौड़ हुई जिसमें प्रथम स्थान तनु शुक्ला बी.ए तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान सरिता यादव एवं तृतीय स्थान नंदनी चौबे बी.ए तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनु शुक्ला बी.ए तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान सरिता यादव एवं तृतीय स्थान श्वेता शुक्ला बी.एस-सी तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। ऊंची कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोनी यादव बी.ए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान खुशबू दूबे बी.एस-सी प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान शालिनी राय एम.ए तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया।

400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मोनी यादव बी.ए तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान रिमझिम एवं तृतीय स्थान चंदा बिन्द बी.एस-सी तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। समस्त विजयी प्रतिभागियों को मेडल ट्रॉफी किट एवं प्रमाण पत्र देकर प्राचार्य एवं समस्त महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता में प्राप्त परिणामों के अंकों के आधार पर इस वर्ष की चैंपियन तनु शुक्ला बी.ए तृतीय सेमेस्टर हुई तत्पश्चात चैंपियन छात्रा तनु शुक्ला ने महाविद्यालय क्रीड़ा परिषद के ध्वज को लेकर महाविद्यालय के चारों ओर चक्कर लगाया एवं ध्वज को क्रीड़ा प्रभारी जयकुमार को दिया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

दानिश आजाद को भदोही का प्रभारी मंत्री बनाए जाने से हर्ष

गोपीगंज। अल्प संख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ भदोही का दानिश आजाद अंसारी को जिला प्रभारी मंत्री बनाए जाने से जनपद के लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की है। खुशी जाहिर करते हुए अल्प संख्यक पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सिराज अख्तर ने कहा कि दानिश आजाद अंसारी को प्रभारी बनाए जाने से जिले के विकास को नया आयाम मिलेगा, साथ ही संगठन को भी मजबूती मिलेगी, बधाई संदेश भेजने वालों में मुख्य रूप से दीपक मिश्रा, राजीव सिंह, संजय यादव, बबलू पाठक, शमीम अहमद, अफरोज अली, मेराज अहमद, हाफिज जी आदि रहे।

नाटक के माध्यम से स्कूल में चला नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

मुंगराबादशाहपुर। केडी पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने नृत्य व नाटक का मंचन कर लोगों को नशा मुक्ति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। इस मौके पर भाजपा नेता आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू) ने कहा कि नशाखोरी समाज में सबसे बड़ी बुराई है। यह बुराई समाज को दीमक की भांति अंदर से खोखला कर रही है। कहा कि नशा करने वाला व्यक्ति अनेक बीमारियों से शिकार हो जाते हैं वह नशे का इस कदर आदी हो जाते हैं कि उसे अपना परिवार व समाज की कोई सुध बुध नहीं रहती। विशिष्ट अतिथियों में समाजसेवी शैलेंद्र साहू, इंजी. उमाशंकर गुप्ता व उमाशंकर चौरसिया ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्च्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के बच्चों में सूरजपाल, आशुतोष यादव, शशिकांत पटेल, अनुज, सत्यम मौर्या, अमित व अंकिता पाल ने नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति, खुले में शौच से हानि, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल विवाह, दहेज रहित विवाह एवं स्वच्छता जैसे जन हितैषी कार्यक्रमों का समा बांधते हुए संदेश दिया। काजल रजक, प्रियंका पटेल, सुप्रिया, सुहानी व महक आदि द्वारा प्रस्तुत राधा कृष्ण व देश भक्ति नृत्य उपस्थित लोगों में समा बांधा।

गहमागहमी व फोर्स की मौजूदगी में हुआ कोटेदार का चयन

मुंगराबादशाहपुर। ग्राम बुढ़न्सापुर में रविवार को कोटेदार के चयन के लिए उपजिलाधिकारी राजेश चौरसिया के निर्देश में प्राथमिक पाठशाला बुढ़न्सापुर में ब्लॉक अधिकारीयों व पुलिस फोर्स द्वारा खुली मीटिंग में कोटेदार का चयन किया गया। बुढ़न्सापुर गांव में पिछले तीन माह से कोटेदार का पद रिक्त था। इसके पहले वाले कोटेदार शांति देवी थी जिनका तीन माह पहले निधन होने के चलते कोटा निरस्त हो गया। इसके बाद गांव के लोगों को राशन लेने के लिए दूसरे गांव मुड़ाव जाना पड़ता था। कई दिनों से ग्रामीण गांव में दूसरी दुकान के आवंटन की मांग कर रहे थे। कोटेदार के आवंटन को लेकर रविवार को एडीओ पंचायत शिव शंकर मिश्रा, सचिव प्रवीण सिंह प्रशासनिक टीम के साथ गांव पहुंचे व ग्राम प्रधान सरिता देवी व पुलिस की मौजूदगी में प्राथमिक विद्यालय परिसर में खुली बैठक का आयोजन किया गया। बता दें कि गांव में कोटेदार की दुकान के लिए तीन आवेदन थे। एडीओ पंचायत शिव शंकर मिश्रा ने बताया 3 उम्मीदवारों में से पूजा मौर्य पत्नी धीरज मौर्या 338 वोट, नीतू सिंह पत्नी विमलेश 319 वोट व पूनम सिंह पत्नी शैलेश को 16 वोट मिला। तीनों उम्मीदवारों को मिलाकर कुल 673 वोट पड़े। इस तरह पूजा मौर्य ने 19 वोटों से जीत हासिल किया। अधिकारियों की मौजूदगी में राशन की दुकान के लिए पूजा मौर्या को नामित कर दिया गया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत शिव शंकर मिश्रा, थाना प्रभारी विवेक तिवारी, थाना प्रभारी पंवारा राज नारायण चौरसिया, थाना प्रभारी मीरगंज बृजेश गुप्ता समेत ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

युवा अपनी असीम क्षमता का करें सदुपयोग : अजीत सिंह

चंदवक। गणतंत्र दिवस के अवसर पर गांधी पार्क चंदवक स्थित गांधी प्रतिमा को नमन कर 12 किमी लंबी दूर ध्वज लेकर दौड़ते हुए सेनापुर स्थित शहीद स्मारक पर ध्वजारोहण कर नमन करने वाले 13 ध्वज वाहकों को क्षेत्रीय विकास एवं कल्याण समिति डोभी द्वारा वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सूर्यनाथ सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में आए युवाओं को संबोधित करते हुए समिति के संस्थापक सामाजिक कार्यकर्ता अजीत सिंह ने कहा कि युवाओं में असीम शक्ति व क्षमता होती है। आवश्यकता है उस शक्ति व क्षमता का सही दिशा में सदुपयोग करने की। हमेशा क्षमता का सदुपयोग होना चाहिए दुरुपयोग नहीं। उन्होंने समिति के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्षेत्र का विकास व युवाओं को रोजगार मिले यही मूल उद्देश्य है और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सभी को मिलकर संघर्ष करना पड़ेगा। संगठन में शक्ति होती है और संगठित होकर संघर्ष करने पर सफलता अवश्य मिलती है। कार्यक्रम को पूर्व प्रमुख जय प्रकाश राम, शिवा जी सिंह, पूर्व प्रधान योगेंद्र प्रताप सिंह, अरुण चौबे, ठाकुर प्रसाद पांडेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष सिंह डिंपल ने किया। इस अवसर पर रामेश्वर सिंह, अरविंद पांडेय, प्रधान अमरजीत यादव बाला, सतीश सिंह, महेन्द्र प्रजापति, सुजीत सिंह, श्याम बहादुर सिंह, संतोष गोंड़, बादल यादव, राहुल सिंह अन्य लोग उपस्थित थे।

जॉर्ज फर्नांडिस की मनायी गयी पुण्यतिथि

याद

प्रदेश अध्यक्ष हसनैन अंसारी के नेतृत्व में जॉर्ज साहब को किया गया श्रद्धासुमन अर्पित

जनसंदेश न्यूज

हिमकिप संस्थापक जार्ज फर्नाडिस के चित्र पर माल्यार्पण कर पुण्य तिथि मनाते हिमकिप कार्यकर्ता

भदोही। पूर्व रक्षा मंत्री जार्ज फर्नाडिस की रविवार को पुण्य तिथि हिंद मजदूर किसान पंचायत ने श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई। सिविल लाइन स्थित मोहल्ला बकुचियाँ में कार्यकर्ताओ ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन में किये गये देश हित में कार्यो को याद किया।

हिंद मजदूर किसान पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष मो. हसनैन अंसारी ने कहा कि जार्ज साहब का भदोही के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सन '2000 में आरक्षण केंद्र, पोस्ट ऑफिस, पंजाब मेल में पैंटी कार, जनता एक्सप्रेस में एसी कोच, कृषि विज्ञान उगापुर आदि विकास कार्य के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज देश भर के किसान सरकार के विरुद्ध आंदोलन को बाध्य हो रहे हैं। जार्ज साहब द्वारा हिमकिम की 1983 में स्थापना किया गया था।

जॉर्ज साहब ने भारत के राजनीतिक नेतृत्व का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधित्व किया। निडर, ईमानदार और दूरदर्शी थे। जॉर्ज फर्नांडिस राज्यसभा और लोकसभा के सदस्य भी रहे। उन्होने समता पार्टी की स्थापना की थी। रक्षा मंत्री के अलावा वे उद्योगमंत्री, रेलमंत्री आदि पद पर अपने कर्तव्ययो का ढंग से निर्वहन किया। श्रद्धांजलि सभा में बदरे आलम, रेहान नवाज, दानिश सिद्दीकी, गुलाम अली, छेदी गौरी, शहनवाज अहमद, कयामुद्दीन, याकूब, मुश्ताक, सिद्दीक, समसाद अहमद, रइस आदि शामिल रहे।

पीएम ने की मन की बात, रेडियो पर सुनने के लिए जुटे ग्रामीण

गोपीगंज। पीएम मोदी ने रविवार को साल के पहले 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देश के लोगों को संबोधित किया। इस रेडियो कार्यक्रम में पीएम मोदी ने देश के लोगों से प्रतिष्ठित 'पद्म पुरस्कार' से नवाजे गए लोगों के बारे में पढ़ने और जानने का अनुरोध किया। पढ़े 'मन की बात' में पीएम मोदी के संबोधन से जुड़ी 10 बड़ी बातों में चित्रकारों, संगीतकारों, किसानों, कारीगरों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। रविवार को सरई पठखानी गांव में भाजपा जिला अध्यक्ष विनय, नवीन, रवी शंकर आदि भाजपा जनों के बीच गांव के शिवबालक, धुरी, मूलचंद, रजिंदर, रामजीत, सुजीत सहित भारी संख्या में गांव के लोगों ने पीएम मोदी के मन की बात को सुना और सराहना किया। पीएम ने कहा, 'आदिवासी जीवन शहर के जीवन से अलग है, इसकी अपनी चुनौतियां हैं। इन सबके बावजूद आदिवासी समाज अपनी परंपराओं को बनाए रखने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। कहा कि 26 जनवरी की परेड के दौरान कर्तव्य पथ का निर्माण करने वाले श्रमिकों को देखकर बहुत अच्छा लगा।

कलर बेल्ट परीक्षा व प्रमाण पत्र वितरण का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

सरायख्वाजा। ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा कलर बेल्ट परीक्षा एवं प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन रविवार को जेएमडी मेमोरियल स्कूल परमानतपुर में किया गया।

इस मौके पर टीडी कॉलेज के उपाध्यक्ष एवं जौनपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष दुष्यंत सिंह, सचिव अरविंद सिंह, प्रबंधक शिवाली सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कन्नौजिया, सह सचिव अमन दबगरवाल, प्रशिक्षक संजय पाल उपस्थित रहे। छात्रों ने सुबह 9 बजे से 11 बजे तक अलग-अलग पाली में कलर बेल्ट की परीक्षा दी, जिसमें 52 छात्र उपस्थित रहे। परीक्षा का मुख्य निरीक्षण अरविंद ने एवं मार्किंग अमन दबगरवाल ने किया। अतिथिगण एवं जौनपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के सदस्यों ने कार्यक्रम को अंतिम रूप रेखा देते हुए खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

शाश्वत परमात्मा के साथ नाता जोड़ने से ही जीवन खुशहाल : सत्गुरु माता

जौनपुर। शाश्वत परमात्मा के साथ नाता जोड़ने से ही जीवन खुशहाल बन सकता है। उक्त उद्गार मड़ियाहूं पड़ाव स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन के प्रांगण में उपस्थित विशाल संत समूह को सम्बोधित करते हुए महात्मा श्याम लाल (संयोजक) ने महाराष्ट्र के 56वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज के पावन संदेशों को बताया। यह तीन दिवसीय समागम औरंगाबाद के बिडकीन डीएम आयसी के विशाल मैदानों में आयोजित किया गया है जिसमें देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों एवं जनसाधारण ने भाग लिया।

जौनपुर जनपद से भी हजारों की संख्या में निरंकारी संत महात्मा पहुचें। सत्गुरु माता ने प्रतिपादन किया कि जीवन में जब किसी वस्तु का अभाव होता है तो उसकी प्राप्ति की हमें आस होती है। जब वह वस्तु प्राप्त हो जाती है तो कुछ समय के लिए हमें खुशी भी मिलती है अपितु वह खुशी हमारे जीवन में निरंतर नहीं रह पाती क्योंकि ये भौतिक वस्तुएं परिवर्तनशील एवं नाशवान होती है। इन संसारिक खुशीयों से ऊपर एक आनंद की अवस्था होती है जो केवल आनंद रूप एवं अविनाशी परमात्मा से इकमिक होने पर मिल पाती है।

सत्गुरु माता ने आगे कहा कि परमात्मा एक ऐसी सच्चाई है जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। परमात्मा जीवन में हर समय निरंतर बना रहता है न वह घटता है न बढ़ता है। न यह जलता है न कटता है। यह किसी आकार के साथ बंधा हुआ नहीं है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक - सुभाष राय
स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुम्भ आज से प्रारंभ

भदोही। महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी सुरियावां भदोही में तेजधर ब्रम्हबाबा खेल समिति के तत्वावधान में चल रहे राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता चार दिन बंद रहने के बाद पुनः सोमवार से प्रारंभ होने जा रहा है। उक्त मैदान पर 15 जनवरी से ही महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुम्भ चालू है। 25 जनवरी को तेज वारिश होने से चार दिनों के लिए मैच रोकना पड़ा था। जिससे 29 जनवरी को होने वाला फाइनल अब पांच फरवरी को होगा। अभी कुल सात मैच होने बाकी हैं इसलिए प्रत्येक दिन एक ही मैच खेला जाएगा। उपरोक्त जानकारी खेल समिति के मीडिया प्रभारी राजमणि ने दी है।

विद्युत वसूली में तेजी लाने का दिया निर्देश

सुरियावां। अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार ने सुरियावा विद्युत उपखंड का निरीक्षण किया तथा विद्युत बिल में वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि मंडल भदोही के लक्ष्य 22 करोड़ के सापेक्ष में मात्र 5 करोड़ 42 लाख की वसूली की गई है जो बहुत ही खराब स्थिति है। उन्होंने निर्देशित किया कि बकायेदारों से वसूली कड़ाई के साथ करें और यदि नहीं दे पा रहे हैं तो विद्युत विच्छेदन कर दिया जाए।

ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन में गीत गजलों से महक उठी महफिल

जौनपुर। नगर के मोहल्ला रिजवी खां शाही अटाला मस्जिद के पीछे अदब कल्चर एंड वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में डॉ. मलिक जादा मंजूर अहमद व अजीज रब्बानी अजीज जौनपुरी की याद में शनिवार की रात एक ऑल इंडिया मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रदेश-देश के प्रसिद्ध कवियों व शायरों ने शिरकत करके सर्द रात में अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया और दाद देने पर मजबूर कर दिया और खूब तालियां बटोरी।

मुशायरे की शुरूआत मोहम्मद तारिक सिद्दीकी अध्यक्ष ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस उत्तर प्रदेश पूर्वी ने रिबन काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रेहान अख़्तर कासमी असिस्टेंट प्रोफेसर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ने किया। अतिथियों के रूप में रमेश सिंह विधायक शाहगंज, विद्यासागर सोनकर एमएलसी पूर्व मंत्री, बृजेश सिंह प्रिंसू एमएलसी, दिनेश टंडन पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सलीम खान बसपा नेता उपस्थित रहे। संचालन मजहर आसिफ ने किया। कार्यक्रम में ताहिर फराज, अना देहल्वी, अजहर इकबाल, शहजादा कलीम, चाँदनी शबनम, उस्मान मीनाई, जमुना प्रसाद उपाध्याय, बिहारी लाल अम्बर, हलचल टांडवी, अकरम जौनपुरी, विभा तिवारी, सरवर कमाल, शकील मुबारकपुरी, मुजफ्फर आरवी आदि कवियों ने कलाम पेश किया। अंत में अदब कल्चर एन्ड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सईद हाशमी ने सभी अतिथियों व सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर डॉ. शकील अहमद, शाहनवाज मंजूर, आरिफ खान, इंजीनियर कासिम मुस्तफा, विजय प्रकाश, अनवारूल हक गुड्डु, सैय्यद मसूद, निखिलेश सिंह, जगदीश मौर्य गप्पू, राज सिद्दीकी, एजाज शीराजी, इश्तेयाक अहमद, इम्तियाज नदवी समेत भारी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

कवि सम्मेलन में एमएलसी विद्यासागर सोनकर को सम्मानित करते लोग

आजादी के आंदोलन का दस्तावेज है डॉ. भगवान दास पुस्तकालय

पुस्तकालय में दिव्यांगों के लिए बनेगा लैब

राघवेन्द्र केशरी

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ परिसर में स्थित डॉ. भगवानदास केंद्रीय पुस्तकालय भवन में जल्द ही दिव्यांगों के अध्ययन अध्यापन के लिए एक लैब का निर्माण होगा। इसके लिए कवायद शुरू हो गई है। इसके साथ ही ई-लाइब्रेरी के साथ पूरे पुस्तकालय परिसर को 100 फीसदी ऑटोमेशन किया जाना है। जिससे आने वाले दिनों में पेपर लेस पंजीकरण प्रक्रिया के साथ विद्यार्थियों और अध्यापकों सहित कर्मचारियों को पुस्तकें मुहैया कराई जा सकेंगी। उक्त बातें पुस्तकालयाध्यक्ष शिवराम वर्मा ने जनसंदेश को एक खास मुलाकात के दौरान बताई।

पुस्तकालयाध्यक्ष शिवराम वर्मा

उन्होंने बताया कि पुस्तकाल में सामान्य छात्रों के साथ दिव्यांगों के लिए भी सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही डॉ. भगवानदास की जीवनी और उनके आदर्शों को प्रेरणा के रूप में लोगों तक पहुंचाने के लिए एक गैलरी का भी निर्माण कराया जाएगा। जिससे आने वाले दिनों में लोग डॉ. भगवान दास के योगदान और उनकी शिक्षा के साथ उनके ज्ञान व जीवनशैली का अध्ययन कर सकेंगे। पुस्तकालय भवन के परिसर में भगवान दास की प्रतिमा भी बनाई गई है। जिसका लोकार्पण भी जल्द कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि छात्रों की शिक्षा और व्यापक करना हमारा लक्ष्य है। ऑनलाइन और ई लाइब्रेरी की व्यवस्था इसीलिए की गई है। वर्तमान में लगभग 4000 ई-बुक उपलब्ध हैं। जिसका छात्र लाभ उठा रहे हैं। इसके अलावा पुस्तकालय में 50 कंप्यूटर से लैस लैब की भी व्यवस्था, एक स्वयं प्रभा कक्ष जिसमें ऑनलाइन टेलिकास्टिंग सेवा की व्यवस्था है। काशी विद्यापीठ परिसर में मौजूद इस पुस्तकालय से विश्वविद्यालय के वर्तमान में 10 से 12 हजार छात्र लाभान्वित हो रहे हैं। इनमें स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध सहित डिप्लोमा आदि के छात्र भी शामिल हैं। इनके साथ ही विश्वविद्यालय के अध्यापक और कर्मचारियों को भी पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं।

एक पृथक बुक बैंक की होगी स्थापना

रुसा योजना के अंतर्गत डॉ. भगवानदास पुस्तकालय केंद्र में एक पृथक बुक बैंक की स्थापना होगी। इसके लिए कुलपति ने भी स्थान दे दिया है। जिसके जल्द ही शुरू होने की उम्मीद है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इसकी तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

12 हजार पांडुलिपियों का संग्रह मौजूद

काशी विद्यापीठ के डॉ. भगवानदास केंद्रीय पुस्तकालय भवन में वर्तमान में तमाम विषयों की लगभग 30 लाख से भी ज्यादा पुस्तकों के साथ 12 हजार पांडुलिपियां भी मौजूद हैं। जिन्हें विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सहेज कर रखा गया है।

आजादी से पूर्व के समाचार पत्रों का संग्रह

काशी विद्यापीठ की धरती पूर्व से ही क्रांतिकारियों की धरती कही जाती रही है। विश्वविद्यालय के डॉ. भगवानदास केंद्रीय पुस्तकालय भवन में आजादी के पूर्व के समाचार पत्रों का संग्रह आज भी मौजूद है। जिसमें 1912 से 1939 तक के समाचार पत्र सहेज कर रखें गए हैं।

स्वाध्याय पीठ में पुस्तकों का अध्ययन करते थे क्रांतिकारी

आजादी से पूर्व 1921 में जब विश्वविद्यालय की स्थापना हुई थी तभी से पुस्तकालय अस्तित्व में है। पहले इसे पहले इसे डॉ. भगवानदास स्वाध्याय पीठ के नाम से जाना जाता था। जिसमें देश की आजादी में लगे क्रांतिकारियों और नेताओं द्वारा पुस्तकों का अध्ययन किया जाता रहा। आजादी मिलने के बाद इसका नाम परिवर्तित कर डॉ. भगवानदास केंद्रीय पुस्तकाय रख दिया गया।

पुस्तक वितरण की संख्या तय

डॉ. भगवानदास केंद्रीय पुस्तकालय से अध्यापकों, कर्मचारियों और छात्रों को पुस्तक वितरण करने के लिए संख्या निर्धारित की गई है। इनमें सभी पाठ्यक्रमों के छात्रों के लिए एक बार में तीन पुस्तकें वितरित करने और अध्यापकों को एक बार में 10 पुस्तकें वितरित करने की व्यवस्था की गई है।

सभी के लिए कक्षों की संख्या निर्धारित

पुस्तकालय भवन में बैठकर अध्ययन और अध्यापन करने वाले छात्रों, अध्यापकों व कर्मचारियों के लिए कक्ष निर्धारित किए गए हैं। जिनमें अध्यापकों के लिए दो कक्ष और छात्रों के लिए कुल तीन कक्ष निर्धारित हैं। कुल मिलाकर भवन में कुल पांच कक्ष निर्धारित किए गए हैं।

महंगाई के अनुसार तय हो भत्ता, आयकर में मिले छूट

जनसंदेश न्यूज

बोले राज्य कर्मचारी

आगामी आम बजट को लेकर प्रदेश सरकार के कर्मचारियों ने लगायी हैं तमाम उम्मीदें

कहा : डेढ़ साल से फ्रीज डीए का भुगतान हो, टीए मिले, लागू की जाय पुरानी पेंशन

वाराणसी। आगामी आम बजट को लेकर राज्य कर्मचारियों में भी उत्सुकता है। उन्हें उम्मीद है कि इस बार कर्मचारियों को कई स्तर पर होने वाली कटौतियों में राहत मिले तो लगातार बढ़ रहे महंगाई के इस दौर में उन्हें घर-परिवार का खर्च चलाने में आसानी हो। वह चाहते हैं कि करीब डेढ़ साल से फ्रीज डीए का भुगतान हो। आयकर के तय स्लैब की निर्धारित सीमा बढ़े। राजनेताओं के वेतन से भी इनकम टैक्स लिया जाय। पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू हो। महंगाई भत्ता मिले। केंद्रीय कर्मचारियों की तर्ज पर यात्रा भत्ता की व्यवस्था रहे।

राज्य कर्मचारी सुधीर श्रीवास्तव कहते हैं कि 10-15 साल की सेवा पूर्ण करने वाला कर्मचारी एक से दो माह तक का वेतन इनकम टैक्स में दे देता है। कर्मचारियों में अभी से इस बात को लेकर तनाव है कि आगामी फरवरी-मार्च की सैलरी आय में चली जाएगी। ऐसे में घर का खर्च कैसे चलेगा। सरकार आयकर के स्लैब में निर्धारित सीमा बढ़ाए तो कर्मचारियों को उसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। जीपीएफ की ब्याज दर में बढ़ोतरी होनी चाहिए। कोरोना काल से अबतक फ्रीज डीए का भुगतान किया जाय।

सुधीर

आनंद

संजय श्रीवास्तव

अभिषेक

प्रणव

पंकज

नवीन

राजेश्वर

आनंद सिंह ने कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण रसोई गैस के रेट में कमी की पहल करें। राज्य कर्मचारियों में तमाम लोग किसान परिवार से भी हैं, इसलिए कृषि क्षेत्र में विभिन्न खरीद पर कृषक से जीएसटी वसूला न जाय। संजय श्रीवास्तव ने बताया कि कर्मचारियों को इनकम टैक्स में राहत मिले। भविष्य को लेकर चिंतित कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था दोबारा लागू करने की जरूरत है। जनप्रतिनिधियों को बी टैक्स में दायरे में लाया जाय। वेतन आयोग का गठन हो। अभिषेक राय के मुताबिक आयकर में छूट मिलना चाहिए। प्रणव भट्टाचार्य ने कहा कि वर्तमान की महंगाई को देखते हुए उसी के अनुसार सरकार महंगाई भत्ता तय करे। इसके अतिरिक्त जिस प्रकार केंद्रीय कर्मचारियों को किराया भत्ता दिया जाता है उसकी तरह राज्य कर्मचारियों को 15 फीसदी की दर से टीए निर्धारित किया जाय।

पंकज श्रीवास्तव के अनुसार महंगाई पर अंकुश लगाने के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को लगातार आठ प्रतिशत से ऊपर ले जाने के उपायों की तरफ ध्यान देने की जरूरत है। नवीन कुमार सिंह ने कहा कि आयकर प्रणाली को सुसंगत बनाना चाहिए जिससे कर्मचारी लाभांवित हों। शिक्षा का बजट बढ़ाने और पुरानी पेंशन व्यवस्था पुनः लागू करने पर ध्यान दिया जाय।

सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारी राजेश्वर पांडेय ने पेंशन को आयकर से मुक्त करने समेत वरिष्ठ नागरिकों के इनकम टैक्स में पांच लाख का स्लैब तय करने और रेल भाड़े में पहले की ही तरह छूट देने की मांग की।

वायदा पूरा किया नहीं सुविधाएं भी लीं छीन

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

वाराणसी। एक फरवरी को 2023 को आम बजट पेश होने वाला है, इसी बजट में रेल बजट भी सरकार की ओर से पेश कर दिया जायेगा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष के बजट से कुलियों को काफी उम्मीदें हैं, लेकिन अगर इस वर्ष भी इस बजट में उनके लिए कुछ नहीं मिला तो उनके हाथ एक बार फिर निराशा हाथ लगेगी।

केदार यादव (अध्यक्ष, कुली संघ)

जितेंद्र यादव

लाल बाबू

अनवर खां

इंद्रजीत यादव

रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों में यात्रियों के लगेज के उतार चढ़ाव के कुलियों की आवश्यता होना स्वाभाविक है, अगर एक दिन भी कुली हड़ताल कर दें तो यात्रियों को लगेज के साथ ट्रेनों तक पहुंचने व ट्रेनों से बाहर तक आने में जिस समस्या का सामना करना पड़ेगा वह वहीं यात्री बता पायेगा। बावजूद इसके कुलियों को स्टेशनों पर कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कुलियों को रेलवे स्टेशन पर विश्रामगृह की कमी और उचित देखभाल न होने जैसी दिक्कतें आती हैं, साल भर का पारिवारिक रेलवे पास न होना, किसी तरह की बीमा योजना का न होना, किसी दुर्घटना या मृत्यु के बाद रेलवे की तरफ से कुली के परिवार को कोई मदद न मिलना जैसी परेशानियां भी उन्हें झेलनी पड़ती हैं।

कैंट रेलवे स्टेशन पर कुली संघ के अध्यक्ष केदार नाथ यादव बताते हैं कि वह देवरिया के रहने वाले हैं और 1982 से इस कार्य में लगे हैं, पिता के बैच को ही अपनी आजीविका का साधन मानते हुए लोगों का बोझ अपने कंधों पर उठाने के साथ अपने परिवार का भी बोझ इसी कंधे पर उठा रहें हैं। 41 साल से इस कार्य में लगे हैं लेकिन सुविधा के नाम पर कुछ नहीं हैं बताते हैं कि वर्ष 2014 के बाद सरकार ने कुलियों की सुविध के लिए जो वायदा किया था उसे पूरा नहीं किये और सुविधाएं भी छीन ली। 14 साल से इस कार्य में लगे जितेंद्र यादव भी बताते हैं कि इस कार्य के बाद अब कोई अन्य कार्य कर नहीं सकतें क्योंकि किसी भी व्यापार को शुरू करने के लिए पूंजी की जरुरत होगी जो है नहीं,बताते हैं कि अब तो अपना ही पेट पालना मुश्किल हो गया है परिवार की बात छोड़िये साहब, हेल्थ कार्ड 2014 से पूर्व बनाया गया था जिसे 2014 के बाद बंद कर दिया गया तबीयत खराब होने की स्थिति में जो बचाया है उसी में से इलाज कराना हो रहा है। लगभग 15 साल से इस कार्य में लगे लाल बाबू बताते हैं कि पिता जी से मिले बैच पर कार्य कर रहें हैं, लेकिन अब तो अपना भी खर्चा चलाना मुश्किल होता जा रहा है। बताया कि आयुष्मान कार्ड के लिए सरकार ने वायदा किया था लेकिन आज तक पूरा नहीं हुआ। अनवर खां बताते हैं कि कुली का उनका भी कार्य पुश्तैनी हैं, पिता जी के बैच पर कार्य कर रहें हैं। 2014 के बाद से ना तो वर्दी मिली ना ही कोई और सुविधा, बताते हैं कि पहले एक साल तक पास मिलता था लेकिन अब सिर्फ छह माह के लिए पास दिया जा रहा है। वह भी सिर्फ पति पत्नी को, अब आप ही बतायी साहब बच्चों को किसके घर छोड़ उस पास पर तीर्थ यात्रा करने जायेंगे। यादव बताते हैं कि उनकों भी इस कार्य में लगे 15 साल हो रहे हैं लेकिन आज तक सुविधा नहीं मिली, रहने को एक भी विश्रामालय नहीं हैं।

हर बजट से नाउम्मीदी

कुलियों ने कहा, रेल बजट को सामान्य में ही जोड़ लिया अब कैसी उम्मीद

हर बजट से उम्मीद बंधी होती है लेकिन हर बार निराशा हाथ लगती है

पास में कटौती वर्दी नहीं मिली हेल्थ कार्ड बंद आयुष्मान कार्ड नहीं बना, विश्रामालय नहीं बना जाएं तो जाएं कहां

इस बजट से उम्मीद

कुली को रेलवे कर्मचारी का दर्जा मिले, आयुष्मान कार्ड बने, हेल्थ कार्ड पूर्व की तरह मिले, एक साल का रेल पास मिले बच्चों को भी इसमें शामिल किया जाए, हर वर्ष वर्दी मिले, माल ढुलाई के भत्ते में बढ़ोत्तरी हो, प्रमोशन देकर ग्रुप डी में नौकरी, पेंशन की सुविधा, आवास की व्यवस्था मिले, इसके अलावा बच्चों को केंद्रीय विद्यालय में शिक्षा की सुविधा, मृत्यु के बाद उनके आश्रितों को रेलवे में नौकरी मिले।

अब तो पेट पालना भी मुश्किल

कुली संघ के अध्यक्ष केदार यादव बताते हैं कि पूर्व में कुल 350 कुली कैंट स्टेशन पर थे लेकिन सुविधाओं के अभाव व मंहगाई के चलते अब सिर्फ 185 कुली ही बचे हैं और वह भी उम्र के इस पड़ाव पर हैं कि कोई दूसरा कार्य कर नहीं सकते पिता की ओर से विरासत में मिले इस बैच की इज्जत बचाएं हैं। बताते हैं कि अब लोग ज्यादातर ट्रॉली वाले बैग लेकर सफर करते हैं, इससे उन्हें अगर बहुत ज्यादा सामान न हो तो कुली करने की जरूरत नहीं पड़ती, इलेक्ट्रिक सीढ़ियां लगने से पैसेंजर को तो सुविधा हो गई, पर कुली का काम कम हो गया. इससे हमारी कमाई पर असर पड़ा है।

सुरेश प्रभु ने अपने रेल बजट में कहा था...

कुल संघ के अध्यक्ष केदार यादव कहते हैं कि रेल बजट में रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने हमारे लिए कुछ बदलाव किए थे,कहा था कि अब कुली को कुली नहीं सहायक बुलाया जाएगा, वर्दी का रंग बदला जाएगा, सामान ढोने के लिए ट्रॉली दी जाएगी, लेकिन इनमें से कोई भी सुविधा नहीं मिली।

समस्त जनपदवासियों को
26 JANUARY गणतंत्र दिवस
शिवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएं
रिशु कम्प्यूटर्स
आई० टी० आई० चौराहा, पीरनगर, गाजीपुर
ऑनलाइन डाटा इन्ट्री एवं डिजिटल हस्ताक्षर बनवाने हेतु सम्पर्क करें
प्रो०-शशिकला यादव
संरक्षक-रमेश यादव, मो0-9721260800, 8423526900

गणतंत्र दिवस व शिवरात्रि के पावन
अवसर पर जनपद वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

उदयभान
उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
सैदपुर, गाजीपुर